THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

**वर्ष-27 अंक** : 168 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) **भाद्रपद शु.4** 2079 **बुधवार, 31 अगस्त 2022**

प्रधान संपादक – **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ** : 14 **मूल्य** : 8 रुपये



## एयरपोर्ट पर जब्त किए 60 जिंदा स्टार कछुए



बेंगलुरु, 30 अगस्त (एजेंसियां)। बेंगलुरु हवाई अड्डे के अधिकारियों की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने 60 जिंदा स्टार कछुओं को जब्त किया। एयरपोर्ट से जब्त किए गए इन कछुओं को सोमवार के दिन यानी 29 अगस्त को अवैध रूप से निर्यात किया जा रहा था। कछुओं को उनके प्राकृतिक आवास में पुनर्वास के लिए कर्नाटक राज्य वन विभाग को सौंप दिया गया था। आपको बता दें कि दुर्लभ प्रजाति के कछुए की दुनियाभर में काफी ज्यादा डिमांड रहती है। विदेशों में यह कुछए बहुत ऊंची कीमत पर बेचे जाते हैं, ऐसे में इनकी तस्करी एक बड़ी समस्या बन चुकी है। अक्सर एयरपोर्ट पर जानवरों की तस्करी से जुड़ी ऐसी खबरें सामने आती ही रहती है।

# बाबरी मस्जिद के विध्वंस से जुड़े सभी मामले बंद

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। छह दिसंबर 1992 को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बाबरी ढांचे को ढहाए जाने से जुड़े सभी मामले को सुप्रीम कोर्ट ने बंद कर दिया है। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने इससे जुड़ी दाखिल अवमानना याचिका को भी बंद कर दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता असलम भूरे अब इस दुनिया में नहीं हैं। साथ ही, 2019 में आए फैसले के चलते भी अब इस मामले को बनाए रखना जरूरी नहीं।



**बाबरी मस्जिद विध्वंस (1992)**

छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित बाबरी मस्जिद को गिरा दिया गया।
16वीं सदी में अयोध्या में बनी मस्जिद को कारसेवकों ने ढहा दिया।
इस मामले में फैजाबाद में दो एफआईआर दर्ज हुई।
भाजपा नेता लालकृष्ण आडवणी, उमा भारती समेत लाखों कारसेवकों के खिलाफ केस दर्ज हुआ।
इस वजह से पूरे देश में तनाव फैल गया। देशभर में हुए दंगों में दो हजार से ज्यादा लोग मारे गए।

## पंजाब के कांग्रेसियों को नसीहत

### इंचार्ज चौधरी बोले परिवार की बातें अंदर ही करें, एमएलए खैहरा ने ट्वीट कर वड़िंग को सुझाव दिया था

चंडीगढ़, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब कांग्रेस के इंचार्ज हरीश चौधरी ने कांग्रेसियों को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि परिवार की बातें अंदर ही चर्चा करनी चाहिए, यह मेरी सभी कांग्रेसियों को सलाह है। चौधरी ने पंजाब कांग्रेस में किसी तरह के मनमुटाव की बात को भी नकार दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब कांग्रेस के भीतर सब ठीक है। किसी तरह के विवाद की कोई बात नहीं है। हालांकि उनकी कांग्रेसियों को नसीहत सीधे तौर पर एमएलए सुखपाल खैहरा के ट्वीट कर प्रधान राजा वड़िंग को सुझाव देने से जुड़ा हुआ माना जा रहा है। एमएलए सुखपाल खैहरा को नोटिस के सवाल पर हरीश चौधरी ने गोलमोल जवाब दिया। चौधरी ने कहा कि मैंने कोई नोटिस दिया है, यह आप बता रहे हो। अगर नोटिस की कॉपी मिल जाए तो धन्य हो जाऊंगा। खैहरा ने ट्वीट के जरिए प्रधान राजा वड़िंग को सलाह दी थी कि पूर्व मंत्री आशू के सपोर्ट में पूरी पार्टी की एनर्जी बर्बाद न करें।

# बिलकिस बानो के दोषियों की रिहाई पर बोले शरद पवार

## इससे ज्यादा चिंता की बात दूसरी नहीं सुनी

मुंबई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। एनसीपी के मुखिया शरद पवार ने बिलकिस बानो से गैंगरेप के दोषियों को जेल से रिहा किए जाने पर पहली बार सवाल उठाया है। लंबे समय से मीडिया से दूरी रख रहे शरद पवार ने सोमवार को कहा कि बिलकिस बानो से गैंगरेप करने वालों को रिहा करना गलत है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वक्त में यह सबसे बड़ी चिंता वाली बात है। उन्होंने कहा कि इन लोगों की रिहाई और फिर सम्मान किया जाना, खुद पीएम नरेंद्र मोदी के स्टैंड से अलग है। 15 अगस्त को बिलकिस बानो से गैंगरेप के 11 दोषियों को जेल से



रिहा कर दिया गया था, जो उम्रकैद की सजा काट रहे थे। गुजरात सरकार के इस फैसले का देश भर में विरोध हो रहा है और सुप्रीम कोर्ट में भी इसके खिलाफ अर्जी दाखिल की गई है। शरद रवार ने कहा, 'हर कोई जानता है कि बिलकिस बानो केस में गुजरात में क्या हुआ था। यह मामला शर्मनाक और जघन्य था। इसीलिए दोषियों को उम्रकैद की सजा दी गई थी। लेकिन गुजरात की सरकार ने उन्हें रिहा करने का फैसला लिया। यही नहीं जेल से निकलने पर दोषियों को सम्मानित भी किया गया। पीएम मोदी ने लालकिले से कहा था कि महिलाओं का सम्मान होना चाहिए। लेकिन उनसे ताल्लुक रखने वाले गुजरात में ही ऐसे दोषियों को रिहा करने का फैसला लिया गया। वहां भाजपा की ही सरकार है। यह फैसला बेहद शर्मनाक है।'

### तीस्ता सीतलवाड़ पर भी बोले शरद पवार

मराठा नेता ने कहा कि भाजपा जो कहती है और जमीन पर जो करती है, उसके बीच हमेशा बड़ा अंतर रहता है। यही नहीं शरद पवार ने तीस्ता सीतलवाड़ को जेल में रखने पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह तो अन्याय करने जैसा है। शरद पवार ने कहा, 'लोकतंत्र में सभी को अपने मन की बात कहने का अधिकार है। तीस्ता सीतलवाड़ ने कई साल पहले जो बातें कही थीं, उसके आधार पर उसे परेशान किया जा रहा है और जेल में रखा गया है। इसके अलावा सरकार यह कोशिश भी कर रही है कि वह जेल से बाहर न आने पाए।'

### दूसरे दलों में फूट डालकर भाजपा बना रही अपनी सरकार



उन्होंने कहा कि भाजपा के पास जिन राज्यों में जनाधार नहीं होता है, वहां भी वह सत्ता में बने रहना चाहती है। कर्नाटक, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में उन्होंने ऐसा ही किया। दूसरे दलों में फूट डाली और फिर अपनी सरकार बना ली। ऐसा तब हुआ, जब जनता की ओर से उन्हें जनादेश ही नहीं मिला था।

## दिल दहला देने वाला है दुमका की लड़की की हत्या का मामला

## प्रियंका गांधी बोलीं- मिलनी चाहिए सख्त सजा

रांची, 30 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के दुमका में हुई एक मासूम लड़की की हत्या का मामला सामने आने के बाद से ही लोगों में रोष है। इस मामले में राजनीति भी लगातार तेज होती नजर आ रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी इस मामले को लेकर ट्वीट किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में 12वीं में पढ़ने वाली एक लड़की की निर्मम हत्या की घटना दिल दहलाने वाली है। अपराधियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा, अपराध की रोकथाम और न्याय के लिए जरुरी है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं में सख्त और जल्द कानूनी प्रक्रिया



पूरी की जाए। प्रियंका ने इस घटना को दिल दहला देने वाला बताया है और आरोपी को कड़ी सजा देने की भी मांग की है।

### झारखंड में मानवता को शर्मसार करने का मामला

झारखंड के दुमका जिले में एक लड़की को एकतरफा प्यार के चक्कर में जलाकर मार दिया गया। 22 अगस्त की शाहरुख नाम के एक सिरफिरे लड़के ने अंकिता को फोन पर जान से मारने की धमकी दी और अगले ही दिन यानी 23 अगस्त को सुबह पांच बजे जब घर के सभी लोग सो रहे थे तभी उसने कमरे में अकेले सो रही अंकिता पर खिड़की से पेट्रोल छिड़का और उसके बाद आग लगा दी। पांच दिनों तक अंकिता ने अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ी और छठे दिन उसकी मौत हो गई। बीते दिन यानी सोमवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मामले को लेकर विपक्ष लगातार राज्य सरकार पर लापरवाही का आरोप लगा रहा है। उनका कहना है कि जब अंकिता के साथ यह सब हुआ तक सभी नेता पिकनिक कर रहे थे।

## मुस्लिमों में बहुविवाह और निकाह हलाला के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई जल्द



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मुस्लिमों में बहुविवाह और निकाह हलाला के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने केंद्र, एनसीडब्ल्यू, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग और एनएचआरसी से जवाब मांगा है। सभी पक्षों से जवाब मिलने के बाद इस मामले की सुनवाई दशहरे के बाद की जाएगी। ऐसे में माना जा रहा है कि पांच जजों के संविधान पीठ इस मामले की सुनवाई अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में कर सकती है। बता दें कि बहुविवाह और निकाह हलाला के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दर्ज की गई है। बता दें कि निकाह हलाला एक इस्लामिक रस्म है। इसके मुताबिक अगर कोई आदमी किसी औरत को तलाक दे देता है, लेकिन अगर किसी वजह से औरत को फिर उसी आदमी से शादी करनी पड़ती है। तो ऐसे में उसे हलाला के नियम मानने पड़ते हैं। शरिया के मुताबिक, उसी आदमी से फिर शादी करने से पहले औरत को पहले किसी दूसरे शख्स से शादी करनी होगी। इसके बाद उसे अपने दूसरे पति से उस औरत को तलाक लेना होगा। उसके बाद वो अपने पहले पति से शादी कर सकती है। ये दूसरी शादी भले ही सिर्फ एक दिन की हो लेकिन आदमी और औरत को तलाक से पहले शारीरिक सम्बन्ध बनाना भी जरूरी है।

## पाक में 8 साल की हिंदू बच्ची के साथ दरिंदगी

### गैंगरेप के बाद आंखें नोंची, ज्यादा खून बहने की वजह से हालत गंभीर

कराची, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले की खबरें सामने आती हैं। इस बार एक 8 साल की हिंदू बच्ची यहां दरिंदगी का शिकार हुई है। सिंध प्रांत में इस मासूम हिंदू बच्ची के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपियों ने बच्ची के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं और गैंगरेप करने के बाद उसकी आंखें नोंच लीं। हैदराबाद के एक सरकारी हॉस्पिटल में बच्ची जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। पीड़ित बच्ची भील समुदाय की बताई जा रही है और उसे आरोपी 28 अगस्त को उठा ले गए थे। दरिंदों ने बच्ची के चेहरे को भी बुरी तरह खरोंचा है। इस घटना के बारे में उस वक्त पता लगा, जब एक हिंदू मानवाधिकार कार्यकर्ता ने बच्ची का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। इस वीडियो में दिखाई दे रहा है कि पीड़ित बच्ची एक स्ट्रेचर पर है और उसके माता-पिता भी उसके साथ हैं। ये मामला पाकिस्तान के सिंध प्रांत के उमरकोट शहर का है। बच्ची के साथ इस हद तक दरिंदगी हुई है कि उसके प्राइवेट एरिया से लगातार खून बह रहा था।

## मुस्लिम महिला से रचाई शादी

### पत्नी व साले ने जबरन खिलाया गौमांस, युवक ने की आत्महत्या

अहमदाबाद, 30 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत में कुछ महीने पहले युवक द्वारा की गई आत्महत्या मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मृतक रोहित सिंह की मां ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाया गया और उसे जबरन गौमांस खिला दिया गया। इससे आहत होकर रोहित सिंह ने आत्महत्या कर ली। एसीपी-बी डिवीजन जेटी सोनारा ने बताया कि रोहित की मां वीणा देवी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया और नए सिरे से जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, रोहित सिंह और सोनम अली एक मिल में साथ में काम करते थे। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और प्यार हो गया। रोहित ने जब यह बात परिवारवालों को बताई, तो वह इस शादी के खिलाफ थे। घर वालों की नाराजगी के बाद भी रोहित ने सोनम अली से शादी कर ली और अलग रहने लगा। इसके बाद रोहित के परिजनों से उससे नाता तोड़ दिया और किसी भी प्रकार का संपर्क रखना भी बंद कर दिया। पत्नी सोनम अली और भाई मुख्तार अली द्वारा जबरन गौमांस खिलाए जाने और जान से मारने की धमकी देने के बाद रोहित सिंह ने 27 जून को आत्महत्या कर ली थी। उसका शव दुपट्टे से पंखे से लटका पाया गया था। इसके बाद सोनम और उसके परिवारवालों ने रोहित सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया और इसकी जानकारी भी मृतक के परिवार को नहीं दी। आत्महत्या करने से पहले रोहित सिंह ने फेसबुक पर एक पोस्ट किया था। उसने लिखा था कि उसकी पत्नी और उसके भाई ने गौमांस न खाने पर जान से मारने की धमकी दी थी और उसे यह कदम उठाने के लिए मजबूर किया।

## कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने पर शशि थरूर ने साधी चुप्पी, कहा- इलेक्शन पार्टी के लिए जरूरी

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी का अगला अध्यक्ष कौन होगा इसको लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। वैसे राहुल गांधी रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। लेकिन दूसरे बड़े नेताओं के नाम पर भी चर्चा होने लगी है। कहा जा रहा है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर कांग्रेस अध्यक्ष के पद का चुनाव लड़ने की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

हालांकि, अभी उन्होंने इस पर अंतिम फैसला नहीं किया है। चुनावी मैदान में उतरने के सवाल पर उन्होंने चुप्पी साध ली। उन्होंने चुनाव लड़ने के सवाल पर कुछ भी नहीं कहा। लेकिन उन्होंने ये जरूर कहा कि पार्टी के लिए चुनाव अच्छा रहेगा। दरअसल उनके चुनाव लड़ने को लेकर अटकलें इसलिए लगाई जा रही हैं क्योंकि उन्होंने मलयालम दैनिक अखबार



मातृभूमि में एक लेख लिखा है, जिसमें उन्होंने 'स्वतंत्र एवं निष्पक्ष' चुनाव कराने का आह्वान किया है। इस लेख में उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की दर्जन भर सीटों के लिए भी पार्टी को चुनाव की घोषणा करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को 2020 में पत्र लिखकर संगठनात्मक सुधारों की मांग करने वाले 23 नेताओं के समूह में शामिल रहे थरूर ने कहा, 'एआईसीसी तथा पीसीसी प्रतिनिधियों से लिए पार्टी के सदस्यों को यह फैसला लेने देने कि इन अहम पदों पर पार्टी का नेतृत्व कौन करेगा, इससे आने वाले नेताओं के समूह को वैध बनाने तथा पार्टी का नेतृत्व करने के लिए उन्हें विश्वसनीय जनादेश देने में मदद मिलेगी।

'तिरुवनंतपुरम से सांसद ने कहा, 'फिर भी एक नए अध्यक्ष का चुनाव करना पुनरुद्धार की ओर एक शुरुआत है, जिसकी कांग्रेस को सख्त जरूरत है। मैं उम्मीद करता हूं कि चुनाव के लिए कई उम्मीदवार सामने आएंगे। पार्टी तथा देश के लिए अपने विचारों को सामने रखना निश्चित तौर पर जनहित को जगाएगा।' थरूर ने कहा कि हालांकि, पार्टी को पूरी तरह से पुनर्जीवित करने की जरूरत है लेकिन नेतृत्व के जिस पद को तत्काल भरने की जरूरत है वह स्वाभाविक रूप से कांग्रेस अध्यक्ष का पद है।

## लाउड म्यूजिक के लिए एलेक्सा पर नहीं मढ़ सकते दोष

### होटल मालिक को भरना होगा जुर्माना: बॉम्बे हाई कोर्ट

मुंबई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने एलेक्सा से जुड़े मामले में होटल मालिकों की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया है। दरअसल, गोवा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ध्वनि प्रदूषण मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। मालिकों ने इसे रद्द की करने की मांग की थी। अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया और याचिकाकर्ताओं पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। विला कैलंगुट रिजार्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और याचिकाकर्ता डेक्सटर सावियो डी सूजा हैं। उन्होंने गोवा में बॉम्बे हाई कोर्ट के समक्ष याचिका दायर कर दावा किया कि उन्हें जारी कारण बताओ नोटिस गलत है। उनका कहना था कि वह ध्वनि प्रदूषण मानदंडों का उल्लंघन नहीं कर रहे थे, बल्कि म्यूजिक एलेक्सा के जरिए बजाया जा रहा था। एलेक्सा अमेजन की ओर से दी जाने वाली ऑटोमैटेड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस असिसटेंट सर्विस है। जस्टिस एम एस सोनक और आर एन लद्दा की बॉम्बे हाई कोर्ट की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की।

पीठ अपने फैसले में कहा, 'म्यूजिक एलेक्सा प्ले कर रहा था या फिर रिसॉर्ट में कोई मेहमान संगीत बजा रहा था।।। इस तरह का बचाव मजबूत नहीं है। हमें यकीन है कि अथॉरिटी की ओर से इसका समाधान किया जाएगा जिसने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बेंच ने कहा, 'प्रथम दृष्टया हमें लगता है कि याचिकाकर्ता अपने मेहमानों या एलेक्सा को दोष नहीं दे सकता है। अगर इस तरह के बचाव को बरकरार रखा गया तो अधिकारियों के लिए ध्वनि प्रदूषण नियमों को लागू करना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

## भाजपा नेत्री पर नौकरानी का आरोप

### कई दिनों तक कमरे में बंद रखा, लोहे की रॉड से दांत तोड़ दिए; गर्म तवे से दागा



रांची, 30 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में भाजपा की महिला नेता और पूर्व आईएएस अधिकारी महेश्वर पात्रा की पत्नी सीमा पात्रा ने क्रूरता की सभी हदें पार कर दी। उन पर उनकी नौकरानी ने सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। नौकरानी सुनीता ने बताया कि सीमा पात्रा ने उन्हें कई दिनों तक भूखा-प्यासा कमरे में बंद रखा। लोहे की रॉड मारकर उसके दांत तक तोड़ दिए। इतने से भी उनका जी नहीं भरा तो उन्होंने गर्म तवे से शरीर के कई हिस्सों में दागा, जिसके निशान अभी भी हैं। नौकरानी को पुलिस ने 22 अगस्त को भाजपा नेत्री के रांची के अशोकनगर स्थित आवास से मुक्त कराया। इसके बाद उसे रिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि जब उसे यहां लाया गया था, तब वह बहुत कमजोर थी।

धीरे-धीरे उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है। नौकरानी सुनीता ने बताया, अगर आज वह जिंदा है तो मैडम के बेटे आयुष्मान की वजह से। उसने बताया कि आयुष्मान उसे हर बार मारपीट से बचाता था। सुनीता ने आरोप लगाया कि खाना न दिए जाने के कारण वह काफी कमजोर हो गई थी, यहां तक कि उससे खड़ा तक नहीं हुआ जाता था। इसके बावजूद सीमा पात्रा उससे घर के काम करवाती थी। काम न करने पर बुरी तरह मारपीट करती थी। इस मामले में पुलिस ने बताया कि नौकरानी सुनीता के ठीक होने के बाद उसे अदालत के सामने पेश किया जाएगा। बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। सुनीता पर हो रहे जुल्म की जानकारी किसी तरह कार्मिक विभाग के अफसर विवेक बास्की को मिली। इसके बाद उन्होंने डीसी राहुल कुमार सिन्हा के पास शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मैजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सुनीता को मुक्त कराया। वहीं विवेक बास्की की शिकायत पर मामला दर्ज कर किया है।

हालांकि, इस मामले में अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। भाजपा नेत्री पर सनसनीखेज आरोप के बाद कांग्रेस विधायक दीपिका सिंह पांडे ने भाजपा को घेरा है। उन्होंने ट्वीट कर लिया है कि लानत है आपकी नेता सीमा पात्रा पर, जिसने एक महिला को बंधक बनाकर उसके साथ क्रूरता की सभी हदें पार कर दीं। कहां हैं स्मृति ईरानी, क्यों सोया है भाजपा का महिला मोर्चा। उतरिए सड़क पर और सख्त सजा की मांग करिए।

## 'टीएमसी नेता को छोड़ दो नहीं तो ड्रग्स केस में फंसा देंगे'

### सीबीआई जज को धमकी देने वाला वकील गिरफ्तार



आसनसोल, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के आसनसोल सीबीआई कोर्ट के न्यायाधीश राजेश चक्रवर्ती को धमकी भरा पत्र देने के आरोप में एक वकील सुदीप्त रॉय को गिरफ्तार किया गया है। वकील ने ममता के करीबी और टीएमसी के कद्दावर नेता अनुब्रत मंडल को जमानत देने की मांग की थी। वकील ने धमकी भरे पत्र में कहा कि अगर ममता बनर्जी के करीबी अनुब्रत मंडल को जमानत नहीं दी गई तो जज और उसके परिवार को एनडीपीएस मामले में फंसा दिया जाएगा। बता दें कि एनडीपीएस का मामला नशीले पदार्थों के सेवन करने, इसे बनाने, खरीद-बिक्री करने के खिलाफ लगाया जाता है। उसे नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 कहते हैं। इसे शॉर्ट में एनडीपीएस एक्ट कहा जाता है। पशु तस्करी मामले में सीबीआई ने अनुब्रत मंडल को 11 अगस्त को गिरफ्तार किया था। उसके बाद अनुब्रत को आसनसोल की सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की रिमांड पर भेजा गया था। अनुब्रत को फिर 24 अगस्त को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले कैप्टन अमरिंदर सिंह

## राष्ट्रीय सुरक्षा व पंजाब के मुद्दों पर चर्चा



चंडीगढ़, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब लोक कांग्रेस के संस्थापक कैप्टन अमरिंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उनके बेटे रणइंदर सिंह भी साथ मौजूद रहे। कैप्टन ने ट्वीट कर जानकारी दी कि नरेंद्र मोदी के साथ गर्मजोशी से मुलाकात की। पंजाब से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और राज्य और देश की सुरक्षा और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया, जो हम दोनों के लिए हमेशा सर्वोपरि रहा है और रहेगा। हाल ही में पीएम मोदी ने पंजाब का दौरा किया था। उन्होंने 24 अगस्त को मोहाली में होमी भाभा कैंसर संस्थान की सौगात प्रदेश की जनता को दी थी। सुरक्षा में चूक के बाद यह पीएम मोदी की पहली पंजाब यात्रा थी। कैप्टन अमरिंदर सिंह की पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस ने 2022 का पंजाब विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़ा था। विधानसभा चुनाव से पहले कैप्टन ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर अपनी नई पार्टी बनाई थी। हालांकि चुनाव में गठबंधन को खासा लाभ नहीं मिला।

### पंजाब में संगठन मजबूत करेगी भाजपा

पंजाब में भारतीय जनता पार्टी संगठन विस्तार करने जा रही है। संगठन में कई बड़े और नए चेहरे जगह मिलेगी। राज्य कोर कमेटी, जिला समितियों समेत विभिन्न मोर्चों में भी फेरबदल होगा। प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा का भी तीन साल का कार्यकाल जनवरी में समाप्त हो रहा है। ऐसे में लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए आने वाले दिनों में प्रदेश भाजपा नेतृत्व में बदलाव होना तय है। पार्टी में यह बदलाव मध्य सितंबर तक किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस बदलाव की बड़ी वजह यह भी बताई जा रही है कि इससे पहले पार्टी लगभग तीन दशकों से सिर्फ तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही थी। अब उसका ध्यान 2024 के लोकसभा चुनाव पर है। वह राज्य की सभी 13 लोकसभा सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

### जाखड़ को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार संगठन विस्तार में कांग्रेस से आए बड़े नेताओं को समायोजित किया जाएगा। इनमें पूर्व पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़ को केंद्रीय नेतृत्व बड़ी जिम्मेदारी दे सकता है। इसके अलावा चार पूर्व मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू, राज कुमार वेरका, गुरप्रीत कांगड़ और सुंदर शाम अरोड़ा को भी संगठन में अलग अलग जिम्मेदारी दी जाएगी।

## आतंकवाद मुक्त बनाने के लिए अंतिम प्रहार की जरूरत- डीजीपी दिलबाग सिंह

जम्मू, 30 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में सक्रिय आतंकियों की संख्या कम हो चुकी है। अब आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ने के लिए रणनीतिक रूप से नियोजित अंतिम हमले की आवश्यकता है। इसके लिए आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। आतंकी नेटवर्क को ऑक्सीजन प्रदान करने वालों पर कार्रवाई करनी होगी। ऐसे में आतंकी मामलों के जांचकर्ताओं को खुद को सर्वश्रेष्ठ जांच कौशल से लैस करना होगा और अदालत में यूएपीए, नार्को और अन्य संवेदनशील मामलों में दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए हर आवश्यक उपाय करना होगा।




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 168 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.4 2079 बुधवार, 31 अगस्त 2022 प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## अमेरिका के म्यूजियम में मिली तमिलनाडु के मंदिर से चोरी हुई दो मूर्तियां

चेन्नई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। तमिलनाडु पुलिस की आइडल विंग ने अमेरिका के प्रतिष्ठित संग्रहालयों में भगवान गणेश और देवी की दो लापता मूर्तियों का पता लगाया है और उन्हें वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। देवी और गणेश की मूर्तियों को क्रमश: न्यूयॉर्क में सोथबी के ऑक्शन हाउस और कैलिफोर्निया में नॉर्टन साइमन संग्रहालय में खोजा गया। तमिलनाडु की मूर्ति शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नागपट्टिनम जिले के अरुलमिगु पन्नक्का परमेश्वर स्वामी मंदिर के एक चौकीदार द्वारा भगवान गणेश की एक मूर्ति गायब होने की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की।

### शुभकामनाएं



पवित्र गणेश चतुर्थी के अवसर पर 'स्वतंत्र वार्ता' के सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकरों तथा सभी हितैषियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

–प्रधान संपादक डॉ. गिरीश कुमार संघी

### अवकाश सूचना

गणेश उत्सव के पावन पर्व पर 31 अगस्त को 'स्वतंत्र वार्ता' कार्यालय में अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 2 सितंबर को प्रकाशित होगा। (प्रबंधक)

# गुजरात दंगों से जुड़े 9 में से 8 केस बंद

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इतना वक्त गुजरने के बाद इन पर सुनवाई का कोई मतलब नहीं

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े 9 में से 8 केस बंद करने का आदेश दिया है। इन सभी मामलों से जुड़ी कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित थीं। सीजेआई जस्टिस यूयू ललित की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने मंगलवार को कहा कि इतना समय गुजरने के बाद इन मामलों पर सुनवाई करने का कोई मतलब नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुजरात दंगों से जुड़े 9 में से 8 केस में निचली अदालतें फैसला सुना चुकी हैं। नारोदा गांव से जुड़े मामले की सुनवाई अभी जारी है। ऐसी स्थिति में इससे जुड़े किसी भी केस पर अलग से सुनवाई की जरूरत नहीं है।




**एनएचआरसी और एनजीओ की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया :**

सुप्रीम कोर्ट ने दंगा पीड़ित परिवारों, एनएचआरसी और एक एनजीओ सिटीजन फॉर जस्टिस एंड पीस की याचिका पर सुनवाई करते हुए केस बंद करने का आदेश दिया। इन सभी याचिकाओं में पुलिस की जगह सीबीआई को सभी मामले ट्रांसफर करने की मांग की गई थी। इसकी सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले (गुजरात दंगा 2002) से जुड़ी याचिकाओं को आगे सुनने की जरूरत नहीं है। इसलिए हम सभी मामले बंद करने का आदेश दे रहे हैं।

**गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस का कोच जलाया गया था :**

गुजरात के गोधरा स्टेशन पर 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के एस-6 डिब्बे में आग लगा दी गई थी। आग लगने से 59 लोग मारे गए थे। ये सभी कारसेवक थे, जो अयोध्या से लौट रहे थे। इसके बाद गुजरात में सांप्रदायिक तनाव फैल गया। गोधरा में सभी स्कूल-दुकानें बंद कर दी गईं। कर्फ्यू लगा दिया गया। पुलिस को दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए गए।

**गोधरा के बाद पूरे गुजरात में सांप्रदायिक हिंसा फैली :**

गोधरा कांड के बाद पूरे गुजरात में दंगे भड़क उठे। इन दंगों में 1,044 लोग मारे गए, जिनमें 790 मुसलमान और 254 हिंदू थे। उपद्रवियों ने पूर्वी अहमदाबाद स्थित अल्पसंख्यक समुदाय की बस्ती 'गुलबर्ग सोसाइटी' को निशाना बनाया था। इसमें जकिया जाफरी के पति पूर्व कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी सहित 69 लोग मारे गए थे। इनमें से 38 लोगों के शव बरामद हुए थे, जबकि जाफरी सहित 31 लोगों को लापता बताया गया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने दंगों की जांच के लिए एसआईटी बनाई थी :**

2008 में सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी का गठन किया था। कोर्ट ने एसआईटी से इस मामले में हुईं तमाम सुनवाइयों पर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। बाद में जकिया की शिकायत की जांच भी एसआईटी को सौंपी गई। एसआईटी ने मोदी को क्लीन चिट दी और 2011 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एसआईटी ने मजिस्ट्रेट को क्लोजर रिपोर्ट सौंपी।

2013 में जकिया ने क्लोजर रिपोर्ट का विरोध करते हुए मजिस्ट्रेट के सामने याचिका दायर की थी। मजिस्ट्रेट ने यह याचिका खारिज कर दी। इसके बाद जाकिया ने गुजरात हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने 2017 में मजिस्ट्रेट का फैसला बरकरार रखा।




# वीडियों पोस्ट करने वाला कशफ गिरफ्तार

## सिटी पुलिस ने पीडी एक्ट की तहत कार्रवाई की



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सामाजिक कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले ओल्ड सिटी के डिजिटल क्रिएटर सैयद अब्दाहू कादरी उर्फ कशफ को सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियों पोस्ट करने के आरोप में मंगलवार को हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

सैयद अब्दाहू कादरी ने कथित तौर पर भाजपा विधायक राजा सिंह को निशाना बनाकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। कशफ के खिलाफ पीडी एक्ट दर्ज किया गया था और बाद में उसे हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने के बाद कशफ को मेडिकल चेकअप के लिए उस्मानिया अस्पताल ले जाया गया। पुलिस का दावा है कि कशफ कई सोशल मीडिया साइटों पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा है जो अन्य धर्मों के अनुयायियों के बीच हिंसा भड़काती है। कथित तौर पर, पुलिस अब तक कशफ के खिलाफ चार मामले दर्ज हो चुके है। सिटी पुलिस कमिश्नर सीवी आनंद ने प्रिवेंटिव डिटेंशन एक्ट के तहत डिजिटल क्रिएटर और एक्टिविस्ट सैयद अब्दाहू कादरी उर्फ कशफ को हिरासत में लेने का आदेश जारी किया था। पुलिस की माने तो पुराने मलकपेट के कशफ (27) ने अपने भड़काऊ भाषणों के माध्यम से दो समुदायों के बीच नफरत पैदा कीष वह अपने ट्विटर अकाउंट के माध्यम से सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश और वीडियो पोस्ट कर रहा था ताकि दोनों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा दिया जा सके। हाल ही में बीते 23 अगस्त को उसने कई समर्थकों के साथ गोशामहल विधायक टी. राजा सिंह के आपत्तिजनक वीडियो के विरोध में पुलिस आयुक्त कार्यालय के सामने धरना दिया था।

उसने प्रदर्शनकारियों को 'नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर-गुस्ताक-ए-रसूल की एक ही सज़ा, सर तन से जुदा' के रूप में भड़काऊ नारे लगाने के लिए उकसाया (पैगंबर का अनादर करने वाले व्यक्ति के लिए केवल सिर काटना ही दंड है) था।

# सीबीआई ने सिसोदिया के लॉकर खंगाले

## पीएनबी में 45 मिनट तलाशी ली, डिप्टी सीएम बोले लॉकर से कुछ नहीं मिला, पीएम ने जांच कराई

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली की शराब नीति में गड़बड़ी के मामले में जांच में जुटी सीबीआई ने मंगलवार को डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के लॉकर की तलाशी ली। गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर 4 की पंजाब नेशनल बैंक में सिसोदिया का बैंक लॉकर है। सीबीआई की टीम ने बैंक में 45 मिनट तक लॉकर की जांच की। इस दौरान मनीष सिसोदिया और उनकी पत्नी भी मौजूद रहीं। जांच के दौरान बैंक के गेट बंद रहे। किसी को भी एंट्री नहीं दी गई। ये नियम है कि लॉकर को उसके खाताधारक की अनुमति और उपस्थिति के बिना नहीं खोला जाता है, इसलिए मनीष सिसोदिया और उनकी पत्नी सीमा को यहां बुलाया गया है। दिल्ली के डिप्टी सीएम बनने से पहले मनीष सिसोदिया गाजियाबाद के इसी वसुंधरा इलाके में रहते थे।

जांच के बाद डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा, लॉकर से सीबीआई को कुछ भी नहीं मिला। सारी जांच में मेरा परिवार पाक-साफ है। ये सच्चाई की जीत है। पीएम ने मेरे लॉकर की जांच कराई। मुझे 2-3 महीने से जेल भेजने की साजिश हो रही है।

इससे पहले सोमवार रात मनीष सिसोदिया ने ट्वीट करके कहा, सीबीआई हमारा बैंक लॉकर देखने आ रही है। 19 अगस्त को मेरे घर पर 14 घंटे की रेड में कुछ नहीं मिला था। लॉकर में भी कुछ नहीं मिलेगा। सीबीआई का स्वागत है। जांच में मेरा और मेरे परिवार का पूरा सहयोग रहेगा।

# कांग्रेस को बड़ा झटका, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद समेत 64 नेताओं ने दिया इस्तीफा

जम्मू, 30 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी को मंगलवार को एक बार फिर झटका मिला है। एक तरफ पार्टी गुलाम नबी आजाद के जाने के बाद डैमेज कंट्रोल करने के प्रयास कर रही है तो दूसरी तरफ पार्टी से नेताओं का इस्तीफा देने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद, पूर्व मंत्री अब्दुल मजीद वानी समेत 64 नेताओं ने कांग्रेस का साथ छोड़ने की घोषणा की है।

मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद, पूर्व मंत्री अब्दुल मजीद वानी, पूर्व विधायक बलवान सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. मनोहर लाल शर्मा, प्रदेश कांग्रेस महासिचव विनोद मिश्रा, विनोद शर्मा, नरिंद्र शर्मा समेत 64 नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन सभी नेताओं ने जम्मू में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस का दामन छोड़ कर गुलाम नबी आजाद को समर्थन देने का एलान किया है। इस दौरान बलवान सिंह ने कहा, हमने गुलाम नबी आजाद के समर्थन में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक संयुक्त इस्तीफा सौंपा है।




## अन्ना हजारे ने केजरीवाल को चिट्ठी लिखी

# कहा आपकी शराब नीति से दुखी हूं आपकी कथनी और करनी में फर्क



दिल्ली सरकार की शराब नीति से दुखी हूं। केजरीवाल ने अपनी किताब 'स्वराज' में बड़ी-बड़ी बातें लिखी थीं पर उन पर अमल नहीं किया।
अन्ना हजारे

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की नई शराब नीति पर अन्ना हजारे ने नाराजगी जताई है। उन्होंने केजरीवाल को संबोधित करते हुए लिखा, कई दिनों से दिल्ली सरकार की शराब नीति को लेकर जो खबरें आ रही हैं, उनसे मैं दुखी हूं। हमें महाराष्ट्र की तरह शराब नीति की उम्मीद थी। लेकिन, आपने ऐसा नहीं किया। लोग सत्ता के लिए पैसे और पैसे के लिए सत्ता के घेरे में फंस गए हैं। यह उस पार्टी के अनुरूप नहीं है जो एक बड़े आंदोलन से उभरी है।

आपने अपनी पुस्तक स्वराज में बड़ी-बड़ी बातें लिखी थीं, लेकिन आपके आचरण पर उसका असर नहीं दिख रहा है। आपके मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार मैं आपको पत्र लिख रहा हूं।

**आपकी पार्टी भी गलत रास्ते पर चल रही :**

अन्ना हजारे ने कहा कि आपकी सरकार ने लोगों का जीवन बर्बाद कर रही है। महिलाओं को प्रभावित करने वाली शराब नीति बनाई है। आपकी कथनी और करनी में फर्क है। सरकार को जनहित में काम करने पर मजबूर करने के लिए समान विचारधारा वाले लोगों का एक प्रेशर ग्रुप होना जरूरी था। अगर ऐसा होता, तो देश में अलग स्थिति होती और गरीबों को फायदा मिलता। दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पाया। उसके बाद आप, मनीष सिसोदिया और आपके साथियों ने मिलकर पार्टी बनाई। एक ऐतिहासिक आंदोलन करके जो पार्टी बन गई, वह भी बाकी पार्टियों के रास्ते पर चलने लगी। यह बहुत ही दुख की बात है।

**पुस्तक में बड़ी-बड़ी बातें लिखी लेकिन उन पर अमल नहीं किया :**

महात्मा गांधी के 'गांव की ओर चलो' के विचार से प्रेरित होकर मैंने अपनी जिंदगी गांव, समाज और देश के लिए समर्पित की है। पिछले 47 सालों से ग्राम विकास के लिए काम कर रहा हूं और भ्रष्टाचार के विरोध में आंदोलन कर रहा हूं। अरविंद केजरीवाल को पुराने दिन याद दिलाते हुए अन्ना हजारे ने कहा कि आप हमारे गांव रालेगण सिद्धि आ चुके हैं। यहां आपने शराब, बीड़ी, सिगरेट आदि पर रोक की प्रशंसा की थी।

राजनीति में आने से पहले आपने 'स्वराज' नाम से एक किताब लिखी थी। इस पुस्तक में आपने ग्रामसभा, शराब नीति के बारे में बड़ी-बड़ी बातें लिखी थीं। तब आपसे बहुत उम्मीद थी, लेकिन राजनीति में जाकर मुख्यमंत्री बनने के बाद आप आदर्श विचारधारा को भूल गए हैं।

# बॉर्डर के हालात पर निर्भर करेंगे चीन से रिश्ते, जर्मनी के राजदूत ने भी लगाई ड्रैगन को लताड़ : जयशंकर

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-चीन के रिश्ते पर बड़ा बयान दिया है। एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और चीन के बीच संबंधों को आपसी संवेदनशीलता, आपसी सम्मान और आपसी हित के तीन संबंधों पर आधारित होना चाहिए, ताकि वे सकारात्मक रास्ते पर वापस आ सकें और टिकाऊ बने रहें।



एस जयशंकर ने एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के उद्घाटन पर बोलते हुए यह भी कहा कि सीमा की स्थिति भारत-चीन संबंधों की स्थिति का निर्धारण करेगी। इस कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री केविन रुड भी शामिल हुए। जयशंकर ने कहा, संबंधों को एक सकारात्मक रास्ते पर लौटने और टिकाऊ बने रहने के लिए, उन्हें तीन पारस्परिक पर आधारित होना चाहिए, पारस्परिक संवेदनशीलता, पारस्परिक सम्मान और पारस्परिक हित।

एस जयशंकर ने भारत-चीन रिश्तों पर बोलते हुए आगे कहा, उनकी वर्तमान स्थिति निश्चित रूप से आप सभी को अच्छी तरह से पता है। मैं केवल यह दोहरा सकता हूं कि सीमा की स्थिति संबंधों की स्थिति का निर्धारण करेगी। भारत और चीन के बीच सीमा गतिरोध पिछले 27 महीने से अधिक समय से चल रहा है। चीन के संदर्भ में जयशंकर ने कहा, हम उम्मीद कर सकते हैं कि एशिया में वृद्धि जारी रहेगी क्योंकि आर्थिक और जनसांख्यिकीय रुझान उस दिशा में इंगित करते हैं। यह कितना विभाजित है, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि इसकी दरारों का प्रबंधन कितनी अच्छी तरह या बुरी तरह से किया जाता है। यह बदले में कानूनों, मानदंडों और नियमों के पालन की मांग करेगा। शुरूआत के लिए संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना होगा। क्षेत्र को प्रभावित करने वाली पहल परामर्शी होनी चाहिए, न कि एकतरफा। वहीं भारत में मौजूद जर्मनी के राजदूत ने ड्रैगन को लताड़ लगाई है। जर्मन राजदूत फिलिप एकरमैन ने समाचार एजेंसी से बात करते हुए कहा, हम उत्तरी सीमा पर समस्याओं से अच्छी तरह वाकिफ हैं।



स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार

जो सब के लिए हितकर हो और अपने लिए ही सुखकर हो, उसी का नित्य आचारण करना चाहिए, क्योंकि वही स्वार्थसिद्ध का मूल है।



## मंत्री इंद्रकरन रेड्डी ने कवाल टाइगर रिजर्व पर एक वेबसाइट लॉन्च की



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वन मंत्री इंद्रकरन रेड्डी ने कवाल टाइगर रिजर्व पर एक वेबसाइट लॉन्च की। वन विभाग ने कवल बाघ संरक्षित वन क्षेत्र पर एक विशेष वेबसाइट बनाई है, जो घने जंगल, प्राकृतिक सुंदरता और झरनों से भरपूर है। वन और पर्यावरण मंत्री अल्लोला इंद्रकरण रेड्डी ने अरण्य भवन में आयोजित एक समारोह में पर्यटकों और आगंतुकों के लिए उपयोगी पूरी जानकारी के साथ वेबसाइट का शुभारंभ किया। मंत्री ने कवाल वन क्षेत्र में विकसित घास भूमि पर एक विशेष पुस्तिका का भी विमोचन किया। कवल क्षेत्र को बाघों का स्थायी आवास बनाने के लिए वन विभाग बड़े पैमाने पर आवश्यक कदम उठा रहा है। इसके एक भाग के रूप में शाकाहारी पशुओं के विकास के लिए आवश्यक घास के मैदानों की वृद्धि पर विशेष बल दिया गया है। घास के भूखंडों की पहचान, बीजों के संग्रह और मैदानों के विकास के कार्यान्वयन के पिछले कुछ वर्षों में अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। पर्यावरणविदों का अनुमान है कि अगर शाकाहारी जानवरों की उपलब्धता बढ़ती है, तो बाघ जैसे मांसाहारी जानवरों की संख्या भी उसी दर से बढ़ेगी जो उन पर निर्भर है। इस मौके पर मंत्री इंद्रकरन रेड्डी ने फील्ड डायरेक्टर विनोद कुमार को बधाई दी कि पहले की तुलना में पशुओं की संख्या बढ़ी है और कवल सैंक्चुअरी का स्टाफ अच्छा काम कर रहा है। इस कार्यक्रम में वन विभाग के विशेष मुख्य सचिव ए. शांति कुमारी, पीसीसीएफ आरएम डोबरियाल, पीसीसीएफ (कॉम्पा) लोकेश जायसवाल, अमराबाद के फील्ड निदेशक, कवल टाइगर रिजर्व और सभी वन मंडलों के अधिकारियों ने भाग लिया।

## फ़्लाईओवर से गिरकर एक की मौत

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार सुबह बालानगर में बाबू जगजीवन राम फ़्लाईओवर से कथित तौर पर गिरकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि उसे आत्महत्या से मरने का संदेह है। माना जा रहा है कि पीड़ित की उम्र तीस साल है और वह एक निर्माण श्रमिक था। पुलिस ने कहा कि यह घटना तड़के करीब दो बजे की है, जब वह व्यक्ति कथित तौर पर बालानगर चौराहे के पास फ़्लाईओवर के बीच में आ गया और उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जांच कर रही बालानगर पुलिस ने कहा, "वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई"।

## केटीआर फिर से कोरोना पॉजिटिव

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री केटी रामा राव ने मंगलवार को कोविड -19 के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया है।

केटीआर ने खुद अपने ट्विटर हैंडल पर इसका खुलासा करते हुए कहा कि उन्होंने कोविड -19 के लिए सकारात्मक परीक्षण किया है और जब तक वह नकारात्मक परीक्षण नहीं करते तब तक उन्हें घर पर अलग-थलग कर दिया जाएगा। "सोचा था कि यह हमारे पीछे था लेकिन स्पष्ट रूप से ऐसा नहीं है। लक्षण विकसित होने के बाद, कोविड के लिए परीक्षण किया गया और यह सकारात्मक है। घर पर अलग-थलग रहेगे। मैं उन सभी से अनुरोध करता हूं जो पिछले कुछ दिनों में मुझसे मिले हैं कृपया परीक्षण करवाएं और सावधानी बरतें। संयोग से यह दूसरी बार है जब वह इस बीमारी से पीड़ित हुए हैं। 23 अप्रैल, 2021 को, उन्हें पहली बार कोरोना हुआ था।

## खैरताबाद गणेश : आयोजकों ने किया विस्तृत इंतजाम

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में सबसे बड़े उत्सवों में से एक गणेश चतुर्थी को अब आध्यात्मिक आयोजन के लिए तैयार किया जा रहा है। कल प्रसिद्ध खैरताबाद गणेश पूजा कार्यक्रम की शुरुआत है, और भगवान गणेश के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्तों के आने की उम्मीद है। यह दस दिवसीय उत्सव है।

कोविड के कारण दो साल के अवकाश के बाद दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए खैरताबाद गणेश उत्सव समिति के आयोजकों ने सभी तरह के व्यापक इंतजाम किए हैं। इस बार 50 फुट ऊंची मिट्टी की मूर्ति श्री पंचमुख महालक्ष्मी गणपति का रूप धारण करेगी। गणपति के दोनों ओर त्रि शक्ति महागायत्री और शंमुख सुब्रमण्य स्वामी प्रकट होंगे। सुप्रीम कोर्ट के फैसले और तेलंगाना सरकार के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए 60 साल में पहली बार खैरताबाद की मूर्ति मिट्टी से बनाई गई थी।



कल बुधवार को पवित्र गणेश चतुर्थी पर विघ्नहर्ता की पूजा-अर्चना होगी। प्रसिद्ध खैरताबाद गणेश की विशालकाय प्रतिमा को भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिया गया है।

## सिकंदराबाद-तिरुपति स्पेशल ट्रेनें

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त भीड़ को दूर करने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद और तिरुपति के बीच विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा।

यहां एक विज्ञप्ति के अनुसार, विशेष ट्रेन (संख्या 07120) 31 अगस्त को शाम 6.15 बजे सिकंदराबाद से निकलेगी और अगले दिन सुबह 8.45 बजे तिरुपति पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन (नं.07121) 1 सितंबर को रात 9.10 बजे तिरुपति से निकलेगी और अगले दिन सुबह 9.30 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। ये विशेष ट्रेनें दोनों दिशाओं में सिकंदराबाद, बेगमपेट, लिंगमपल्ली, विकाराबाद, तंदूर, रायचूर, मंत्रालयम रोड, गुंतकल, तदीपत्री, येरागुंटला, कडपा और रेनिगुंटा स्टेशनों पर रुकेंगी। इन ट्रेनों में 2एसी, 3एसी, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं।

## सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट का बीज महोत्सव सम्पन्न



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। करमनघाट अलमासगुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर में श्री आईमाताजी के 607वें अवतरण दिवस व छठां वार्षिकोत्सव दो दिवसीय कार्यक्रम भादवा सुदी एकम के तहत पूजा-अचर्ना व विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा व सचिव हीरालाल सैंणचा ने संयुक्तरुप से बताया कि रविवार 28 अगस्त प्रात: वेला में श्री आईमाताजी मंदिर को विशेष फूलों व लाईटिंग से सजाकर माई का विशेष श्रृंगारकर रात्रि 9.15 बजे से जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें दिनेशनाथ योगी एंड पार्टी धनला ने श्री आईमाँ के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित किया। सोमवार 29 अगस्त भादवा सुदी बीज को प्रात: 9.15 बजे पुजा-अर्चना,गणेश वंदना व महाआरती के पश्चात समाज बन्धुओं ने श्री आईमाताजी के चरणों मे श्रीफल व श्रद्धा के पुष्प अर्पितकर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मंगलमय कामनाँए कीं। स्वागत कार्यक्रम के तहत अध्यक्ष महोदय द्वारा पधारे अतिथियों का सम्मान, सह-कोषाध्यक्ष उदाराम वरपा द्वारा विगत वर्ष के आय-व्यय का विवरण व सचिव हीरालाल सेणचा ने किये जा रहे विकास कार्यो से समाज को अवगत कराया। अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा ने पधारे समाज बन्धुओं को भादवा सुदी बीज की शुभकामनाँए दीं। मिडिया प्रभारी अमराराम सिन्दड़ा ने समाज मे नशा मुक्ति पर विशेष रुप से बोलते हुए बताया कि समाज बन्धुओं को इस से दूर रहते हुए युवा पीढी के संस्कारो पर विशेष ध्यान देना चाहिये। अवसर पर महिलाओं ने भी बीज की शुभकामनाँ देते हुए आई माँ के चरणो मे विशेष सत्संग का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समाज बन्धुओं व अतिथियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी । कार्यक्रम के सफल आयोजन मे समाज बन्धुओं, पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सभी सदस्यों, महिला मंडल एवं युवा शक्ति का विशेष सहयोग रहा। मंच का संचालन हीरालाल सैणचा द्वारा किया गया । हंसाराम आगलेचा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन्न हुआ।

## अग्रसेन को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक ने मनाया 24वां स्थापना दिवस





हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रसेन को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड ने अपना 24वां स्थापना दिवस आज धान कार्यालय, सिद्दीमबेर बाजार में भव्यता से मनाया। समारोह में अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया, सीनियर वाइस चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीए नवीन कुमार अग्रवाल, विजय कुमार पिट्टी, नरसिंह दास, ओम प्रकाश अग्रवाल, गोपाल चंद अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, पं. अंजू केडिया, पूर्व निदेशकों, विशेष आमंत्रितों, स्टाफ सदस्यों ने समारोह में भाग लिया। बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों ने इस अवसर पर हमारी सिद्दीअंबर बाजार शाखा के मूल्यवान और सम्मानित ग्राहकों में से एक सुरेंद्र कुमार गोयल को उनके निरंतर संरक्षण के लिए सम्मानित किया। समारोह में बोर्ड के सदस्य, पूर्व निदेशक, विशेष आमंत्रित सदस्य और बैंक स्टाफ सदस्य शामिल रहे। रजत जयंती समारोह के अवसर पर, अध्यक्ष ने "अग्रसेन धन गुणक योजना" नामक एक नई जमा योजना की घोषणा की। इस विशेष जमा योजना में 0.25% का अतिरिक्त ब्याज और 7% की नियमित ब्याज दर है, जो जमाकर्ताओं के लिए अधिक ब्याज अर्जित करने के लिए बहुत ही आकर्षक योजना है।

## टीआरएसएलपी की बैठक 3 सितंबर को

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव 3 सितंबर को शाम 5 बजे तेलंगाना भवन में होने वाली टीआरएस विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक उस दिन राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद टीआरएसएलपी की बैठक होगी। पार्टी के सभी विधायकों, एमएलसी और सांसदों को बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। बैठक तेलंगाना में चल रहे विकास कार्यक्रमों और मुनुगोडु उपचुनाव में अभियान की रणनीति, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कदम उठाने सहित अन्य राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के लिए आयोजित की जाएगी।

## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, MUMTAZ PARVEEN SULTANA R/o H No. 17-9-158, Flat No G5, Firasath Resd, Kurmaguda, Hyd-59,T.S.Have changed Name as PARVEEN SULTANA

I, MOHAMMED ABDUL KHALID R/o H No. 18-7-299/180, Aman Nagar A,Yakutpura, Hyd-23, T.S. Have changed Name as MOHAMMED KHALEED

(2745322)

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवाद करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## महबूब कॉलेज ग्राउंड में भव्यता से मना श्री बाबा रामदेवजी महाराज का जन्मोत्सव व 62वां विशाल जागरण



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भादवा सुदी पर सोमवार 29 अगस्त को महबूब कॉलेज ग्राउंड, सिकंदराबाद में श्री बाबा रामदेबजी महाराज का जन्मोत्सव एवं 62वां विशाल जागरण भव्यता से मनाया गया। इस अवसर पर बाबा का दरबार का श्रृंगार देखते बना। प्रमुख भजन गायक छोटू सिंग रावना, ओमजी मुडेल, सुश्री सोनू सिसोदिया, महावीर सांखला, शुभम बिखरनिया, विक्रम प्रजापत, दीपेश जोशी, विजय जाजू ने बाबा के भजन प्रस्तुत कर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष गज्जू भाई कोलरिया, उपाध्यक्ष जवाहरमल जैन, उपाध्यक्ष शरद सिंह ठाकुर, मंत्री धीरेनकुमार जैन, मंत्री प्रशांत गोलेच्छा, उप मंत्री निलेश जैन, उप मंत्री संजय कटारिया, कोषाध्यक्ष अजय वर्मा, कोषाध्यक्ष कमल जैन, सहयोग मंत्री विक्रम लोहार, सहयोग मंत्री प्रभु सिंह राठोड ने कार्यक्रम को सफल बनान के लिए भारी सहयोग दिया। इस अवसर पर बाबा के भजन सुनने के बाद श्रद्धालुओं का आनंद अवर्णनीय रहा। वहां पर सभी भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। अंत में अध्यक्ष गज्जू भाई कोलरिया ने सभी श्रद्धालुओं तथा भजन गायकों के प्रति आभार जताया।

## प्रजापति समाज ट्रस्ट कांटेदान ने मनाया बीज महोत्सव



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कांटेदान स्थित प्रजापति समाज ट्रस्ट हैदराबाद द्वारा श्री श्रीयादेमाता का भादवा सुदी बीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ दो दिवसीय कार्यक्रम रविवार 28 अगस्त जागरण व सोमवार 29 अगस्त को भव्यरुप से आयोजित किया गया। अध्यक्ष तेजाराम बेतेडिया एवं सचिव धर्मीचन्द बाबरिया ने बताया कि महोत्सव के तहत श्री श्रीयादेमाता के मंदिर को विशेषरुप से सजाकर माई का विशेष श्रृंगार किया गया। भादवासुदी एकम् रविवार 28 अगस्त मंदिर प्रांगण मे रात्री 9.15 बजे से एक शाम श्री श्रीयादेमाताजी के नाम जागरण मे सुरेश ईडवा ने मारवाडी अंदाज मे माई के भजन पेश कर समाज बंधुओ को देर रात तक नाचने-गाने पर विवश किया। रात को विशेष बोलियों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भादवा सुदी बीज सोमवार 29 अगस्त प्रात: वेला में भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना व महाआरती के पश्चात् स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सचिव धर्मीचन्द बाबरिया ने समाज के नवनिर्माणाधीन मंदिर के कार्यो व कोषाध्यक्ष रमेशकुमार झुझंडिया ने समाज का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष तेजाराम बेतेडिया श्रीयादेमाताजी भादवा सुदी बीज की समाज बंधुओ को शुभकामनाँए दी। अवसर पर नवनियुक्त चैयरमैन पप्पूलाल रावंरिया ने पधारे समाज बन्धुओं को शुभकामनाँए देते हुए भरोसा दिलाया कि नये कार्यकाल के लिए चुने गये पदाधिकारियों व समाज बन्धुओं के सहयोग से अतिशीघ्र मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण कराकर प्राण प्रतिष्ठा कराना उनकी पहली प्राथत्मिकता रहेगी। समाज के सर्वागींण विकास के लिए वे हर सम्भव कार्य करेंगे। अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालयों में कौशल आधारित शिक्षा पर दिया जोर

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंगलवार को कुशल छात्रों को तैयार करने के लिए विश्वविद्यालयों में कौशल आधारित प्रशिक्षण पर जोर दिया। विश्वविद्यालयों को ऐसे कारखाने नहीं बनने चाहिए जो गैर-कुशल बेरोजगार स्नातक पैदा करते हैं। हमें सही कौशल, उद्यमशीलता क्षमता और नौकरी देने वाले छात्रों को तैयार करना चाहिए।

यहां अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (ईएफएलयू) के संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए, उन्होंने विश्व गुरु के रूप में हमारे देश की स्थिति को फिर से हासिल करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "एनईपी-2020 के कार्यान्वयन से देश मानव संसाधनों का दोहन करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कल्पना के अनुसार ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने में सक्षम होगा।" राज्यपाल ने ईएफएल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ई. सुरेश कुमार को हरियाणा के गुड़गांव में ईएफएलयू का क्षेत्रीय परिसर स्थापित करने के लिए भी कहा है।

इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री से हरियाणा में एक कैंपस शुरू करने का अनुरोध किया गया था। इसी क्रम में हरियाणा के राज्यपाल ने ईएफएलयू के कुलपति से हरियाणा में ईएफएलयू के क्षेत्रीय परिसर की स्थापना करने का अनुरोध किया। दत्तात्रेय ने शिक्षकों को अपने छात्रों के लिए रोल मॉडल बनने का आह्वान करते हुए कहा कि वे शिक्षाविदों और व्यक्तिगत जीवन में उच्च मानक स्थापित करें ताकि छात्रों को उनका अनुकरण करने में मदद मिल सके।

शिक्षकों के एक प्रश्न के उत्तर में, राज्यपाल ने हमारी स्थानीय भाषाओं की रक्षा और प्रचार करते हुए अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं को सीखने के महत्व पर जोर दिया।

# सीरवी समाज ट्रस्ट जवाहरनगर का भादवा सुदी बीज महोत्सव सम्पन्न



जीडिमेटला स्थित श्री आईमाता मंदिर मे भादवा सुदी बीज व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मे पूजा-अर्चना, दर्शन, भजनो व महाप्रसादी का लाभ लेते हुए अध्यक्ष मांगीलाल काग, सचिव नारायणलाल बर्फा, पदाधिकारी व समाज बन्धु ।

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जवाहरनगर बालाजी नगर तेलंगाना स्थित श्री आईमाताजी मंदिर में श्री आईमाँ के 60% वें अवतरण दिवस व छठा वार्षिकोत्सव के तहत भादवा सुदी बीज महोत्सव भव्यरुप से आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष किशनलाल पँवार व सचिव लालाराम काग ने बताया कि भादवा सुदी बीज महोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार 28 अगस्त भादवा सुदी एकम् आईमाताजी के मंदिर को पुष्प माला व लाइटिंग से सजाकर श्री आईजी का विशेष श्रृंगार किया गया। सायं 4.15 बजे से महिला मंडल द्वारा विशेष रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें समाज के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने नाचते-गाते हुए समाज बन्धुओं का भरपूर मनोरंजन किया। रात्रि 9.15 बजे से पूजा-अर्चना, साँची ज्योत प्रज्वलितकर, महाआरती के पश्चात जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे पारस सैन देवरिया ने आई माँ के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित किये। जागरण के मध्य बोलियों का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार 29 अगस्त भादवा सुदी बीज प्रातः वेला में समाज बन्धुओं ने श्री आईमाताजी के चरणों मे श्रद्धा के पुष्प व श्रीफल भेंट करते हुए दर्शन व प्रसाद का लाभ लिया। कार्यक्रम मे पधारे सम्मानित अतिथियों व बोलियाँ लेने वाले समाज बन्धुओं का विशेष सम्मान किया गया। कोषाध्यक्ष घेवरचन्द चोयल ने आय-व्याय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अवसर पर अध्यक्ष किशनलाल पंवार ने पधारे सभी समाज बंधुओ को बीज महोत्सव की बधाई दी। महोत्सव के सफल आयोजन पर समाज के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, महिला सदस्यगण व समाज बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंच का संचालन नारायणलाल वरपा एवं जयराम पंवार ने संयुक्तरुप से किया। अध्यक्ष किशनलाल पँवार के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन्न हुआ।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह में | सिंह... | 05-08 बजे |
| चंद्र- | कन्या में | कन्या | 07-15 बजे |
| मंगल | वृष में | तुला - | 09-20 बजे |
| बुध- | कन्या में | वृश्चिक | 11-30 बजे |
| गुरु- | मीन में | धनु--- | 13-44 बजे |
| शुक्र- | मिथुन में | मकर- | 15-50 बजे |
| शनि- | मकर में | कुंभ - | 17-41 बजे |
| राहु- | मेष में | मीन... | 19-18 बजे |
| केतु- | तुला में | मेष-- | 20-54 बजे |
| | | वृष-- | 22-39 बजे |
| | | मिथुन.. | 00-40 बजे |
| | | कर्क... | 02-53 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतुशरद,दिशाशूल- उत्तर -धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्थी - **15-22** तक उपरान्त, पंचमी
मास - भाद्रपद शुक्ल पक्ष ,बुधवार, **31 August**
नक्षत्र -चित्रा - **00 -12** - तक उपरान्त, स्वाति
योग - शुक्ल - **22- 46** - तक उप- ब्रह्म
करण- विष्टि - **15 -22** - तक,उप- बव
विशेष:- व्रत -त्योहार - श्री गणेश चतुर्थी,संवत्सरी पर्व

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 12:16 से 13:50 तक**

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 06:05 - 07:36 | शुभ | उत्पात | 18:30 - 19:56 | अशुभ |
| अमृत | 07:36 - 09:10 | शुभ | शुभ | 19:56 - 21:23 | शुभ |
| काल | 09:10 - 10:43 | अशुभ | अमृत | 21:23 - 22:50 | शुभ |
| शुभ | 10:43 - 12:16 | शुभ | चंचल | 22:50 - 00:16 | शुभ |
| रोग. | 12:16 - 13:50 | अशुभ | रोग | 00:16 - 01:43 | अशुभ |
| उत्पात | 13:50 - 15:23 | अशुभ | काल | 01:43 - 03:10 | अशुभ |
| चंचल | 15:23 - 16:56 | शुभ | लाभ | 03:10 - 04:37 | शुभ |
| लाभ | 16:56 - 18:27 | शुभ | उत्पात | 04:37 - 06:05 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आपने अपने लिए बहुत ऊँचे मानक तय किये हैं और आप इन्हें हासिल करने के लिए बहुत प्रयास कर रहे हैं। फिर भी लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल होगा और इससे आपको थोडी निराशा होगी। आपको लक्ष्य तय करने से पहले अपनी क्षमताएं ध्यान में रखनी होंगी। समय कोई बड़ा फैसला लेने के लिए उपयुक्त नही है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज का दिन परिवार के साथ बिताने के लिए विशेष रूप से अच्छा है।अपने माता पिता बहन भाइयो या फिर जीवनसाथी के साथ शांति से कुछ वक़्त बिताएं।अपने बच्चों के साथ किसी मनोरंजक क्रियाकलाप में भाग लें।अगर काम का दबाव अधिक भी है तो भी आज उसे एक तरफ रख दें और एक साथ होने का आनंद लें।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): एकरसता आपको अच्छी न लगती।इससे आप बोर अनुभव करते हैं।आज आप काफी खुश और फ्लर्ट वाले मूड में होंगे।अपनी दिनचर्या बदलें। इसमें फिटनेस को जगह दें। किसी मनोरंजक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं। आपके नए विचार से वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित होंगें। ऑफिस में नयी पहचान बनेगी।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आज का दिन संकेत दे रहा है कि आज आप खूब आनंद उठाएंगे,लेकिन बेहतर यही होगा कि सुबह कुछ समय निकालकर अपने कल के शेष कार्यों को पूरा कर लें। अपने कार्यकर्म की योजना अपने परिजनों के कार्यक्रम के अनुसार ही बनाएं ताकि बाद में कोई ग़लतफ़हमी या समस्या ना आये।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आज पैसे को संभलकर खर्च करें।सितारों के अनुसार आज आप बिना किसी बात के काफी खर्च कर सकते हैं।अगर आप ध्यान नही देंगे तो काफी बड़ी रकम आज आपसे खर्च हो सकती है।आज विवादो और टकराव से बचना ही बेहतर होगा।स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई परेशानी नही होगी और आप बाहर घुमने का आनंद ले सकते हैं।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अब आपका हर काम और पूरा ध्यान अपने करियर के लिए है। आप इस पर बिलकुल अपना पूरा ध्यान और समय लगा रहे हैं। आपको थोड़ी सी राहत की जरुरत है और अच्छी बात यह है कि आप तब भी अपना लक्ष्य हासिल कर पायेंगे। अपने काम के जाल से बाहर निकलकर परिवार को भी समय दें।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आज आपसे अत्यधिक काम की अपेक्षा की जायेगी ,आप कुछ भी किस्मत के भरोसे या कोई छोटा सा भी काम किसी और के भरोसे नही छोड़ सकते। हालाँकि दिन के अंत में कोई बहुत अच्छी खबर मिलेगी जो आपके प्रयासों की सफलता से सम्बंधित होगी। कुल मिलाकर दिन उत्तम है।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आप प्रेरणा से भरे हैं और काफी अच्छी स्थिति में भी हैं।आपका दिमाग सक्रिय है और इसमें नए नए विहार और नीतियां आती रहती हैं। आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा रहेगा। हालाँकि अगर आपने अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नही दिया तो यह सब उल्टा -पुल्टा भी हो सकता है।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आपके आसपास आपका ध्यान और समय बांटने वाली बहुत सी गतिविधियाँ चल रही है।छोटी-मोटी बातों पर समय व्यर्थ ना करें।एकाग्र रहें,तभी आपको मुक्त ऊर्जा का प्रवाह अनुभव हो पायेगा।अगर आपको यह मिल गया तो आपकी जिन्दगी बन जायेगी। घबराएं नहीं,ध्यान से समझकर समय रहते अवसर का लाभ उठायें

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आज स्वयं को भौतिक चीजों के मोह में फंसा अनुभव करेंगे लेकिन किसी भी वस्तु को इतना कसकर न पकड़ें।बहाव के साथ बहना ही उपयुक्त है,सहज बने रहें।जब तक आपको जवाब नही मिल जाते अपना नजरिया दृढ ही रखें।दुसरे स्थान पर शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आपको आज बहुत सारी गलत जानकारी प्राप्त होंगी। इसीलिए औरों की सुनने और मानने की बजाय अपने आप सोच समझकर फैसले लेना अधिक उपयुक्त रहेगा। अपने तरीके और अपने नजरिये के आधार पर देखेंगे तो बिलकुल ठीक फैसला ले पायेंगे।आपकी बहु प्रतीक्षित छुट्टी जल्द ही मिलने वाली है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आज दुविधा और उलझन की स्थिति बनी रहेगी।लेकिन यह बस उपरी आवरण है ,जैसे ही स्थिति साफ़ होगी ,आप वास्तविकता को देख पाएंगे। शुरुआत में सब कुछ उलझा हुआ सा लगेगा ,लेकिन समय के साथ साथ सब ठीक होगा,अपना समय लें और चलते रहें। आपको सफलता मिलेगी।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# मूसेवाला मर्डर केस में लॉरेंस का भांजा अजरबैजान में अरेस्ट

### भाई अनमोल कनाडा से कीनिया भागा; विदेश मंत्रालय ने मांगी क्रिमिनल हिस्ट्री

चंडीगढ़, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में दो बड़ी जानकारी सामने आई है। पहला- मूसेवाला मर्डर के मास्टरमाइंड सचिन थापन को अजरबैजान की लोकल पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। वहीं, दूसरी खबर है कि गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल कनाडा से कीनिया पहुंच गया है।

ये दोनों मूसेवाला के कत्ल से पहले फर्जी पासपोर्ट पर भारत छोड़ भाग गए थे। इसकी जानकारी मिलते ही विदेश मंत्रालय ने पंजाब पुलिस से दोनों की क्रिमिनल हिस्ट्री मांगी है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि अजरबैजान में पकड़े गए सचिन थापन को भारत लाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक, सचिन को फर्जी पासपोर्ट मामले में करीब एक महीने पहले पकड़ा गया। इसकी जानकारी कुछ दिन पहले विदेश मंत्रालय को दी गई। अब विदेश मंत्रालय ने पंजाब पुलिस से सचिन का पूरा क्रिमिनल रिकॉर्ड मांगा है। मूसेवाला केस में सचिन के रोल के बारे में भी रिपोर्ट मांगी है। सचिन को जल्द अजरबैजान से भारत लाया जा सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, अनमोल और सचिन नेपाल के रास्ते दुबई गए। वहां से सचिन अजरबैजान चला गया। इसके बाद अनमोल कनाडा चला गया। लेकिन सचिन को फेक पासपोर्ट केस में गिरफ्तार कर लिया गया। इसकी जानकारी मिलते ही अनमोल कनाडा से कीनिया भाग गया। पंजाब पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि लॉरेंस और गोल्डी बराड़ के साथ सचिन थापन और अनमोल भी मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड हैं। मूसेवाला का कत्ल करने से पहले लॉरेंस ने उनके फेक पासपोर्ट बनवाए और उन्हें बाहर भेज दिया। इसके बाद 29 मई को मूसेवाला की हत्या कर दी गई। सचिन थापन ने बाद में एक टीवी चैनल को फोन कर हत्या की जिम्मेदारी ली थी।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि मूसेवाला हत्याकांड में सचिन थापन विदेश में बैठकर गोल्डी बराड़ और शूटर्स के संपर्क में था। इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन कर हमने इसकी लोकेशन पता की। जिसके जरिए पता चला कि फेक पासपोर्ट पर वह दुबई गया।

# ईदगाह मैदान पर गणेश चतुर्थी मनाने की इजाजत देने से एससी का इनकार

### जमीन पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी मनाने की अनुमति देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि जमीन पर यथास्थिति बरकरार रखी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दोनों पक्षों को मामले की सुनवाई के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया है।

गौरतलब है कि कर्नाटक हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने कर्नाटक सरकार को चामराजपेट में ईदगाह मैदान के उपयोग की मांग करने वाले आवेदनों को मंजूर कर लिया था। हालांकि, इसके खिलाफ वक्फ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने तत्काल सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश से अनावश्यक तनाव पैदा होगा। पूरे विवाद के बीच मामले को संभालने के लिए ईदगाह मैदान के चारों ओर चप्पे-चप्पे पर भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है।

**1600 पुलिस कर्मियों की तैनाती: डीसीपी**



ईदगाह मैदान के पास की गई सुरक्षा व्यवस्था पर डीसीपी लक्ष्मण बी. निम्बार्गी (पश्चिम मंडल) ने कहा कि पिछले 15 दिनों से बदमाशों पर कार्रवाई की जा रही है। हम कानून और व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं। गणेश चतुर्थी की पृष्ठभूमि पर भी हमने सभी समुदाय के नेताओं के साथ शांति बैठक की है। हमने चामराजपेट में लगभग 1600 पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। इसके अलावा तीन डीसीपी, 21 एसीपी, लगभग 49 निरीक्षक, 130 पीएसआई और रैपिड एक्शन फोर्स को भी शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया गया है।

हुबली-धारवाड़ के महापौर इरेश अचंतगेरी ने निर्वाचित प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ चली लंबी बैठक के बाद सोमवार देर रात इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह फैसला नगर निकाय द्वारा इस मुद्दे पर गठित सदन की समिति की अनुशंसा पर लिया गया। महापौर ने कहा कि सदन की समिति ने कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श लेने के बाद गणेश उत्सव की अनुमति देने की अनुशंसा की थी। इसे उत्सव को अनुमति देने के पक्ष में 28 और विरोध में 11 ज्ञापन मिले थे।

उन्होंने बताया कि समिति की रिपोर्ट और विस्तृत चर्चा के बाद तीन दिन के लिए गणेश उत्सव की अनुमति देने का फैसला किया गया। महापौर ने बताया कि छह संगठनों ने गणेश प्रतिमा स्थापित करने की अनमुति मांगी थी, जिनमें से एक को चुना गया और बाकी से सद्भावनपूर्वक तरीके से उत्सव मनाने में सहयोग करने का अनुरोध किया गया।

# सीरवी समाज जीडिमेटला का भादवा सुदी बीज महोत्सव

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सुभाषनगर, जिडिमेटला सीरवी समाज की धार्मिक आस्था का केन्द्र श्री आईमाताजी मन्दिर में माता के 60%वें अवतरण दिवस व 19वां वार्षिक समारोह पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष मांगीलाल काग व सचिव नारायणलाल वरपा ने बताया कि रविवार 28 अगस्त मंदिर को प्रातः वेला में पुष्प मालाओं व लाईटिंग से सजाकर माई का विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9.15 बजे ज्योत प्रज्वलितकर भजनो का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रमेश सोनी बिलाड़ा ने श्री आईमाँ के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम के मध्य बोलियों का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज बन्धुओं ने बढ-चढकर भाग लिया। सोमवार 29 अगस्त भादवा सुदी बीज के पावन अवसर पर मंदिर में परिक्रमा व महाआरती के पश्चात समाज बन्धुओं ने माई के चरणों मे श्रीफल व श्रद्धा के पुष्प अर्पितकर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। प्रातः 10.15 बजे सम्मान समारोह कार्यक्रम व बाल कलाकारो द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पधारे बतौर मुख्य अतिथि टी.आर.एस. विधायक के.पी.विवेकानन्द गौड़, भाजपा पूर्व विधायक श्रीशैलम गौड़, पधारे सम्मानित अतिथियों बोलिया लेने वाले समाज बन्धुओं का समाज के पदाधिकारियों द्वारा राजस्थानी साफे व पुष्प-मालाओं से विशेष सम्मान व समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को विशेष पुरस्कारो से सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के.पी.विवेकानन्द गौड़ व श्रीशैलम गौड़ ने भादवा सुदी बीज की समाज बन्धुओं को शुभकामनाँए देते हुए पूर्व अध्यक्ष स्व.हेमारामजी पँवार द्वारा समाज के लिए की गयी सेवाओं व योगदान की पुरानी यादों को ताजा करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि दी। कोषाध्यक्ष भँवरलाल काग ने अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा समाज के समक्ष प्रस्तुत किया। सचिव नारायणलाल वरपा ने बीज की शुभकामनाँए देते हुए किये गये कार्यो से समाज को अवगत कराया। सम्बोधन भाषण में अध्यक्ष मांगीलाल काग ने समाज बन्धुओं को भादवा सुदी बीज की शुभकामनाँए देते हुए भरोसा दिलाया कि उनके कार्यकाल मे पदाधिकारियों व समाज बन्धुओ के सहयोग से समाज के चहुमुखी विकास के लिए वे हर सम्भव कार्य करेंगे। मंच का संचालन सोहनलाल परिहार व नारायणलाल वरपा ने संयुक्तरुप से किया। अध्यक्ष मांगीलाल काग के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।



बालाजी नगर जवाहरनगर स्थित सीरवी समाज ट्रस्ट द्वारा आयोजित भागवा सुदी बीज महोत्सव व वार्षिक कार्यक्रम मे पूजा-अर्चना, दर्शन, भजनो व महाप्रसादी का लाभ लेते हुए अध्यक्ष किशनलाल पँवार, सचिव लालाराम काग, पदाधिकारी व समाज बन्धु ।

# वडोदरा में गणेश स्थापना जुलूस के दौरान पथराव

### मामूली बात पर हुई कहासुनी, पत्थर मारा तो दूसरे समुदाय के शख्स को लगा

गांधीनगर, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। प्रतिमा ले जा रहे लोगों का आपस में विवाद हुआ। इसके बाद एक ने पत्थर मारा जो दूसरे समुदाय के शख्स को लगा और मामला पत्थरबाजी तक पहुंच गया।

गुजरात के वडोदरा में गणेश प्रतिमा को स्थापना के लिए ले जाते समय 2 समुदायों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर पत्थरबाजी हुई। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के 13 लोगों को हिरासत में लिया है और FIR भी दर्ज की है। घटना वडोदरा के मांडवी के पास पानीगेट इलाके की है, जहां सोमवार रात 11 से 12 बजे के बीच दोनों पक्ष उलझ गए। पुलिस के मुताबिक देर रात कुछ लोग गणेश प्रतिमा को स्थापित करने के लिए ले जा रहे थे। इसी समय इन लोगों का आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसमें एक शख्स ने दूसरे को पत्थर मार दिया।

एक पत्थर पास से निकल रहे दूसरे समुदाय के शख्स को लग गया, जिसके बाद पत्थरबाजी शुरू हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें पथराव और भगदड़ देखी जा सकती है।

पथराव करने वाले आपराधिक पृष्ठभूमि के घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की है। पुलिस के मुताबिक पथराव करने वाले आपराधिक पृष्ठभूमि के लोग हैं। शहर के अन्य इलाकों में तनाव फैलने से रोकने के लिए पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी है।

**पुलिस ने कहा- अफवाहों पर ध्यान न दें**

वडोदरा पुलिस में जॉइंट कमिश्नर चिराग कोरड़िया ने बताया, 'गणपति का जुलूस निकाले जाने के दौरान दो गुटों के बीच झगड़ा हो गया। फिलहाल यहां स्थिति शांतिपूर्ण है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।'

वडोदरा पुलिस में जॉइंट कमिश्नर चिराग कोरड़िया ने बताया कि इलाके में फिलहाल शांतिपूर्ण माहौल है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें।

वडोदरा पुलिस में जॉइंट कमिश्नर चिराग कोरड़िया ने बताया कि इलाके में फिलहाल शांतिपूर्ण माहौल है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें।

देश के कई हिस्सों में रामनवमी और हनुमान इस साल राम नवमी और हनुमान जयंती के मौके पर देश के कई हिस्सों में हिंसक घटनाएं हुईं। नई दिल्ली के जहांगीर पुरी में हनुमान जयंती पर दो गुटों के बीच झड़प हुई। वहीं राजस्थान, गुजरात, झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में राम नवमी के मौके पर कई शहरों में हिंसा भड़की।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 31 अगस्त, 2022

# रांची से रायपुर

बीते काफी समय से देखने में आ रहा है कि जब भी किसी राज्य सरकार पर राजनैतिक संकट आता है तो वह सबसे पहले अपने विधायकों की बाडेबंदी कर उन्हें फाइव स्टार पिकनिक पर ले जाती है। आजकल कुछ ऐसा ही झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सुरेन कर रहे हैं। वे अपने विधायकों को बसों में भर कर झारखंड के ही पिकनिक स्पाट पर घुमा-फिरा रहे हैं। इसके बाद भी उन्हें अपने खाए-अघाए विधायकों पर भरोसा नहीं हो रहा है। कुछ यही हाल कांग्रेस के विधायकों का भी है। कांग्रेस अपने विधायकों को चार्टर प्लेन से पडोसी कांग्रेसी राज्य छत्तीसगढ़ घुमाने के लिए रायपुर ले गई है। छत्तीसगढ़ के महंगे और मनोरम जगहों पर ही इनके खाने-पीने और रहने की दो दो दिनी व्यवस्था की गई है। पता नहीं इन विधायकों को कौन सी नजर लग गई है कि उनके मुखिया ही उन्हें अब शक की निगाहों से देखने लगे हैं। हल्के से विद्रोह या उलट-फेर की सुगबुगाहट से ही पार्टी प्रमुखों का हलक सूख जाता है। नतीजतन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने विधायकों को समेट किसी सुरक्षित स्थान पर ले गए हैं। विधायकों को घुमाने-फिराने के बाद उन्हें भरोसा हो गया है कि अब उनकी पार्टी की सरकार को कोई खतरा नहीं है और वे सदल-बल सहित रांची पहुंच गए हैं। ज्यादा दिन नहीं हुए जब महाराष्ट्र की सरकार पलटी थी। तब उसके चालीस विधायक पहले गुजरात गए फिर वहां से स्पेशल विमान से असम। गुवाहाटी के एक फाइव स्टार होटल में हफ्तों गुजारने के बाद उनकी बाडेबंदी गोवा में की गई। तब जाकर सरकार को पलटने में वे कामयाब हो पाए। इसी तरह मध्यप्रदेश में सरकार पलटने से पहले विद्रोही गुट के विधायक इसी तरह हरियाणा में डेरा डाले रहे। फिर कर्नाटक होते हुए जब भोपाल पहुंचे तो कांग्रेस की सत्ता चली गई थी। राजस्थान में सचिन पायलट ने भी अपने समर्थक विधायकों को कई दिनों तक गुरुग्राम के एक रिसोर्ट में बैठ कर सौदेबाजी करते रहे। लेकिन जब बात नहीं बनी तो लौट कर जयपुर पहुंच गए। अब अपने विधायकों को लेकर दिल्ली सरकार परेशान हुई तो उसने विश्वासमत पारित कर अपने को सुरक्षित और एकजुट साबित कर लिया है। जाहिर है विधायक बचाने की इस कवायद में सरकारी कामकाज कितना प्रभावित होता होगा क्या इसकी कल्पना भी किसी राजनीतिक दल ने की है। मतदाता के मन पर क्या असर पड़ता है, क्या इस बारे में सोचना अनैतिक काम मान लिया गया है। इस सच्चाई से तो कोई इनकार नहीं कर सकता कि राजनीति में हर दल सत्ता पाने के लिए ही चुनाव में उतरता है, मगर इसका तय संवैधानिक कायदा है। जिस दल को बहुमत मिलता है, सरकार वही बनाता है। बहुमत का अर्थ है कि जिस पार्टी पर लोगों ने विश्वास जताया है वही सरकार संभालेगी। लेकिन कई बार मलाईदार विभाग के बंटवारे आदि को लेकर बहुमत प्राप्त दल में फूट पड़ जाती है और असंतुष्ट विधायक किसी और दल के साथ मिल कर अपना स्वार्थ साधने निकल पड़ते हैं। लेकिन इसके लिए बनाए गए नियम कायदे वे भूल जाते हैं। देखने में आ रहा है कि सत्ता से चूक गया ताकतवर विपक्षी दल सत्तापक्ष में फूट डाल कर सरकार पलटने का प्रयास करता है। इसके लिए अलग हुए विधायकों को पैसा और पद का प्रलोभन भी दिया जाता है। इसी के जरिए कई राज्यों में सरकारें पलट भी दी गर्इं। इस समय झारखंड की में सत्ता जाने का भय सता रहा है। यह प्रवृत्ति किसी भी रूप में लोकतांत्रिक तो नहीं कहा जा सकता है। सबसे बुरी बात यह है कि यह अनैतिक और मतदाता के साथ धोखा है। सरकारें डगमगाती हैं तो सबसे ज्यादा नुकसान आम लोगों का होता है। जब सत्ता पक्ष लगातार अपने ही विधायकों पर नजर रखेगा, जिनके सहयोग से सरकार चल रही है, उन्हीं पर अविश्वास बना रहेगा, तो भला विकास कार्य और बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का संकल्प कब और कहां तक सिरे चढ़ पाएगा। आज राजनीति में भ्रष्टाचार की जडें काफी गहरे तक पहुंच चुकी हैं। इसके बाद भी किसी भी कीमत पर विधायकों की खरीद-फरोख्त और सरकारें पलटने का सिलसिला चलता रहा, तो यह भ्रष्टाचार कैसे कम होगा। जाहिर है भ्रष्टाचार से सराबोर राज्य कभी तरक्की कर पाते, वहां हमेशा सरकार गिरने की संभावना बनी रहती है। झारखंड इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अकूत खनिज संपदा होने और स्वतंत्र राज्य बनने के बावजूद आज तक वह तरक्की का सूरज नहीं उग पाया है। वहां राजनीतिक भ्रष्टाचार चरम पर है। इस हालात से निपटने के लिए निर्वाचन आयोग को ही कुछ कड़े कदम उठाने पडेंगे।

# पाकिस्तान को मदद की जरूरत



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पाकिस्तान में पहले से ही आर्थिक और राजनीतिक संकट गहराया हुआ है। अब प्राकृतिक संकट ने उसका दम फुला दिया है। घनघोर बरसात और बाढ़ के कारण लगभग आधा पाकिस्तान पानी में डूब गया है। सवा हजार से ज्यादा लोग मर चुके हैं। लाखों लोगों के घर ढह गए हैं। करोड़ लोगों को खाने-पीने की सांसत हो गई है। 4000 किलोमीटर सड़क उखड़ गई है। डेढ़ सौ से ज्यादा पुल ढह गए हैं। 2010 में भी लगभग ऐसा ही भयंकर दृश्य पाकिस्तान में उपस्थित हुआ था लेकिन इस बार जो महाविनाश हो रहा है, उसके बारे में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा है कि ऐसा वीभत्स दृश्य उन्होंने अपनी जिंदगी में कभी नहीं देखा। यदि यही स्थिति दो-तीन दिन और बनी रही तो सिंधु नदी और काबुल नदी का उफनता हुआ पानी पता नहीं कितने करोड़ अन्य लोगों को अनाथ कर देगा। इस साल पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान में हर साल के मुकाबले तीन गुना से ज्यादा पानी बरसा है। कुछ गांवों और शहरों में इस बार 8-10 गुना पानी ने खेत-खलिहान और बस्तियों को पूरी तरह डुबा दिया है। पाकिस्तान के 150 जिलों में से 110 जिले इस वक्त आधे या पूरे डूबे हुए हैं। यदि प्रकृति का प्रकोप इसी तरह कुछ दिन और चलता रहा तो पाकिस्तान की हालत अफगानिस्तान और यूक्रेन से भी बदतर हो सकती है। उसके नेता अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और कई मुस्लिम राष्ट्रों से मदद की गुहार लगा रहे हैं। संयुक्तराष्ट्र संघ ने राष्ट्रों के नाम अपील जारी करके पाकिस्तान के लिए मदद मांगी है। ब्रिटेन ने 15 लाख पाउंड भिजवाए हैं। ईरान, यूएई और सउदी अरब भी जल्दी ही मदद भिजवाने वाले हैं। यूएई 3000 टन अनाज और दवाइयां भी भिजवा रहा है लेकिन पाकिस्तान के कई पत्रकारों और नेताओं ने मुझसे फोन पर कहा है कि यदि इस मौके पर भारत भी मदद के लिए हाथ बढ़ाए तो कमाल हो जाएगा। वैसे तो 2010 के संकट के समय मैंने खुद राष्ट्रपति आसिफ जरदारी को फोन करके पूछा था कि अगर भारत कुछ मदद पहुंचाए तो कैसा रहेगा? यही सवाल आज भी हमारे सामने है। हमने श्रीलंका, अफगानिस्तान और यूक्रेन को आड़े वक्त में मदद करके जो सद्भावना अर्जित की है, वह अमूल्य है। जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, वहां के प्रधानमंत्री ने भारत के साथ आपसी रिश्ते सुधारने की बात पिछले हफ्ते ही कही थी। यों भी पाकिस्तान के सिंध, पख्तूनख्वाह और बलूच इलाके इस वक्त सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यदि नरेन्द्र मोदी सरकार इस वक्त मदद की पहल करे तो उससे दो लक्ष्य पूरे होंगे। एक तो दक्षिण एशिया के वरिष्ठ राष्ट्र होने का दायित्व हम निभाएंगे। दूसरा, भारत की मदद से पाकिस्तान की आम जनता इतनी प्रभावित होगी कि उसका असर उसकी फौज पर भी पड़ेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत से लड़ना ही रहा है। यह भी संभव है कि इस पहल के कारण दक्षेस (सार्क) के जो दरवाजे सात-आठ साल से बंद हैं, वे खुल जाएं।

# सरकारी स्कूलों में लग रहे हैं ताले



प्रियंका 'सौरभ'

शिक्षा वह नींव है जिस पर हम आने वाले पीढ़ी के भविष्य का निर्माण करते हैं। बंद होते सरकारी स्कूल चिंता का विषय हैं क्योंकि सरकारी स्कूल नहीं होंगे तो गरीब बच्चों का भविष्य का क्या होगा? इन स्कूलों को बंद करने का मुख्य कारण सरकार कम बच्चे होना बताया जा रहा है जबकि मुख्य कारण 40000 अध्यापकों के पद खाली हैं जबकि मिडिल स्कूलों को चलाने के लिए गणित विज्ञान, अंग्रेजी , हिंदी, शारीरिक शिक्षा विषयों के शिक्षकों की आवश्यकता होती है लेकिन सरकार ने 8 वर्षों से जानबूझकर अध्यापकों की भर्ती नहीं की जिससे स्कूलों में अध्यापकों के पद रिक्त होते चले गए पद रिक्त होने के कारण एक अध्यापक गणित विज्ञान अंग्रेजी हिंदी सर्विस को पढ़ा रहा था। शिक्षकों के अभाव के चलते हैं स्कूलों में बच्चों की संख्या कम होती चली गई जैसा सरकार चाहती थी क्या योजना के अनुसार वैसे ही हुआ स्कूल में बच्चे कम हो और इन स्कूलों को बंद करने का मौका मिल जाए। प्राइवेट स्कूलों से बेहतर रिजल्ट सरकारी स्कूलों के आ रहे हैं जबकि हरियाणा सरकार सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है तो बच्चों को अनपढ़ रखना चाहती है और युवाओं को रोजगार नहीं देना चाहती।

दरअसल सरकारी स्कूल फेल नहीं हुए हैं बल्कि यह इसे चलाने वाली सरकारों, नौकरशाहों और नेताओं का फेलियर है। सरकारी स्कूल प्रणाली के हालिया बदसूरती के लिए यही लोग जिम्मेवार है जिन्होंने निजीकरण के नाम पर राज्य की महत्वपूर्ण सम्पति का सर्वनाश कर दिया है। वैसे भी वो राज्य जल्द ही बर्बाद हो जाते है या भ्रष्टाचार का गढ़ बन जाते है जिनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और पुलिस व्यवस्था पर निजीकरण का सांप कुंडली मारकर बैठ जाता है। आज निजी स्कूलों का नेटवर्क देश के हर कोने में फैल गया है। सरकारी स्कूल केवल इस देश के सबसे वंचित और हाशिये पर रह रहे समुदायों के बच्चों की स्कूलिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अच्छे घरों के बच्चे निजी स्कूल में महंगी शिक्षा ग्रहण कर रहें और इस तरह हम भविष्य के लिए दो भारत तैयार कर रहें है।

निजी स्कूलों का बढ़ता कारोबार और बंद होते सरकारी स्कूल देश में एक समान शिक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है, उदाहरण के लिए हरियाणा जैसे विकसित राज्य में देश की दो बड़ी राजनीतिक पार्टियां भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पिछले 20 सालों में लगभग सामान रूप से सरकारें बना चुकी हैं, लेकिन राज्य के सरकारी स्कूल आज भी बुनियादी सुविधाओं से कोसो दूर हैं। यहाँ की सरकार अभी सरकारी स्कूली शिक्षा को खत्म करने की चिराग योजना लाई है. अगर आप सरकारी स्कूलों में बच्चे पढ़ाएंगे तो 500 रु. आपको भरने हैं, प्राइवेट में पढ़ाएंगे तो 1100 रु .सरकार आपके बच्चे की फीस के भरेगी. ये किसे प्रमोट किया जा रहा है? सरकारी स्कूली शिक्षा को या प्राइवेट को? इसका सीधा-सा मतलब सरकार मानती है कि वे अच्छी शिक्षा नहीं दे पा रहे और प्राइवेट वाले उनसे बेहतर हैं? लेकिन चुनाव के समय अच्छी शिक्षा के लिए जनता से वादे तो किये जाते हैं लेकिन राज्य के विद्यालयों की स्थिति के आंकड़े दिखाते हैं कि सरकारी स्कूलों पर कुछ ख़ास ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते विद्यार्थिओं का नामांकन कम हो रहा है, और अंत में कम नामांकन के चलते स्कूल बंद कर दिया जाता है।

दरअसल शिक्षा के माफिया स्कूली शिक्षा को एक बड़े बाज़ार के रूप में देख रहे हैं, जिसमें सबसे बड़ी रुकावट सरकारी स्कूल ही हैं। इस रुकावट को तोड़ने के लिए वे आये दिन नई-नई चालबाजियों के साथ सामने आ रहे हैं जिसमें सरकारी स्कूलों में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप वयवस्था को लागू करने पर जोर दे रहें है। शिक्षा की सौदेबाजी के इस काम में नेताओं और अफसरशाही का भी समर्थन मिल रहा है जो सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने में मदद करते है और चाहते है कि यह व्यवस्था दम तोड़ दे निजीकरण इस व्यस्था को अपने आगोश में लें ले। यही कारण है कि राज्य सरकारें प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, ज़रूरी आधारभूत सुविधाओं की कमी, बच्चों की अनुपस्थिति और बीच में ही पढ़ाई छोड़ देने के मसलों पर सरकार कोई जोर नहीं देती। आपको हैरानी होगी कि हरियाणा में पिछले दस सालों में प्राथमिक शिक्षकों की कोई भर्ती नहीं गई और वहां के लाखों छात्र अपनी योग्यता को साबित कर एचटेट की दस-दस बार परीक्षाएं उत्तीर्ण कर चुके है। इससे यही साबित होता है कि सरकार राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर जोर नहीं देना चाहती। हमें सबके लिए एक समान स्कूल की बात करनी होगी। लेकिन, यह बात इतनी सीधी नहीं है। वैसे भी सावर्जनिक स्कूल तभी अच्छे तरीके से चल सकतें है जब इसके संचालन में समुदाय और अभिभावकों की भागीदारी हो। आज ग्रामींण क्षेत्र के ज्यादार सरकारी स्कूल बच्चों के अभाव में बंद होने के कगार पर है। लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूल की बजाय पीले वाहनों में भेज रहें है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी ज़रूरी है लेकिन इस दिशा में सबसे बड़ी समस्या संसाधन सम्पन्न अभिभावकों का निजी स्कूलों की तरफ झुकाव है। सरकारी स्कूल के शिक्षक खुद अपने बच्चों को निजी स्कूल में भेज रहे है। ऐसे में वो बाकी लोगो को कैसे प्रेरित कर पाएंगे। दरअसल हमारे सरकारी स्कूल संचालन/प्रशासन, बजट व प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी और ढांचागत सुविधाओं पर खरे उतरने में नाकाम रहे हैं जिससे लोगों का ध्यान सरकारी स्कूलों से हटकर निजी स्कूलों की तरफ पर केंद्रित हो गया हैऔर दूसरा शिक्षा माफियों ने इसे मौका समझकर अपना धंधा बना लिया है। इन माफियों में बड़े-बड़े नौकरशाह और नेता खुद किसी न किस तरह हिस्सेदार है। ऐसे में वो एकदम सरकारी स्कूलों की दिशा और दशा सुधारने के प्रयास नहीं करना चाहते।ऐसे में एक उम्मीद न्यायपालिका से ही बचती है। वर्तमान दौर में देश भर में शिक्षक पात्रता उत्तीर्ण युवाओं की कोई कमी नहीं है। लेकिन वो नौकरी के अभाव में बेरोजगार है और देश हित में योगदान देने में असमर्थ है। केंद्र सरकार और न्यायपालिका को शिक्षा के निजीकरण पर पूर्ण पाबंदी लगानी चाहिए और देश में सबके लिए एक समान शिक्षा की पहल को पुख्ता करना चाहिए। तुरंत फैसला लेते हुए अब सरकारी स्कूलों में अध्यापक और छात्र अनुपात को घटाया जाये। ये फैसला बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में भी सहायक होगा। सभी निजी स्कूल सरकार के अधीन कर नयी शिक्षक भर्ती करें ताकि देश भर के प्रतिभाशाली शिक्षक हमारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करें। पहले से चल रहें निजी स्कूल सरकार के लिए एक विकसित व्यस्था का काम करेंगे। सरकार को कोई इमारत और अन्य सामान की व्यवस्था में कोई दिक्क्त नहीं होगी। केवल अपने अधीन कर नए शिक्षक भर्ती करने होंगे। इस कदम से भविष्य में एक भारत का निर्माण होगा, सबको एक समान शिक्षा मिलेगी, गुणवत्ता सुधरेगी, युवाओं की बेरोजगारी घटेगी और शिक्षा माफिया खत्म होंगे। अभिभावकों का मानना है कि शिक्षा के लिए ज़रूरी सुविधाएँ जैसे कंप्यूटर, शिक्षकों की उचित संख्या, पीने के पानी की उपलब्धता, आदि सरकारी स्कूल की तुलना में निजी स्कूलों ज़्यादा अच्छी होती हैं। ₹अगर सरकारी स्कूलों में भी अच्छी सुविधाएं सरकार उपलब्ध कराये तो हम या कोई भी व्यक्ति प्राइवेट स्कूलों में इतनी ज़्यादा फीस क्यों देना चाहेगा? आज सरकारी स्कूलों में अधिकांश गरीब परिवार के बच्चे होते हैं, वो बच्चे जिनके पास सरकारी स्कूल के अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प नहीं होता। सरकारी स्कूलों में उचित सुविधाओं के ना होने के कारण सरकारी स्कूलों में लगातार नामांकन कम होते जा रहे हैं। सरकार स्कूलों को बंद करने के पीछे घटते नामांकन को जिम्मेदार ठहराती है। लेकिनबंद हुए सरकारी स्कूलों की संख्या यह दर्शाती है कि घटते नामांकन के पीछे सिर्फ पलायन ही कारण नहीं है। आज भी चुनाव के समय अच्छी शिक्षा के लिए जनता से वादे तो किये जाते हैं लेकिन राज्य के विद्यालयों की स्थिति के आंकड़े दिखाते हैं कि सरकारी स्कूलों पर कुछ ख़ास ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते विद्यार्थिओं का नामांकन कम हो रहा है, और अंत में कम नामांकन के चलते स्कूल बंद कर दिया जाता है।

अब तो सरकारी स्कूलों में भी शिक्षण कार्य को आसान और मजेदार बनाने के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। बच्चों का मन पढ़ाई में कैसे लगे इसके लिए नित नए-नए तरीके भी सरकारी स्कूलों में इस्तेमाल किये जा रहे हैं और समय-समय पर शिक्षकों को इसकी ट्रेनिंग भी दी जाती है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है। इसके लिए हमारे स्कूलों में खेल के उपकरण भी हैं जिससे बच्चे मध्यावकाश में खेलते हैं।₹ एक तरफ जहां प्राइवेट स्कूलों की फीस बहुत मंहगी हो गई है, वहीं दूसरी ओर सरकारी स्कूलों में कक्षा आठ तक मुफ़्त शिक्षा दी जाती है जहां अमीर और गरीब दोनों तरह के छात्र एक साथ पढ़ सकते हैं।

# लोकहित के देवता : श्रीगणेश



अतुल कुमार

श्रीगणेश जी सर्वविघ्नों के हर्ता और सिद्धि – बुद्धि के प्रदाता हैं ।गणेशोपासना पूरे विश्व में विख्याता है .विघ्न निवारण के लिये गणेश जी प्रसिद्ध हैं ।न केवल विघ्न विनाश बल्कि हर कामना भी उनकी उपासना से पूरी होती है ।किसी भी मंगल कार्य को करते समय सबसे पहले उनकी पूजा ज़रूर होती है " गण" का अर्थ है ,वर्ग, समूह ,समुदाय , " ईश " का अर्थ है "स्वामी " अर्थात " गणेश " गोस्वामी तुलसीदास ने रामायण में पार्वती जी को " श्रद्धा " और " शंकर " जी को विश्वास का रूप माना । किसी भी कार्य के लिये श्रद्धा और विश्वास की ज़रूरत होती है । आज के संदर्भ में यह बहुत ज़रूरी है । पार्वती और शिव से गणेश हुए .अतः गणेश सिद्धि और अभीष्ट पूर्ती के प्रतीक हैं । शास्त्रों के अनुसार शब्द ब्रह्म " ऊं " का आविर्भाव बताया गया ,और इसी " ऊं " से श्री गणेश जी की मूर्ती की स्थापना की गयी । जो इस प्रकार है प्रथम भाग उदर ,मध्य शुंडाकार , दंड ,ऊपर अर्ध चंद्र , दंत , अनुस्वार मोदक और एक"ऊं " का स्वरूप "स्वस्तिक " भी है जिसे श्रीगणेश जी के चार हाथ माना गया । घर और व्यापार की बहियों मे भी इसका प्रचलन होता है .इन्हीं बातों को ले गणेश जी की प्रतिमा की भावना की गयी । जो भिन्न भिन्न रूपों में देखी जाती हैं। भगवान गणेश की चार भुजाएं हैं ।इन भुजाओं के द्वारा वह अलग – अलग लोकों के जीवों की रक्षा अभय दान देकर करते हैं एक भुजा स्वर्ग के देवताओं की रक्षा करती है तो दूसरी पृथ्वी तल के मानवों की तीसरी पाताल लोक की और चौथी नागों की । इन भुजाओं में भक्तों के कल्याण के लिये चार चीज़ें धारण कर रखी हैं पाश ,अंकुश , दंत और वर .पाश मोह नाशक है ।अधिक मोह न पालने का ज्ञान देता है।।अंकुश का काम नियंत्रण करना है जीवन में नियंत्रण अति आवश्यक है खाने से ले कमाने तक और बातों से ले व्यवहार तक हर चीज़ नियंत्रण में होगी तभी मानव कल्याण होगा .दंत दुख नाशक है ।सब विघ्नों का विनाश करने वाला है .वर भक्तों के अभीष्ट पूरक ब्रह्म का रूप है गणेश जी ने 2संपूर्ण मानव कल्याण के लिये अपने चारों हाथों में इन वस्तुओं को धारण किया है । मानव हित के लिये सदैव वह आगे रहते हैं । अतः उन्हें जगन्नियता भी कहा जाता है । परमात्मा श्रीगणेश इस सृष्टि की रचना कर अनेक रूपों में व्यक्त हुए हैं ।इसलिये उन्हें आदि पुरुष , अक्षर, अनंत ,अवयय , और परम पुरुष कहा जाता है ।उनके भीतर से पंचतत्व उत्पन्न हुए पृथ्वी ,जल , अग्नि ,वायु , और आकाश यह पांच तत्व हैं फिर पृथ्वी से औषधियां ,औषधियों से अन्न ,अन्न से शुक्र ,शुक्र से पुरुष और फिर पुरुष के द्वारा यह संपूर्ण जगत परिव्याप्त हुआ ।यह भगवान गणेश का ही विराट स्वरूप है । जो सर्व शक्तिमान पूर्ण ब्रह्म जल के भीतर है ,जो अग्नि में है , जो औषधियों में है,वनस्पतियों में है,जो सर्वत्र परिपूर्ण है,जिसका नाना प्रकार से वर्णन हुआ वह श्रीगणेश ही तो हैं ।बौद्धिक रूप से इतने कुशाग्र कि माता पिता की आज्ञा हुई कि संपूर्ण सृष्टि का चक्कर लगा आओ तो अपने माता पिता का चक्कर लगा यह सिद्ध किया कि उनके समान कोई विराट ,विशाल और व्यापक नहीं हैं जो भी हैं वही हैं ।माता पिता के प्रति उनके आदर और प्रेम की ऐसी पराकाष्ठा को देख शिव पार्वती तो प्रसन्न और आह्लादित हुए । इसी के बाद वह प्रथम पूज्य भी कहलाए । आज के संदर्भों में जब वृद्धाश्रमों की संख्या बढ रही हो ,माता पिता की अवहेलना ,अपमान और अवज्ञा हो रही हो तब उनकी पूजनीय शिक्षा और अधिक प्रासंगिक दिखायी देती है ।श्रीगणपति द्वारा चूहे की सवारी क्यों ? इसका तात्पर्य यह कि मूषक का स्वभाव है वस्तु को काट देने का ।वह यह नहीं देखता कि वस्तु नयी है या पुरानी बिना कारण ही उन्हें काट देता है ।इसी प्रकार कुतर्की जन भी यह नही सोचते कि प्रसंग कितना सुंदर और हित कर है .आदतन चूहे की भांति वे भी उसे काटने की चेष्टा करते हैं ताकि अपनी हीनता और अज्ञानता को प्रकट होने से बचा सकें ।आज ऐसे तत्व अधिक मिल जाएंगे जो कुतर्की बातें करते है । श्र ी ग ण प ति 3बुद्धिप्रद हैं अतः उन्होंने कुतर्क्र रूपी मूषक को वाहन रूप में अपने नीचे दबा रखा है । बेतुकी बातों और बहसों से बचें यह शिक्षा हमें उनके इस वाहन द्वारा मिलती है। श्रीगणेश जी को समर्पित किये जानेवाले पत्र भी आयुर्वेद की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने गये ।उनमें कुछ औषधि, आरोग्य वर्धक ,रोग निवारक सिद्ध हुई हैं। विशेषकर दूर्वा तो पुष्टि दायक, कई लाभों से युक्त ,सवर्ण कारक, सर्वदोषहर, कहलाती है जो विशेष रूप से श्रीगणपति की पूजा में उपयोग में लायी जाती हैं। कुछ नये अध्ययनों के अनुसार दूर्वा में प्रोटीन अधिक होता है इसी प्रकार अन्य पत्रों की भी वैज्ञानिक महत्ता पायी गयी। दूर्वा का अर्थ जीव होता है .जीव सुख और दुख भोगने के लिये होता है । इस सुख और दुख रूप को दूर्वा युग्म रूप में उनको समर्पित की जाती है । भगवान विनायक को सबसे प्रिय मोदक है मोदक क्या है ? मोद – आनंद ही जीवन है पूर्ण ब्रह्म तत्व माया से आच्छादित होने से वह दीखता नहीं यह मोदक सिखलाता है । श्रीगणेश जी के हाथ में इसे रखते हैं तो वह प्रसाद तो दिखता ही है पर यह संदेश भी देता है कि अपने व्यक्तित्व को भी मधुर और विकसित बनाओ ताकि लोग मिलने को उत्सुक रहें न कि कन्नी काटें ।शास्त्रानुसार हाथी की पूजा करने वाला पुरुष मान्य और धन्य होता है जिसे हाथी स्वयं अपनी सूंड से सिर पर चढाये उसकी धन्यता असंदिग्ध है ।" नाक " प्रतिष्ठा की द्योतक है। लंबी नाक ,नाक कट जाना , नाक बचाना आदि काफी प्रचलित हैं ।

इसी नाक की प्रतिष्ठा के लिये ही आदमी अनेकानेक उपाय करता है । अतः श्रीगणेश जी ने इसके माध्यम से अच्छी प्रतिष्ठा और मान को व्यक्ति की नाक से जोडा। हाथी के नेत्र प्रकृति ने कुछ इस प्रकार बनाये हैं कि उसे छोटी वस्तु भी बडी दिखायी देती है ।श्रीगणेश की आंखें छोटी होने के कारण हमें बताती हैं कि आदमी का दृष्टिकोण बडा और उदार होना चाहिये ।उसे अपने गुणों की अपेक्षा 4अन्य के गुणों को अधिक विकसित रूप में देखना चाहिये ।तभी वह एक आदर्श की स्थापना के रूप में सफल हो सकेगा .अपने छोटे नेत्रों से उसे सृष्टि के लघु प्राणि को बृहद रूप में देखना चाहिये ।अनेकानेक विशेषताओं से परिपूर्ण होने कारण ही श्रीगणेश को " गजानन " भी कहा गया ।जो वास्तव मे सार्थक है ।

# खतरा बनता नशे का धंधा

किसी समाज और देश को भीतर से खोखला करना हो तो उसकी युवाशक्ति को नशे के गर्त में धकेलना काफी है। हाल के वर्षों में देश के अलग-अलग हिस्सों में नशीले पदार्थों की बरामदगी, जब्ती और मादक पदार्थों की आपूर्ति के संजाल के खुलासों पर नजर दौड़ाई जाए, तो कह सकते हैं कि नशे की गिरफ्त में जाती हमारी युवा पीढ़ी ऐसे ही संकट से दो-चार है। मामला सिर्फ यह नहीं है कि चौकसी बरते जाने के कारण देश में मादक पदार्थों की भारी-भरकम खेपें पकड़ी जा रही हैं, बल्कि गंभीर पहलू यह भी है कि आखिर इस नेटवर्क में कौन लोग शामिल हैं, ये मादक पदार्थ कहां से आ रहे और कहां जा रहे हैं और इतनी भारी खपत हमारे देश के किन इलाकों व समाज के किन वर्गों के बीच हो रही है।

इस समस्या का एक सिरा इससे भी जुड़ता है कि दिखावे की परंपरा, अमीरों जैसी रहन-सहन वाली शैली, परिवारों की टूटन, बेरोजगारी या अकेलेपन आदि ने ही तो कहीं हमारी युवा पीढ़ी को जाने-अनजाने नशे की अंधेरी गलियों में नहीं धकेल दिया है! देश के विभिन्न हिस्सों में मादक पदार्थों की धरपकड़ में इधर काफी तेजी आई है। हाल में मुंबई की मादक द्रव्य निरोधी इकाई (एंटी नारकोटिक्स सेल) ने गुजरात के भरूच जिले के अंकलेश्वर में नशीले पदार्थ बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के पांच सौ तेरह किलो नशीले पदार्थों की बरामदगी के साथ सात लोगों को पकड़ा था। इसी तीन अगस्त को मुंबई के नालासोपारा से चौदह अरब रुपए की नशीली दवा मेफेड्रान-एमडी पकड़ी गई थी। पता चला था कि ये खेपें उच्च वर्ग के युवाओं के दायरों में बेची जा रही हैं। यही नहीं, मादक पदार्थों के इस गोरखधंधे में लगे लोग कारोबार के लिए सोशल मीडिया और अन्य आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि उनकी आसानी से धरपकड़ न हो सके। उल्लेखनीय यह भी है कि मादक पदार्थों की यह आपूर्ति देश के बाहर के कई ठिकानों से हो रही है। गुजरात में मुंद्रा और पीपीववा जैसे निजी बंदरगाह देश में बाहर से नशीले पदार्थों के कारोबार के प्रवेश द्वार बन गए हैं। वर्ष 2017 से 2020 के दौरान गुजरात में ढाई लाख करोड़ रुपए की नशीली दवाएं पकड़ी जाना इस बात का संकेत है कि एजंसियां इस गोरखधंधे में शामिल लोगों को पकड़ने में नाकाम रही हैं। वरना कैसे ये मादक पदार्थ हमारे यहां पहुंच रहे हैं? शायद इसकी एकमात्र वजह यही है कि इस कारोबार में लगे लोगों को कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण हासिल है और इसलिए पुलिस व केंद्रीय एजंसियां अवैध कारोबार में लगे असली दोषियों को पकड़ने में हिचकिचाती हैं। नशीले पदार्थों की तस्करी में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ना और चिंता पैदा कर रहा है। यह एक किस्म का नार्को आतंकवाद है जिस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। वर्ष 2019 में अटारी-वाघा सीमा पर पांच सौ किलो से ज्यादा हेरोइन बरामद होने के दो साल बाद पिछले साल दिसंबर में गुजरात तट पर एक पाकिस्तानी नाव से सतहत्तर किलो हेरोइन की जब्ती से ऐसा संकेत मिला था कि सीमा पर सख्ती के चलते आतंकवादियों को हथियार व गोला-बारूद जुटाने में मदद के लिए नशे की खेपों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# मानवीय अभ्युदय का महत्वपूर्ण दिवस संवत्सरी



मुनि चैतन्य कुमार अमन

भारतीय परम्परा में पर्व उत्सव तथा त्योहारों की भरमार है। वर्ष में तीन सौ पैंसठ दिन होते है, शायद पर्व भी तीन सौ पैंसठ से कम नहीं होगे। एकता में अनेकता या अनेकता में एकता भारत के सिवाय अन्य देशों में शायद ही मिले। भारत के अनेक पर्व मात्र आमोद-प्रमोद और मौज मस्ती कर मनोरंजन तक ही सीमित है। मात्र जैन परम्परा में आने वाला यह पर्व आत्म रंजन पानि आत्मशोधन का पर्व है- पर्युषण महापर्व भाद्रव माह में आने वाला यह पर्व श्वेताम्बर परम्परा में आठ दिन तक त्याग तपस्या संयम साधना का विशिष्ट पर्व है। यह पर्व धार्मिक भावनाओं से ओत प्रोत है। यह पर्व व्यक्ति को आत्म केन्द्रित होने की प्रेरणा देता है। इस पर्व में हर आवक अव्रत से व्रत, असंयम से संपम, योग से व्याग, वासना से उपासना की चढ़ने का प्रयत्न करता है। मौन, ध्यान, जप, स्वाध्याय, खाद्य संयम के द्वारा अपनी धार्मिक आस्थाओं और अधिक पुष्ट करता है। इसके अंतिम को सवत्सरी महापर्व के रूप में ख्याति प्राप्त है। संवत्सरी क्योंः जैन परम्परा में संवत्सरी का सर्वाधिक महत्व है। शास्त्रों में कहा गया है कि कालचक्र के सभी और आषाढ़ सुदी पूर्णिमा को बदलते है फिर सावण कृष्णा प्रतिपदा को नया माट प्रारंभ होता है। नया माह के उन पचास दिन के बाद पचासवें दिन संवत्सरी मनाने का विधान रा है वर्तमान में काल गणना के अनुसार वा ठा आरा तथा उसके बाद पुन. 5 वा 6 ठा आरा बीतने के बाद, जो सृष्टि में हवस का दौर चल रहा है उसमें परिवर्तन घटित होगा तथा फिर सात दिन मुसलाधार वर्षा होती है पुनः सात दिन मौसम साफ रहता है फिर सात दिन अमृत की, दूध की वर्षा होती है। धरती सिग्ध होती है। लोगों के दिलों में प्रेमभाव पैदा होता है। इस तरह उनपचास बिताने के बाद पचासवें दिन सभी मांस मदिरा का त्याग कर सौहार्द से रहने की प्रतिज्ञा करते हैं। संवत्सर वर्ष में एक दिन आने वाला यह पर्व माननीय अभ्युदय का एक महत्वपूर्ण दिन बन गया। इसी लिए यह पर्व चातुर्मास होने के पचासवें दिन मनाया जाता है भाइब शुक्ला पंचमी का दिन प्रायः होता है। इस पर्व की ओर भी अनेक विशेषताएं है। जैन साधु के लिए संवत्सरी के अवसर पर तीन कार्य विशेष रूप से करणीय है- प्रथम इस दिन लेप मात्र आहार पानी का प्रयोग नहीं करना। मस्तक पर बाल नहीं रखना अर्थात लोच करना, समस्त जीव जगत से क्षमा का आदान प्रदान करना। किसी के साथ कटुता का भाव नहीं रखना, सरतात्मा बनकर क्षमा याचना करना श्रमण भगवान महावीर ने इन पर्युषणों की आराधना की, उत्कृष्ट क्षमा की साधना की। उन्होंने साढ़े वर्षों की अवधि में घोर तपस्या एवं उत्कृष्ट ध्यान साधना करके कैवल्य ज्ञान की प्राप्तिकी। तत्पश्चात धर्मोपदेश देकर जन मानस को सन्मार्ग की ओर प्रस्थित किया। उनके द्वारा दिए गए उपदेश, संदेश सिद्धान्त विश्व मानव के लिए समस्याओं का सटीक समाधान है। इस भारतीय परम्परा में अनेक विसंगतियां पल रही है, आतंकवाद हिंसाजन्य घटनाएं घट रही है। असहिष्णुता के कारण मानवीय संबंधों में दरारें पड़ रही है। विलासिता पूर्ण जीवन शैली के कारण संग्रह-शोषण का मनोभाव बढ़ रहा है। पूर्वाग्रहों के कारण मतभेदों का स्थान मनोभेद ले रहे हैं। इन सारी समस्याओं का समाधान संभव है बशर्ते मानव मानव यह चिंतन करे और पर्व धर्म को नित्य धर्म बनाएं, महापुरुषों की सिद्धान्तों को चर्चा को चर्यागत करे, उनके चरणों की पूजा करने के साथ अपने आचरणों को सुधारने का मानस बनाए। संवत्सरी महापूर्व यही सन्देश लेकर उपस्थित हुआ है। इन पर्वों की भावना को आत्मसात हर मानव मानवीय व्यवहार करें किसी के साथ किसी प्रकार का कटूता का व्यवहार हुआ हो तो मधुरता से उसका परिष्कार करें। जिससे यह आत्मालोकन का यह पर्व मानवीय अभ्युदय की दृष्टि से कारगर होगा।



# ॐ गं गणपतयै नमः



# शुभ बुधवार




**गणेश प्रतिमा की स्थापना-** गणेश प्रतिमा की स्थापना ईशान कोण में करना शुभ माना जाता है। जी हाँ और ध्यान रहे कि स्थापना इस प्रकार करें कि मूर्ति का मुख पश्चिम की ओर रहे। इसके अलावा जहां पर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित करें।


**रोज करें पूजा और आरती-** बप्पा की स्थापना के बाद श्रीगणेश की प्रतिमा को इधर-उधर न रखें यानी हिलाएं नहीं। जी दरअसल ऐसा करना ठीक नहीं माना जाता। आप भगवान श्रीगणेश को सुबह-शाम दीपक व भोग लगाएं तथा आरती करें। जी दरअसल यह सभी काम करते समय मन को शुद्ध रखें यानी किसी तरह की बुरा भाव मन में नहीं होना चाहिए।

**कैसी होनी चाहिए प्रतिमा-** भगवान गणेश की प्रतिमा जब भी स्थापित करें तो इस बात का ध्यान रखें कि उनकी मूर्ति खंडित अवस्था में नहीं होनी चाहिए। ध्यान रहे गणेश जी की मूर्ति में उनके हाथों में अंकुश, पाश, लड्डू, सूंड धुमावदार हाथ वरदान देने की मुद्रा में होनी चाहिए। इसके अलावा उनके शरीर पर जनेऊ उनका वाहन चूहा जरूर होना चाहिए। इसी के साथ सार्वजनिक जगहों पर जैसे पंडालों में गणेश स्थापना के लिए भगवान गणपति की मूर्ति मिट्टी से बनी हुई होनी चाहिए। इसके अलावा घर या अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भगवान गणेश की मूर्ति मिट्टी के अलावा सोने, चांदी, स्फटिक अन्य चीजों से बनी मूर्ति रख सकते हैं।










## पैसों की है तंगी तो गणेश चतुर्थी के दिन करें यह खास उपाय

भगवान गणेश का पर्व यानी गणेश उत्सव इस साल 31 अगस्त से शुरू होने वाला है। आप सभी जानते ही होंगे गणपति बप्पा को दूर्वा यानि दूब घास अति प्रिय है और उनकी पूजा में इसका विशेष रूप से इस्तेमाल किया जाता है। कहा जाता है बुधवार के दिन भगवान गणेश को दूर्वा अर्पित करने से पूजा शीघ्र फलदायी होती है और जीवन के सभी विघ्न दूर होते हैं। इस बार गणेश चतुर्थी का पर्व भी बुधवार से शुरू हो रहा है और बप्पा की पूजा बिना दूर्वा के अधूरी मानी जाती है। वहीं शास्त्रों में भगवान गणेश की कृपा प्राप्त करने और दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदलने के लिए दूर्वा के कुछ खास उपाय बताए गए हैं। आज हम आपको उन्ही के बारे में बताने जा रहे हैं।

**भाग्य-** अगर आपके बने बनाए कार्य अटक जाते हैं तो सफेद गाय के दूध से सफेद दूर्वा घास का लेप बनाएं और फिर उसका हर रोज तिलक लगाएं।

**कुंडली में बुध की स्थिति होती है मजबूत-** कुंडली में बुध ग्रह की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए किसी भी बुधवार के दिन गणेश मंदिर में जाकर दूर्वा की 11 गांठ अर्पित करें। जी दरअसल ऐसा करने से गणेशजी प्रसन्न होते हैं और बुध दोष भी समाप्त हो जाता है। ध्यान रहे गणेशजी को दूर्वा चढ़ाने के लिए साफ जगह से ही दूर्वा घास तोड़ें।

**लड़ाई-झगड़ा दूर-** परिवार में लड़ाई-झगड़ा होता रहता है या पारिवारिक सदस्यों के बीच झगड़ा है तो बुधवार के दिन गाय को हरी दूर्वा घास खिलाएं। जी हाँ क्योंकि ऐसा करने से गृह क्लेश दूर होता है और लोगों के बीच आपसी प्रेम की भावना बढ़ने लगती है।

**आर्थिक समस्याएं दूर-** जीवन में आर्थिक समस्याएं बनी रहती हैं या कर्ज से परेशान हैं तो बुधवार या गणेश चतुर्थी के दिन भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करें और पांच दूर्वा में 11 गांठ लगाकर अर्पित करें। इसी के साथ ही हर रोज ऋणहर्ता गणेश स्तोत्र का पाठ करें।

**भगवान गणेश का आशीर्वाद-** नौकरी व व्यापार में उन्नति के लिए बुधवार के दिन 11 या 21 गांठ दूर्वा की अर्पित करें। हालाँकि इस बात का ध्यान रखें कि हर दूर्वा जोड़े में ही हो।

## गणपति जी को मोदक क्यों पसंद हैं?



दो मान्याएं हैं। पहली, देवी पार्वती बाल गणेश को मोदक खासतौर पर खिलाती थीं। दूसरी मान्यता, एक बार माता अनुसूइया ने गणेश जी को खाने पर बुलाया। बहुत खाने के बाद भी भगवान का पेट नहीं भर रहा था। अनुसूइया थक चुकी थीं, अंत में उन्होंने मोदक बनाए और मोदक खाते ही गणेश जी तृप्त हो गए। इन दो मान्यताओं की वजह से गणेश जी को मोदक चढ़ाते हैं।

मोदक शब्द का अर्थ है आनंद देने वाला। प्रसाद के रूप में मोदक खाने से इसकी मिठास भक्त को आनंद देती है।

### मोदक भूख शांत करता है और एनर्जी देता है

मोदक खाने से हमारा एनर्जी लेवल बढ़ता है। जब बॉडी में मीठे के रूप में ग्लूकोज जाता है तो हमारी भूख शांत होती है। थकान और कमजोरी में मोदक से राहत मिलती है।

मोदक बनाने में चावल का आटा, नारियल, काजू, बादाम, गुड़, घी, इलायची का इस्तेमाल होता है। ये सभी चीजें सेहत के लिए फायदेमंद हैं।

# इंडस्ट्री में दस साल पूरे होने पर सिद्धार्थ बोले- नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से यहां तक की मेरी जर्नी, यंगस्टर्स को इंस्पायर करेगी



**सिद्धार्थ मल्होत्रा** ने इस साल बॉलीवुड में अपने दस साल पूरे कर लिए हैं। एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ ने इंडस्ट्री में एक दशक पूरा होने पर अपने स्ट्रगल के बारे में बात की है। सिद्धार्थ ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनकी जर्नी लोगों को अपना पैशन फॉलो करने के लिए इंस्पायर करेगी। सिद्धार्थ ने 2012 में आई फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा के इंडस्ट्री में दस साल**

हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत करते हुए एक्टर ने बताया, मुझे लगता है कि लोगों को आपकी जर्नी को होलिस्टिक पॉइंट ऑफ व्यू से देखने की जरूरत है कि आपने कहां से शुरू किया और आज आप कहां हैं। दिल्ली के नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से यहां तक पहुंचने की मेरी जर्नी इंडस्ट्री में बहुत एक्सट्रीम रही है। पिछले 10 सालों से मैं लोगों को एंटरटेन करने के लिए अलग-अलग तरह के रोल कर रहा हूं।

**जो आप चाहते हैं, वो हर चीज मुमकिन है- सिद्धार्थ**

सिद्धार्थ ने अपने करियर ग्राफ के बारे में बात करते हुए कहा, यह उन लोगों के लिए है, जिन्हें मैं अपने काम से बताना चाहता हूं कि जो आप अपने दिमाग में ठान लेते हैं, वो हर चीज मुमकिन है। हमेशा आप हर किसी की राय मानकर नहीं चल सकते हैं। जो आप हासिल करना चाहते हैं, उसके लिए कभी न कभी आपको अपने मन की बात सुनकर, अपने डेडिकेशन और ऑब्सेशन के साथ काम करना होता है। मैं इस बात का खुद एक उदाहरण हूं और मुझे उम्मीद है कि यंगस्टर्स को इससे इंस्पिरेशन मिलेगी।


**इंडस्ट्री में आइकन होने के लिए बहुत मेहनत की जरूरत है**

सिद्धार्थ ने आगे कहा, मेरे लिए इस फील्ड में एक आइकन होना थोड़ा जल्दी होगा। मुझे पता है इन पिछले दस सालों में काम बहुत अच्छा रहा है। मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में एक आइकन होने और ऑडियंस का प्यार पाने के लिए आपको उन्हें काम करके दिखाना होगा। आपको ऑडियंस को दिखाना होगा कि लाइफ में कुछ पाने के लिए क्या करना ज्यादा जरूरी है।

**सिद्धार्थ के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स**

सिद्धार्थ के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो, एक्टर के पास 'थैंक गॉड', 'मिशन मजनू' और 'योद्धा' जैसी फिल्में हैं। इसके अलावा सिद्धार्थ इन दिनों रोहित शेट्टी की वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' की भी शूटिंग कर रहे हैं। बता दें, सिद्धार्थ ने 2010 में करण जौहर की फिल्म 'माय नेम इज खान' में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था।

# गुजराती फोक सिंगर का शव कार से बरामद : गला दबाकर हुई वैशाली बलसारा की हत्या



**गुजरात की** फेमस फोक सिंगर वैशाली बलसारा का शव कार से बरामद हुआ, जिसके बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उनकी हत्या गला दबाकर की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वैशाली शनिवार को घर से निकली थीं। लेट हो जाने पर वैशाली के पति हरेश ने उनसे मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन स्विच ऑफ था। इसके बाद करीब 2 बजे हरेश बलसारा ने वलसाड सिटी पुलिस को वैशाली के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच शुरू की और अगले ही दिन यानी रविवार को वलसाड के पारदी में नदी किनारे एक कार से संदिग्ध हालत में वैशाली का शव मिला।

**पुलिस को हत्या के कारणों का अभी तक सुराग नहीं मिला**

पुलिस ने वैशाली की हत्या की जांच के लिए 8 टीम बनाई है और सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस हत्या, पैसों के लेन-देन, आंतरिक कलह, अवैध संबंध सभी पहलुओं से जांच कर रही है। लेकिन हत्या के कारणों को लेकर अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। बता दें, 31 दिसंबर 2021 को नववर्ष की शराबपार्टी के चलते पुलिस ने वैशाली के घर पर छापा मारकर उन्हें दोस्तों के साथ नशे की हालत में पकडा था।

**वैशाली की हरेश की दूसरी पत्नी थी**

वैशाली की शादी साल 2011 में हरेश से हुई थी। दोनों की एक बेटी भी है। वहीं हरेश बलसारा को पहली पत्नी से भी एक बेटी थी। हरेश और वैशाली अपनी दो बेटियों और माता-पिता के साथ रहते थे। वैशाली अपने पति के साथ गुजरात और आसपास के शहरों में शोज करती थीं।

# कमाल आर. खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

## पुलिस ने मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था, 2020 में विवादित ट्वीट किए थे



**एक्टर और फिल्म** क्रिटिक कमाल राशिद खान को बोरीवली कोर्ट ने मंगलवार को 14 दिन की न्यायिक में भेज दिया है। दो साल पुराने केस में मुंबई पुलिस ने कमाल को एयरपोर्ट से अरेस्ट किया था। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। यह कार्रवाई 2020 के एक विवादित ट्वीट पर की गई। कमाल दो साल बाद मुंबई लौटे हैं। कमाल पर 2020 में युवा सेना की कोर कमेटी ने मलाड पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज कराई थी। कमेटी के मेंबर राहुल कनल का आरोप था कि कमाल ने दिवंगत एक्टर इरफान खान और ऋषि कपूर को लेकर आपत्तिजनक ट्वीट किए थे। इस मामले में पुलिस ने कमाल के खिलाफ सेक्शन 294 के तहत मामला दर्ज किया था।

**ऋषि और इरफान के निधन के बाद किए थे विवादित ट्वीट**

केआरके ने 2020 में इरफान खान (29 अप्रैल) और ऋषि कपूर (30 अप्रैल) के निधन के बाद ट्वीट किए थे। उन्होंने लिखा, 'मैंने कुछ दिन पहले ही कहा था कोरोना तब तक नहीं जाएगा जब तक कुछ फेमस लोगों को अपने साथ नहीं ले जाता। तब मैंने नाम नहीं लिखे थे, क्योंकि लोग मुझे गालियां देते, लेकिन मैं पहले से जानता था कि ऋषि और इरफान जाएंगे। मुझे ये भी पता है कि अगला नंबर किसका आने वाला है।'

जब ऋषि कपूर को रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया था तो केआरके ने ट्वीट किया था- 'ऋषि कपूर को एचएन रिलायंस अस्पताल में भर्ती किया गया है। मैं उनसे सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि सर ठीक होकर जल्दी वापस आना, निकल मत लेना, क्योंकि दारू की दुकान सिर्फ 2-3 दिन में खुलने ही वाली है।'

**यह कड़ा संदेश है- राहुल**

कमाल की गिरफ्तारी पर राहुल ने बयान जारी करते हुए कहा- मेरी शिकायत के कारण कमाल की गिरफ्तारी हुई है। मैं मुंबई पुलिस के इस काम की सराहना करता हूं और धन्यवाद देता हूं। मुंबई पुलिस ने इस गिरफ्तारी से ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ा संदेश भेजा है।

# शहनाज ने की सेकेंड बॉलीवुड फिल्म की अनाउंसमेंट

## जॉन अब्राहम, नोरा फतेही और रितेश देशमुख के साथ आएंगी नजर



शहनाज गिल ने अपनी सेकेंड अपकमिंग फिल्म 100% की अनाउंसमेंट कर दी है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर मोशन पोस्टर शेयर करते हुए अपनी सेकेंड बॉलीवुड फिल्म के बारे में जानकारी दी है। इस फिल्म में शहनाज के अलावा रितेश देशमुख, जॉन अब्राहम और नोरा फतेही भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह कॉमेडी फिल्म अगले साल दिवाली के मौके पर रिलीज की जाएगी।

29 सेकेंड का यह मोशन पोस्टर टेक्स्ट बेस्ड है, जिसमें फिल्म की अनाउंसमेंट की गई है। टीजर में लिखा है '20 % कॉमेडी, 20% रोमांस, 20 म्यूजिक 20%कंफ्यूजन, 20% एक्शन मिलकर हम 100 % हैं।' आगे टीजर में लिखा है ' एक फिल्म जो प्यार के बारे में, शादी के बारे में, फैमिली के बारे में और जासूसों के बारे में है।' एक्ट्रेस ने पोस्ट के नीचे कैप्शन लिखा- एक्शन, संगीत और जासूसों से भरी रोलर कोस्टर कॉमेडी, हम आपको 100 % इंटरटमेंट की गारंटी देते हैं। अगली दिवाली और भी खास होने वाली है, क्या आप तैयार हैं।'



फिल्म 100% का निर्देशन साजिद खान करने वाले हैं, जिसे अगले साल बॉक्सऑफिस पर रिलीज किया जाएगा। साल 2018 में लगे मी-टू आरोपों के बाद साजिद खान एक बार फिर कॉमेडी के साथ वापसी करने जा रहे हैं। इससे पहले साजिद हाउसफुल फ्रेंचाइजी से 3 पाट्‌र्स का डायरेक्शन कर चुके हैं, जिसे ऑडियंस ने पसंद किया है।

एक्ट्रेस की डेब्यू फिल्म 'किसी का भाई किसी का जान' इस साल दिसंबर में रिलीज होगी। जिसमें सलमान खान, पूजा हेगड़े, वेंकटेश दग्गुबती, जगपति बाबू, जैसी गिल, राघव जुयाल और सिद्धार्थ निगम मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# विजय सेतुपति ने शाहरुख की फिल्म जवान के लिए चार्ज किए 21 करोड़ रुपए



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की एक्शन फिल्म 'जवान' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में तमिल सुपरस्टार विजय सेतुपति निगेटिव रोल में नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में काम करने के लिए विजय ने मोटी रकम वसूल की है।

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि विजय ने इस फिल्म में काम करने के लिए 21 करोड़ रुपए फीस ली है। इससे पहले विजय ने अपनी पिछली फिल्म के लिए 15 करोड़ रुपए लिए थे।

कहा जा रहा है कि 'जवान' में विजय ने अब तक की सबसे ज्यादा फीस चार्ज की है। इसके साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि विजय ने इस फिल्म के लिए 2 एक्शन फिल्मों के ऑफर को भी रिजेक्ट कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म 'जवान' में विजय का किरदार इतना जबरदस्त है, कि उन्हें दूसरी फिल्मों को छोड़ने में कोई दिक्कत नहीं हुई।

**हिंदी समेत 5 भाषाओं में रिलीज की जाएगी फिल्म**

'जवान' को एटली ने लिखा और डायरेक्ट किया है। इसे हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ समेत पांच भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

ये फिल्म शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' के बैनर तले ही बन रही है। 'जवान' 2 जून 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में शाहरुख खान और विजय के अलावा नयनतारा और सान्या मल्होत्रा भी लीड रोल में होंगे।

# सारा अली खान के साथ स्पॉट हुए शुभमन गिल

## सारा तेंदुलकर से ब्रेकअप की खबरों के बीच दुबई के रेस्टोरेंट में आए नजर, सोशल मीडिया पर आई मीम्स की बाढ़



**सारा तेंदुलकर** के साथ ब्रेकअप की खबरों के बीच भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल एक्ट्रेस सारा अली खान नजर आए। दरअसल, एक टिक-टॉक यूजर ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया जिसमें शुभमन सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा के साथ नहीं बल्कि सैफ की बेटी सारा अली खान के साथ रेस्टोरेंट में बैठे नजर आए। खबरों की मानें तो शुभमन और सारा अली का यह वीडियो दुबई के रेस्टोरेंट का है, जिसे देखकर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर मीम्स बना रहे हैं।

सारा और शुभमन के ब्रेकअप की खबरें तब सुर्खियों में आईं जब दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। हालांकि, सारा अभी भी शुभमन की बहन फॉलो कर रही हैं। ऐसे में कपल के बीच ब्रेकअप की खबरें आने लगीं थीं। अब सारा अली को शुभमन के साथ देखकर इन खबरों को हवा मिल गई है। सोशल मीडिया यूजर्स का ये कहना है कि शुभमन ने सारा का हाथ छोड़कर एक बार फिर सारा का हाथ थाम लिया। इस वीडियो के साथ ही सारा अली खान और शुभमन की लिंकअप की खबरें आने लगी हैं।

**सालों से डेट कर रहे थे सारा और गिल**

शुभमन गिल और सारा तेंदुलकर की डेटिंग की खबरें सालों से सुर्खियों में रही थीं। हालांकि, दोनों को कभी पब्लिक में साथ स्पॉट नहीं किया गया। न ही दोनों ने कभी भी डेटिंग की खबरों को कंफर्म नहीं किया है। दोनों केवल सोशल मीडिया पर सोशल मीडिया एक-दूसरे की फोटोज पर कमेंट करते नजर आए। इतना ही नहीं शुभमन ने जब भी क्रिकेट फील्ड पर या लाइफ में कुछ भी हासिल किया, तब-तब सारा तेंदुलकर ने उन्हें अप्रिशिएट किया। यही वजह थी कि कपल हमेशा की चर्चा का विषय रहा है।

**सोशल मीडिया पर आई मीम्स की बाढ़**

सारा के साथ वीडियो वायरल होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर जमकर मीम्स बनाए जा रहे हैं। एक यूजर ने शुभमन को रियल प्लेयर कहा।वहीं दूसरे मीमर ने लिखा शुभमन गिल यह कह सकते हैं ऐसी कोई सारा नहीं जिसे मैंने डेट नहीं किया हो।

# कार्तिक आर्यन ने भी 9 करोड़ रुपए के एड का ऑफर ठुकराया

**बॉलीवुड स्टार कार्तिक** आर्यन ने पान मसाला कंपनी के ऑफर को ठुकरा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कार्तिक को इस ऐड के लिए कंपनी करीब 9 करोड़ रुपए ऑफर किए थे। रूह बाबा अपने फैंस के बीच किसी गलत चीज को प्रमोट नहीं करना चाहते हैं। इसीलिए उन्होंने इतने बड़े ऑफर को ठुकराया है। दरअसल, कार्तिक ने अपनी पिछली फिल्म भूल भुलैया 2 में रूह बाबा का किरदार निभाया था।

इसके पहले साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने भी पान मसाला कंपनी के ऑफर को ठुकरा चुके हैं। वहीं पान मसाला कंपनी को प्रमोट करने लिए अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार ट्रोल हो चुके हैं।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, कार्तिक के ऐड ठुकराने की खबर पर उन्होंने इंडस्ट्री के एक मशहूर ऐड गुरू से इस बात की। उन्होंने कहा- जी हां, कार्तिक ने पान मसाला कंपनी के 9 करोड़ के ऑफर को ठुकरा दिया है। कार्तिक के कुछ उसूल हैं, जो आजकल इंडस्ट्री के बहुत ही कम एक्टर्स में देखने को मिलती है। कार्तिक एक यूथ आइकन हैं और यह बहुत अच्छी बात है कि वह अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं।

वहीं कार्तिक आर्यन के इस फैसले को सेंसर बोर्ड के एक्स चेयरपर्सन और प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी ने भी सराहाना की है। उन्होंने कहा- पान मसाला लोगों से जिंदगी छीन रहा है। बॉलीवुड के रोल मॉडल इन गुटखा कंपनियों के ऐड को प्रमोट कर देश के स्वास्थ से खिलवाड़ कर रहे हैं।




साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने एक तंबाकू कंपनी के विज्ञापन का ऑफर ठुकरा दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी ने अल्लू को करोड़ो रुपए का ऑफर दिया था। अल्लू अपने फैंस के बीच किसी भी गलत चीज को प्रमोट नहीं करना चाहते थे। अल्लू खुद भी खुद तम्बाकू का सेवन नहीं करते हैं। इसी वजह से उन्होंने तंबाकू कंपनी का ब्रांड एंडोर्समेंट करने से इनकार कर दिया था।

अल्लू के करीबी लोगों ने बताया था कि वे नहीं चाहते कि उनके फैंस इस तंबाकू का ऐड देखकर ऐसा प्रोडक्ट खाना शुरू कर दें, जिससे उन्हें इसकी लत लगे। उनका मानना है कि जिस चीज का सेवन वे खुद नहीं करते, उसे प्रमोट क्यों करें।

अजय देवगन, शाहरुख खान के बाद अक्षय कुमार एक पान मसाला के ऐड में शामिल हुए थे, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर उन्हें खूब ट्रोल किया गया था। ऐसा इसलिए, क्योंकि अक्षय ने अपने कई इंटरव्यूज में कहा था कि गुटखा कंपनियां उन्हें करोड़ों के ऑफर देती हैं, लेकिन वे उन्हें स्वीकार नहीं करते। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी एक पान मसाला को प्रमोट करते थे। इसे लेकर सोशल मीडिया पर उनकी खूब ट्रोलिंग हुई थी। इसके बाद उन्होंने अपने बर्थडे पर ऐड छोड़ने का ऐलान किया था। उनकी तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया था, 'जब अमिताभ बच्चन इस ब्रांड से जुड़े थे, तब उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि यह सरोगेट विज्ञापन के अंतर्गत आता है। अमिताभ ने ब्रांड के साथ अनुबंध खत्म कर दिया है और प्रमोशन फीस भी वापस लौटा दी है।'



# ज्ञानवापी वकालत को बंद करने की धमकी

## पैरोकार बोले- हम या एक भी एडवोकेट दुर्घटना का शिकार हुए तो सरकार जिम्मेदार होगी

वाराणसी, 30 अगस्त (एजेंसियां)। वाराणसी में ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में हिंदू पक्ष के पैरोकार और विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह 'विसेन' और वकीलों को डराया-धमकाया जा रहा है। जितेंद्र सिंह 'विसेन' ने कहा कि अब उनके लोगों को धमकी दी जा रही है। कहा जा रहा कि ज्ञानवापी की वकालत बंद कर दूं। मेरे परिवार के सदस्य, सहयोगी और एडवोकेट अब कभी भी किसी षड्यंत्र या दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। यदि ऐसा कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार हिंदू विरोधी शक्तियां, तथाकथित राष्ट्रवादी पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ और सरकार के लोग होंगे।

मीडिया के माध्यम से समाज में भ्रम फैलाना कि श्रृंगार गौरी केस की वादिनी राखी सिंह मुकदमा वापस ले रही हैं।

मैं कमीशन की इस कार्रवाई में शामिल न हो सकूं, इसके लिए हर संभव प्रयास चल रहा। फाइनली एडवोकेट कमिश्नर विशाल सिंह द्वारा मुझे कमीशन कार्रवाई के दौरान कमीशन से बाहर करना।




मेरे अकाउंट में अज्ञात सूत्रों द्वारा पैसा देकर मुझे बदनाम किया जा रहा है। समाज में यह भ्रम फैलाया गया कि जितेंद्र सिंह बिसेन मुस्लिम पक्ष से मिले हैं।

कमीशन कार्रवाई के दौरान हुई वीडियोग्राफी की फोटो-वीडियो लीक होना। उसका इल्जाम मेरे ऊपर लगना।

वीडियो लीक मामले में सरकार ने दोषियों के खिलाफ न तो जांच की और न ही कोई कार्रवाई। मेरे द्वारा उठाए गए सीबीआई जांच की मांग को दरकिनार करना।

सीबीआई जांच की मांग करने पर मेरे सहयोगियों के ऊपर फर्जी मुकदमे बनाकर उन्हें जेल भेजना। इससे मेरे साथ जुड़े हुए लोगों का मनोबल टूटा है। मेरे कई सहयोगी मुझसे दूर हो गए। हमारी टीम पर इस विषय को लेकर अकारण ही आर्थिक बोझ पड़ गया है।

कमीशन कार्रवाई के दौरान थाना चौक से संबंधित पुलिस अधिकारियों का मेरे प्रति दुर्व्यवहार पूर्ण बर्ताव।

पाकिस्तान से धमकी मिल रही है। पाकिस्तान के नंबर से मिस्ड कॉल कर डराया जा रहा, जोकि पूरी तरह समझ से परे है। इस पर प्रशासन कर चुप्पी साधना।

न्यायालय परिसर में मेरे अधिवक्ता अनुपम त्रिवेदी को धमकी देकर डराना-धमकाना।

अज्ञात तत्वों द्वारा मुझे ज्ञानवापी प्रकरण से दूर रहने और बनारस न आने की धमकी देना।

ज्ञानवापी परिसर के सर्वे के बाद यह फोटो लीक हुई। ज्ञानवापी के वजूखाने में मिली पत्थर की इस संरचना को लेकर हिंदू पक्ष का दावा रहा कि यह शिवलिंग है। मुस्लिम पक्ष ने फव्वारा बताया।

ज्ञानवापी परिसर के सर्वे के बाद यह फोटो लीक हुई। ज्ञानवापी के वजूखाने में मिली पत्थर की इस संरचना को लेकर हिंदू पक्ष का दावा रहा कि यह शिवलिंग है। मुस्लिम पक्ष ने फव्वारा बताया।

**जितेंद्र सिंह 'विसेन' इन वादों में पक्षकार और पैरोकार हैं**

ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का आदेश देने वाले जज को भी 3 महीने पहले दो बार धमकी मिल चुकी है। इस्लामिक आगाज मूवमेंट के नाम से जज रवि कुमार दिवाकर को रजिस्टर्ड डाक से धमकी भरी चिट्ठी भेजी गई थी। जज रवि कुमार दिवाकर ने बताया था कि एक रजिस्टर्ड लेटर उनके पास इस्लामिक आगाज मूवमेंट, नई दिल्ली के नाम से आया है। लेटर में लिखा है कि अब न्यायाधीश भी भगवा रंग में सराबोर हो चुके हैं। फैसला उग्रवादी हिंदुओं और उनके तमाम संगठनों को प्रसन्न करने के लिए सुनाते हैं। इसके बाद ठीकरा विभाजित भारत के मुसलमानों पर फोड़ते हैं।'

चिट्ठी में आगे लिखा है, 'आजकल न्यायिक अधिकारी हवा का रुख देख कर चालबाजी दिखा रहे हैं। आपने वक्तव्य दिया था कि ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का निरीक्षण एक सामान्य प्रक्रिया है। आप भी तो बुतपरस्त (मूर्तिपूजक) हैं। आप मस्जिद को मंदिर घोषित कर देंगे। कोई भी काफिर मूर्तिपूजक हिंदू न्यायाधीश से मुसलमान सही फैसले की उम्मीद नहीं कर सकता है।'

# यूपी बीजेपी के नए अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बताया संगठन और सरकार में कैसा है तालमेल

लखनऊ, 30 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी सरकार में पंचायती राज मंत्री रहे भूपेंद्र सिंह सोमवार को विधिवत ढंग से प्रदेश भाजपा के चौधरी हो गए। मंगलवार के उन्होंने पंचायती राज मंत्री पद से इस्तीफा भी दे दिया। इसके पहले भूपेन्द्र चौधरी ने यूपी में बीजेपी संगठन और सरकार के बीच तालमेल पर बात की। उन्होंने कहा कि संगठन और सरकार के बीच समन्वय का कोई विवाद ही नहीं हैं। सरकार तो संगठन के एजेंडे पर ही चल रही है।

प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य की बेहतरी, अराजकता और भ्रष्टाचार को खत्म करना हमारे ही तो एजेंडे में था। हमीं लोग कहते आए हैं कि सरकार बनने पर धारा-370 हटाएंगे, अयोध्या में राममंदिर बनाएंगे। केंद्र की मोदी सरकार ने धारा-370 हटाई।

सोमवार को पार्टी मुख्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री डा. महेंद्रनाथ पांडेय सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की

### कहा-ये था हमारा एजेंडा



मौजूदगी में निवर्तमान अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने भूपेन्द्र चौधरी को पदभार सौंपा। इसके बाद पार्टी मुख्यालय में आयोजित स्वागत समारोह को नए अध्यक्ष ने सम्बोधित किया। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश में जब सरकार बनी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नेतृत्व करने का अवसर मिला तो आज अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो रहा है।

**भाजपा को ऊंचाइयों पर ले जाएंगे पाठक**

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने नये प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि वे 2024 में भाजपा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में भूपेंद्र के नेतृत्व में सभी सीटें जीतेगी। मोदी और योगी सरकार की नीतियों को भी घर-घर तक पहुंचाने में वे सफल होंगे। सभी लोग मिलकर भाजपा को जिताने के काम में जुटेंगे।

उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि नये प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पार्टी 2024 में 2014 का रिकार्ड तोड़कर सभी 80 सीटें जीतेगी। कहा कि संगठन और सरकार एक रथ के दो पहियों की तरह हैं।

वर्ष 2022 का चुनाव जीतकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्षियों को बेचैन कर दिया है। उनकी बेचैनी भ्रष्टाचार की जांच को लेकर है। सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष के लिए नई दिल्ली से लखनऊ आ रही शताब्दी ट्रेन को बदले रूट से लाया गया। दरअसल, मानकनगर में इंटरलाकिंग कार्य के चलते 28 अगस्त से दो सितंबर तक शताब्दी समेत कई ट्रेनों के रूट बदलकर बालामऊ के रास्ते शताब्दी ट्रेन को लखनऊ पहुंचना था।

# भाजपा के एमएलसी निकले शराबी

## थाने में बंद डॉक्टर दोस्त को बचाने के चक्कर में खुद फंस गए



पटना, 30 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में शराबबंदी कानून पर एक बार फिर से सवाल उठने लगा है। शराब की तस्करी पर शिकंजा कसने के लिए जहां पुलिस चप्पे-चप्पे पर पहरेदारी कर रही है वहीं अब राज्य के नेता ही शराब के नशे में धुत्त होकर घूम रहे हैं। इसबार भाजपा के एमएलसी देवेश कुमार कानून के शिकंजे में आ गए। दरअसल, अपने डॉक्टर दोस्त को छुड़ाने के लिए थाने आए एमएलसी खुद शराब की जांच में फंस गए। बताया जा रहा है कि डॉक्टर साहब ने खुद शराब पी रखी थी। पाटलिपुत्र थाने की पुलिस ने जुलाई में एक सड़क हादसे के बाद डा. संजय चौधरी को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया था। भाजपा एमएलसी देवेश कुमार उनसे मिलने आए थे। उस दौरान वे पुलिस से बहस करने लगे। जिसके बाद पुलिस को एमएलसी के मुंह से भी शराब की दुर्गंध आ रही थी। तब उन्होंने ब्रेथ एनालाइजर से जांच कराने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद उन्हें पीएमसीएच लेकर जाया गया। वहां उनके खून और पेशाब के नमूने लेकर जांच के लिए एफएसएल को भेजा गया था। जिसमें शराब पीने की पुष्टि हो गई। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। हालांकि अब उन्हें कोर्ट से जमानत मिल गई है। देवेश कुमार मूलरूप से समस्तीपुर जिले के पूसा थानांतर्गत महमुदपुर देवपार के रहने वाले हैं। बांका जिले की बौंसी पुलिस ने ट्रक में भरे गिट्टी की आड़ में लाई जा रही शराब की बड़ी खेप का खुलासा किया है।

# स्वर्ण व्यवसाई हत्याकांड में 3 दिन बाद भी एफआईआर नहीं

## पुलिस को अब तक नहीं मिला कोई सुराग नेता प्रतिपक्ष ने थानेदार पर लगाया था आरोप

समस्तीपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। समस्तीपुर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र में 3 दिन पहले हुए स्वर्ण व्यवसाई हत्याकांड अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई है। घटना के पीछे 1 साल पूर्व मृतक कारोबारी के दामाद की कोचिंग पर फायरिंग मामले को जोड़कर देखा जा रहा है। उधर, दो दिनों के अंदर जिले में दो लोगों की हत्या से दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। खानपुर में स्वर्ण व्यवसायी की हत्या के बाद विभूतिपुर में गंगा स्नान करने जा रहे युवक की हत्या से पुलिसिया व्यवस्था पर सवाल उठ खड़ा हुआ है। लोगों का कहना है कि अपराधिक घटनाओं में बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। खानपुर के स्वर्ण व्यवसायी रघुवीर स्वर्णकार हत्याकांड में दूसरे दिन भी पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा। परिवार के लोग इस घटना को रघुवीर के दामाद शशिरंजन के कोचिंग पर गत वर्ष



10 अगस्त हुए मारपीट व फायरिंग मामले से जोड़ कर देख रहे हैं। परिवार के लोगों का कहना है कि उस घटना के बाद परिवार के लोगों को किसी से विवाद नहीं हुआ है। उक्त घटना में शामिल लोगों पर शक इस बात को लेकर भी है कि आरोपियों ने जेल जाने से पूर्व कहा था जेल से निकलने पर बदला लेंगे। उधर, हत्याकांड में अबतक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई है। एसपी हृदयकांत ने कहा कि स्वर्ण व्यवसायी हत्याकांड में मुख्यालय डीएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। पुलिस घटना के अलग-अलग विन्दुओं पर जांच कर रही है। जल्द मामले का खुलासा हो जाएगा। बताया गया है कि स्वर्ण व्यवसासी के दामाद शशिरंजन साह खानपुर के ही खतुआहा में कोचिंग चलाते हैं। 10 अगस्त 2021 को उक्त कोचिंग पर कुछ बदमाशों ने घुस कर छात्र -छात्राओं के साथ मारपीट की थी।

sइस दौरान छात्राओं के साथ छेड़खानी भी की गई थी। बदमाशों ने कोचिंग पर फायरिंग भी की थी। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया था। जिसे पुलिस ने बाद में जेल भेज दिया था। कहा गया है कि जेल जाने से पूर्व उक्त युवक ने जेल से निकल आने के बाद अंजाम भुगतने की धमकी दी थी।

### नीतीश कैबिनेट का फैसला

## अब बालू घाटों की ई-नीलामी, दर हुई दोगुनी, शिक्षकों के बकाया वेतन के लिए 9400 करोड़ स्वीकृत

पटना, 30 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार की नीतीश-तेजस्वी सरकार द्वारा विश्वास मत हासिल करने के बाद मंगलवार को पहली कैबिनेट बैठक हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट मीटिंग में 8 एजेंडों पर विमर्श कर उन्हें पास कर दिया गया। कैबिनेट मीटिंग में बालू घाटों की निलामी को लेकर बड़ा फैसला किया गया। अब बालूघाटों की बंदोबस्ती ई-नीलामी की प्रक्रिया से होगी। अगले पांच सालों के लिए यह निर्णय लिया गया है।

नई सरकार ने घर बनाने वालों को बड़ा झटका दिया है। अच्छे बालू वाले बालूघाटों की बंदोबस्ती की दर दोगुनी कर दी गयी है। पहले यह दर 75 रुपए प्रति घनमीटर थी जिसे बढ़ाकर 175 रुपए कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले से आम आदमी को बालू लगभग दोगुने दर पर खरीदना पड़ेगा।

# दबंगों ने मां-बेटी सहित तीन को काटा

## 10 धुर जमीन को लेकर विवाद कुल्हाड़ी से काटकर किया घायल

मुंगेर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मुंगेर के जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष में जमकर मारपीट हुई। इस में एक पक्ष के लोगों ने मां बेटी सहित तीन लोगों को कुल्हाड़ी से काटकर घायल कर दिया। घायलों में 38 वर्षीय राम टहल यादव उसकी पत्नी रीता देवी व पुत्री काजल कुमारी शामिल है। तीनों घायलों को इलाज के लिए परिजनों द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 15 वर्षीय काजल कुमारी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना कोतवाली थाना अंतर्गत लाल दरवाजा में सोमवार रात 10 बजे घटी। अस्पताल में इलाजरत घायल रामटहल यादव ने बताया कि 2 साल पूर्व टिंकू यादव से 10 धुर जमीन उसने खरीदी थी। अब उस जमीन पर टिंकू यादव का भतीजा विशाल यादव और वीरू यादव जबरन कब्जा जमाना चाहता है। जिसको लेकर आए दिन दोनों मारपीट करते हैं। सोमवार की शाम भी इसी बात को लेकर विशाल और वीरू अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचे तथा गाली-गलौज करने लगे। इब हमलोगों ने इस बात का विरोध किया तो उ लोगों के द्वारा कुल्हाड़ी से वार कर दिया गया। वही इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जिस जमीन को लेकर यह दोनों के बीच लड़ाई चल रहा है वह सरकारी जमीन है। अब किस तरह से यह दोनों जमीन की खरीद बिक्री किया है या विभागीय अधिकारी ही बता सकते हैं। लेकिन इस जमीन को लेकर लगातार यह दोनों में विवाद हो रही है। मारपीट में काजल कुमारी और रीता देवी का सर कुल्हाड़ी के वार से बुरी तरह फट गया।

फिलहाल तीनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। इस संबंध में कोतवाली थानाध्यक्ष धीरेंद्र पांडे ने बताया कि लाल दरवाजा में कुछ लोगों के साथ मारपीट की गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## उपेंद्र कुशवाहा ने कहा- मिशन 2024 पर बिहार से बाहर जाएंगे नीतीश कुमार

पटना, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा से अलग होकर बिहार में सरकार बनाने के बाद महागठबंधन के नेताओं के सामने एक नया और बड़ा टास्क है नीतीश कुमार को पीएम पद के उम्मीदवार के रूप में स्थापित करना। पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा इसमें जोर-शोर से लगे हैं। हालांकि, जेडीयू के सभी बड़े लीडरों ने नीतीश को पीएम बनाने के एजेंडे पर सहमति दे दी है। लेकिन, उपेंद्र कुशवाहा सबसे ज्यादा मुखर हैं। नई सरकार के गठन के साथ ही कुशवाहा ने नीतीश कुमार को दिए बधाई संदेश में कहा था कि देश आपका इंतजार कर रहा है। राजद की ओर से भी नीतीश कुमार को पीएम मेटेरियल बताकर दिल्ली की राजनीति करने की बात कही गई है।

इस बीच उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि देशभर में विपक्ष को एकजुट करने सीएम नीतीश कुमार दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों में जाएंगे।

# आरजेडी बोली- बिहार में बगैर परमिशन ना हो सीबीआई एंट्री

## केंद्र पर दुरुपयोग का लगाया आरोप जेडीयू ने साधी चुप्पी

पटना, 30 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में बिना परमिशन सीबीआई की एंट्री पर रोक लगाने की मांग उठी है। राष्ट्रीय जनता दल के दो नेताओं ने ये मांग उठाई है। ये मांग ऐसे समय में उठ रही है जब लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के करीबियों पर सीबीआई की छापेमारी हुई है।

लालू परिवार से जुड़े कई ठिकानों पर भी सीबीआई छापेमारी कर चुकी है। लालू प्रसाद के खासमखास पूर्व विधायक भोला यादव को तो सीबीआई ने गिरफ्तार भी किया है। चर्चा इसकी भी है कि सीबीआई की नजर तेजस्वी यादव पर है। पूर्व मुख्य सचिव वी.एस दुबे कहते हैं कि जब चारा घोटाला सामने आया था उस समय भी सीबीआई को बिहार में रोकने के लिए नोटिफिकेशन निकाला गया था। लेकिन कोर्ट ने इसे नहीं माना था और चारा घोटाला सीबीआई को पास गया था।

शिवानंद तिवारी कहते हैं कि सीबीआई का गठन 1946 में दिल्ली पुलिस ऐक्ट के अंतर्गत



किया गया था। द्वितीय विश्व महायुद्ध के दरम्यान प्रशासन पर भ्रष्टाचार के काफी गंभीर आरोप लगाए गए थे। महायुद्ध समाप्त होते ही भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए भारत सरकार ने सीबीआई का गठन किया था।

कानून में यह प्रावधान है कि किसी भी राज्य में जांच शुरू करने के पूर्व सीबीआई को संबंधित राज्य सरकार की सहमति आवश्यक होगी। गठन के साथ ही देश के सभी राज्यों सरकारों ने सीबीआई को जांच के लिए आम सहमति दे दी थी। यह स्थिति 2015 तक कायम रही। लेकिन 2014 में देश में नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनने के बाद सीबीआई का दुरुपयोग होना शुरू हुआ। 2015 में मिजोरम की सरकार पहली सरकार थी जिसने अपने राज्य में सीबीआई की जांच की सहमति वापस ली। उसके बाद से अब तक नौ राज्यों ने अपनी सहमति वापस ले ली है। अंतिम राज्य मेघालय था जिसने पिछले मार्च महीने में अपनी सहमति वापस ले ली। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि नरेंद्र मोदी जी की सरकार सीबीआई का जिस प्रकार दुरूपयोग किया और कर रहे हैं उससे बाध्य होकर राज्य सरकारों को यह कदम उठाना पड़ा है। सीबीआई के गठन के 79 वर्ष बाद सहमति वापस लेने का सिलसिला शुरू हुआ। यह तथ्य ही मोदी सरकार के चरित्र को उजागर करता है। इस सिलसिले में मेरी व्यक्तिगत राय है कि बिहार सरकार को भी सीबीआई के बिहार प्रवेश की अपनी सहमति वापस ले लेने पर विचार करना चाहिए। यह मोदी सरकार द्वारा सीबीआई के दुरुपयोग का हमारा नैतिक प्रतिरोध होगा।

बिहार विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ राजद नेता उदय नारायण चौधरी कहते हैं कि सीबीआई और ईडी की विश्वसनीयता पूरे देश में समाप्त होती जा रही है। इसका ताजा उदाहरण सीबीआई के द्वारा बिहार में राजनेताओं के यहां छापेमारी एवं जिस प्रकार से सीबीआई के द्वारा गलत बयानी किया गया कि गुड़गांव का मॉल तेजस्वी यादव का है और जिस प्रकार मीडिया ने भी इसे जोर-शोर से उछाला यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सीबीआई को पूरे बिहार की जनता से माफी मांगनी चाहिए। अगर सीबीआई माफी नहीं मांगती है तो राज्य सरकार को सीबीआई पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए और ऐसा आदेश पारित करना चाहिए कि बिना राज्य सरकार की अनुमति के कोई भी केंद्र सरकार की एजेंसियां चाहे वह सीबीआई हो चाहे वह ईडी हो बिहार में प्रवेश नहीं कर सके।

# बच्चा चोर गिरोह: एएनएम के निशाने पर रहते थे ऐसे बच्चे

## चिकित्सक दंपती करते थे सौदेबाजी, हुआ बड़ा खुलासा

मथुरा, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन से 23 अगस्त की रात को चोरी हुए बच्चे को जीआरपी ने पार्षद के घर से बरामद कर लिया है। इस मामले में डॉक्टर दंपती समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन जब मासूमियत और ममता का गला घोंटकर गोद उजाड़ने वाले बच्चों के सौदागरों के चेहरे से पर्दा हटा तो मानवता शर्मसार हो गई। गिरोह की यह कोई पहली वारदात नहीं थी। वह अभी तक करीब 15 से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

बच्चों की देखभाल और गर्भवती महिलाओं को खानपान बताने वाली एएनएम इस गिरोह की पहली सीढ़ी थीं। एएनएम पूनम और मिथलेश के माध्यम से बच्चा खरीदने की डिमांड पर जब बच्चा नहीं मिल पाता, तो चिकित्सक दंपती उसके लिए दीप कुमार जैसे गिरोह के सदस्यों का सहयोग लेते थे। दोनों एएनएम ऐसी गर्भवती महिलाओं पर नजर रखती थीं जोकि अनचाहे बच्चे को जन्म दे रहीं हों। वह उनके बच्चों को सस्ती कीमत पर खरीद कर मुंह मांगी कीमत वसूल करती थीं। उनके द्वारा लावारिस बच्चों को




तुरंत अपनी गिरफ्त में ले लिया जाता था। बच्चा आने के बाद अन्य सौदेबाजी चिकित्सक दंपती ही करते थे।

भाजपा पार्षद विनीता अग्रवाल की बेटा होने की इच्छा पूरी नहीं हो सकी। एक बार उनके द्वारा इसी बच्चा बेचने वाले गिरोह से बच्चा खरीदा गया तो वह बीमार निकला। जिसे वापस कर दिया और बाद में वह मर भी गया। दूसरी बार में खरीदा गया बालक उन्हें जेल ही ले गया। विनीता के एक पुत्री है जिसकी शादी तक हो गई परंतु उनकी पुत्र की इच्छा इतनी प्रबल थी कि शिक्षित होने के बाद भी कानून को उल्लंघन कर बैठीं।

बच्चा मिलने की खुशी में पार्षद ने घर पर पार्टी की थी। लोगों को दावत भी दी गई थी। जीआरपी जब बच्चा चोर गिरोह तक पहुंची तो विनीता के यहां पर होने वाले कार्यक्रम से आसपास के लोगों ने इसकी पुष्टि कर दी।

दरअसल, फरह के परखम निवासी राधा पत्नी करन सिंह मां सविता व अन्य परिजन के साथ 23 अगस्त की शाम को मथुरा आई। उनके साथ सात माह का बेटा संजय भी था। रात होने के कारण परिवार के सभी सदस्य प्लेटफार्म संख्या 8-9 पर ही आराम करने के लिए रुक गए। दीप ने छह बार बच्चा चोरी का प्रयास किया लेकिन परिजन जाग जाते। आखिर सातवीं बार में वह बच्चा चोरी करने में कामयाब रहा।

# डीजल डालकर दंपती चौकीदार को जिंदा जलाने का प्रयास, हालत गंभीर

बाराबंकी, 30 अगस्त (एजेंसियां)। बाराबंकी में नगर कोतवाली क्षेत्र में सफेदाबाद स्थित एक अविकसित कॉलोनी के चौकीदार दंपती को जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। झुलसे दंपती का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है। वहीं पुलिस ने भाई की तहरीर पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट अज्ञात पर दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली नगर के सफेदाबाद में गुलमोहर नाम की एक अविकसित कॉलोनी है। इस कॉलोनी में रामसनेहीघाट कोतवाली के चौरी अलादासपुर



निवासी शेषनाथ (50) अपनी पत्नी शिव देवी और बच्चों के साथ रहकर चौकीदारी करता है। सोमवार की रात यहां पहुंच एक अज्ञात व्यक्ति ने यहां पहुंच कर दंपती पर डीजल उड़ेल आग लगा दी। शोर मचाने पर जागे बच्चों ने आग बुझाने के साथ पुलिस और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में झुलसे दंपती को एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया जहां से उनकी हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। सीओ सिटी ने बताया कि चौकीदार को जिंदा जलाने का प्रयास किया गया था पत्नी उसको बचाने में झुलस गई है भाई राजेश शुक्ला की तहरीर पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट का अज्ञात पर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। इस कॉलोनी के मालिक फैजान और कलाम के बीच पहले से चल रहे विवाद को लेकर भी जांच की जा रही है।

# खेत खुदाई के दौरान निकला कुछ ऐसा

## देखने को लग गई ग्रामीणों की भीड़, लोग बोले- चमत्कार हो गया

उन्नाव, 30 अगस्त (एजेंसियां)। उन्नाव जिले में आसीवन थाना क्षेत्र के महमूदपुर में एक किसान के खेत में पीली धातु की देवी-देवताओं की मूर्तियां निकलीं। जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। थाना क्षेत्र के अशोक कुमार के बेटे रवि ने स्वप्न में मूर्तियां मिलने का दावा किया। बताया कि बालाजी मंदिर गये थे। लौटने के बाद घर में सोते समय मां सरस्वती ने स्वप्न में बताया कि खेत के कोने में जमीन के अंदर मूर्तियां मौजूद हैं। इस पर खेत में खुदाई शुरू कराई। पिता अशोक ने बताया कि दो दिन फावड़े से खोदाई की तो मंगलवार सुबह



करीब पांच बजे मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, कुबेर, रुद्राक्ष, चाभी, सिक्का, कछुवा पीली धातु और एक कौड़ी, पत्थर निकले। चार भाई अजय, विजय, कपिल में रवि तीसरे नम्बर का है।

सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने पुरातत्व विभाग से मूर्तियों की जांच होने तक उन्हें घर ही पर स्थापित करा दिया।


# मुख्तार अंसारी पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

## 4 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

मुजफ्फरपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी प्रशासन ने एक बार फिर बाहुबली मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4.20 करोड़ की संपत्ति को कुर्क कर दिया है। पुलिस के मुताबिक ये संपत्ति मुख्तार अंसारी के करीबी जफर उर्फ चंदा के नाम पर थी जो गाजीपुर के मुहम्मदाबाद कस्बे में स्थित है। जफर बाराबंकी में एंबुलेस प्रकरण समेत कई अन्य मामलों में आरोपी है। वर्तमान में जफर जेल में बंद है। मुख्तार अंसारी पर धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज



विरोध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत प्रशासन ने ये कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक मुख्तार अंसारी की अब तक 200 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। पुलिस के मुताबिक मोहम्मदाबाद के दर्जी टोला मोहल्ले में इस जमीन को प्लाटिंग करके बेचा जा रहा था। जब इसकी भनक एसपी रोहन पी बोत्रे को चली तो वे मजिस्ट्रेट और राजस्वकर्मचारियों के साथ पहुंच कर जमीन मुनादी और कुर्क कराई। एसपी रोहन पी बोत्रे भारी पुलिस बलों के साथ मंगलवार की सुबह जफरपुरा कस्बे पहुंचे गए वहां मुख्तार अंसारी की संपत्ति पर सार्वजनिक कुर्की का सूचना बोर्ड लगवाया। डोल बजवाते हुए मुनादी की गई। एसपी ने बताया कि डीएम गाजीपुर के आदेश पर माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



# ट्रेन में एक वाट्सएप के जरिए मंगा सकेंगे मनपसंद खाना


नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे में सफर के दौरान अब यात्रियों को खानपान के लिए अब कोई परेशानी नहीं होगी। यात्री अब सीधे अपना मनचाहा खाना अपनी सीट पर मंगवा सकेंगे। इसके लिए आईआरसीटीसी नई सुविधा शुरू करने जा रहा है। इसके जरिए यात्री किसी भी शहर के मनचाहे रेस्टोरेंट से खाना ऑर्डर कर सकेंगे। दरअसल, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन ने



यात्रियों की सुविधा के लिए व्हाट्सअप फूड डिलीवरी सिस्टम शुरू किया है। भारतीय रेलवे के अनुसार पूर्व में यह सुविधा 100 के करीब रेलवे स्टेशनों पर थी। लेकिन सुविधा की सफलता के बाद करीब 500 स्टेशनों पर यह सुविधा शुरू कर दी गयी है। यात्रियों की इस विशेष सुविधा के लिए आईआरसीटीसी ने यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जूप के साथ समझौता किया है। यह सुविधा हाल ही में शुरू की गई थी। लेकिन सफलता को देखते हुए सुविधा का विस्तार कर दिया गया है। सफर के दौरान यात्री व्हाट्सएप पर 7042062070 पर जूप के साथ चैट कर सकते हैं। इसमें आसान 3-क्लिक भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है जिससे रियल.टाइम ट्रैकिंग के साथ तत्काल ऑर्डर दिया जा सके।

# शेयर बाजार में 2022 की दूसरी बड़ी तेजी : सेंसेक्स 1560 अंक चढ़कर 59,530 पर बंद,निफ्टी 430 अंक उछला; बैंकिंग शेयर्स में बढ़त

मुंबई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार में दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को साल 2022 की दूसरी सबसे बड़ी तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स करीब 1,560 अंक बढ़कर 59,530 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी लगभग 430 अंक की बढ़त के साथ 17,750 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में तेजी रही। बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, मारुति, टाटा स्टील, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक में सबसे ज्यादा तेजी रही। वहीं निफ्टी के टॉप लूजर्स में डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज रहे। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंचे गौतम अडाणी के सभी कंपनियों के शेयर में तेजी देखने को मिली। इनमें से तीन कंपनियों के शेयर ने 52 हफ्ते का हाई लेवल बनाया। अडाणी ग्रुप की




| | | |
|---|---|---|
| अडाणी इंटप्राजेज | 3199 | 1.82% |
| अडाणी ग्रीन एनर्जी | 2449 | 4.84% |
| अडाणी पोर्ट्स | 840 | 0.75% |
| अडाणी पावर | 412 | 4.99% |
| अडाणी गैस | 3737 | 5.63% |
| अडाणी ट्रांसमिशन | 3972 | 3.07% |
| अडाणी विलमर | 692 | 1.38% |

फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी टोटल गैस और अडाणी ट्रांसमिशन के शेयरों में तेजी रही। एनएसई के सभी 11 सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी देखी गई। सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी सेक्टर में 3.49 % की रही। इसके बाद बैंक, प्राइवेट बैंक और फाइनेंशियल सर्विस में 3% से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। ऑटो, एफएमसीजी, आईटी, पीएसयू बैंक और मेटल सेक्टर में 2% से ज्यादा की बढ़त रही। वहीं मीडिया और फार्मा सेक्टर में 1% से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। पिछले दिन की भारी गिरावट के बाद मार्केट में यह रिकवरी आई है। बैंकिंग शेयरों में लिवाली और मिलेजुले वैश्विक रुख के बीच शुरुआती कारोबार में तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 488.4 अंक चढ़कर 58,461.02 पर खुला था। निफ्टी 154.55 अंक बढ़कर 17,467.45 पर ओपन हुआ था। इससे पहले ग्लोबल मार्केट से मिले निगेटिव संकेतों से हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स 861 अंक गिरकर 57,972 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 246 अंक टूटकर 17,312 के स्तर पर क्लोज हुआ था।

# सोने-चांदी के रेट में बदलाव

## चेक करें जीएसटी समेत लेटेस्ट भाव और देखें कितना मुनाफा लेता है ज्वेलर


नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। सर्राफा बाजारों में मंगलवार को सोने-चांदी के हाजिर भाव में बदलाव देखने को मिल रहा है। आज 24 कैरेट सोना 51325 रुपये पर खुला, जो सोमवार के बंद रेट से महज 64 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा है। वहीं, चांदी भी 49 रुपये महंगी होकर 54365 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 4929 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 21643 रुपये सस्ती है। इसके अलावा 23 कैरेट गोल्ड



की कीमत अब 51120 रुपये पर है। वहीं, 22 कैरेट 47014, जबकि 18 कैरेट 38494 और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 30025 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी यानी 1539 रुपये जोड़ लें तो इसका रेट 52864 रुपये हो जा रहा है। वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा जोड़ने के बाद सोने का भाव 58151 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 55995 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 61595 रुपये में देगा। 23 कैरेट गोल्ड पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 57918 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। जबकि, 22 कैरेट सोने का भाव तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 48424 रुपये का पड़ेगा। इससे बने जेवरों पर भी ज्वैलर्स का मुनाफा अलग से जोड़ने पर करीब 53266 रुपये का पड़ेगा। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 3 फीसद जीएसटी के साथ 39648 रुपये प्रति 10 ग्राम होगी। ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 43613 रुपये का पड़ेगा। अब 14 कैरेट सोने का भाव जीएसटी के साथ यह 30925 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 34018 रुपये का पड़ेगा। बता दें 14 कैरेट के सोने में 58.1 फीसद शुद्ध सोना और बाकी दूसरी धातुओं का मिश्रण होता है। हालांकि, इसका भारत में ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

# इंडियन नेवी के लिए पनडुब्बी बनाने वाली कंपनी का कमाल,एक महीने में 40 प्रतिशत की उछाल

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। शेयर बाजार में इस समय काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि निवेशक काफी सम्भलकर इंवेस्टमेंट से जुड़े फैसले ले रहे हैं। लेकिन इस मुश्किल दौर में भी कई कंपनियां निवेशकों को निराश नहीं कर रही हैं। इसी में एक मझगांव डॉक शिपबिल्डर के शेयर भी हैं। कंपनी ने इस साल शानदार रिटर्न दिया है। बता दें, मझगांव डॉक शिपबिल्डर की स्थापना 1932 में हुई थी। कंपनी इंडियन नेवी के लिए पनडुब्बी और जंगी जहाज बनाती है। आइए डालते हैं एक नजर कंपनी के प्रदर्शन पर जब सोमवार (29 अगस्त 2022) को शेयर बाजार



में हर तरफ निराशा छाई हुई थी, तब कंपनी के शेयर बीएसई में 11 प्रतिशत की तेजी के साथ 394.80 रुपये पर बंद हुआ था। मंगलवार को कंपनी के शेयर दोपहर 11:42 बजे 395.70 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। पिछले पांच दिनों की बात करें तो इस दौरान कंपनी के शेयरों में 28 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। वहीं, एक महीने पहले जिसने इस स्टॉक पर दांव लगया होगा उसे 40 प्रतिशत का रिटर्न मिल चुका होगा। मझगांव डॉक शिपबिल्डर ने मुश्किल दौर में भी भरोसा बनाए रखने वाले निवेशकों शानदार रिटर्न दिया है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर ने 16 अक्टबूर 2020 शेयर बाजार में डेब्यू किया था। तब कंपनी के शेयर की कीमत 168.05 रुपये थी। तब से अबतक कंपनी के शेयरों में 136.03 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। पिछले एक साल में मझगांव डॉक शिपबिल्डर के स्टॉक भाव 66 प्रतिशत तक बढ़ गया है। वहीं, इस साल 39 प्रतिशत की उछाल कंपनी के शेयरों में देखने को मिली है। बता दें, पहली तिमाही में कंपनी का रेवन्यू और ईबीआईटीडीए बढ़ गया है।

# अडाणी से अब सिर्फ मस्क और बेजोस आगे: दुनिया के तीसरे अमीर बने अडाणी

## नेटवर्थ 11 लाख करोड़ रु; अंबानी 11वें नंबर पर

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अरबपति गौतम अडाणी 137.4 अरब डॉलर (करीब 11 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर कारोबारी बन गए हैं। फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट को पछाड़कर उन्होंने ये मुकाम हासिल किया है।

यह पहली बार है जब कोई एशियाई ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के टॉप थ्री में शामिल हुआ है।अब वो रैंकिंग में केवल मस्क और बेजोस से पीछे हैं। टेस्ला के फाउंडर एलन मस्क 251 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ लिस्ट में पहले नंबर पर है, बेजोस 153 अरब डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है। अडाणी टॉप-10 लिस्ट में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। 91.9




अरब डॉलर (7.3 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी 11वें नंबर पर हैं।पिछले महीने अडाणी चौथे सबसे अमीर कारोबारी बने थे। उन्होंने बिल गेट्स को पछाड़ा था। अडाणी ने अकेले 2022 में अपनी नेटवर्थ में 60.9 बिलियन डॉलर जोड़े हैं। ये किसी भी कारोबारी से 5 गुना ज्यादा है। उन्होंने पहली बार फरवरी में रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी को सबसे अमीर एशियाई के रूप में पीछे छोड़ा था।अडाणी 4 अप्रैल को सेंटीबिलियनेयर्स क्लब में शामिल हुए थे। 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा नेटवर्थ वाले व्यक्तियों को सेंटीबिलियनेयर कहा जाता है। एक साल पहले अप्रैल 2021 में अडाणी की नेटवर्थ 57 अरब डॉलर थी। फाइनेंशियल ईयर 2021-2022 में अडाणी की नेटवर्थ दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ी है। अडाणी ग्रुप की सात पब्लिकली लिस्टेड कंपनीज है। अडाणी ग्रुप अपनी सब्सिडियरी विश्वप्रधान कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से एनडीटीवी की एक प्रमोटर कंपनी आरआरपीआर होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड के 99.99% शेयर खरीदने की कोशिश की है।हालांकि अभी यह मामला कुछ कानूनी वजहों से अटका हुआ है।इससे पहले मई महीने में गौतम अडाणी की कंपनी ने होल्सिम का भारतीय सीमेंट कारोबार खरीदने का ऐलान किया था।

यह डील 10.5 बिलियन डॉलर में हुई थी। इस डील से अडाणी ग्रुप एक झटके में भारतीय सीमेंट मार्केट में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

# ऑफिस से काम शुरू होने का असर:घरेलू कपड़ों की जगह फॉर्मल वियर

## जूते, घड़ी की बिक्री 48% तक बढ़ी



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कोविड-19 के दौर में अधिकांश लोग वर्क फ्रॉम होम यानी घर से काम कर रहे थे। बीते 2 साल ज्यादातर समय लोगों ने घर पर ही बिताया। इस दौरान दफ्तर और घर से बाहर पहने जाने वाले फॉर्मल कपड़ों, जूतों और अन्य एक्सेसरीज की जरूरत कम महसूस हुई। लेकिन अब जबसे बाजार और दफ्तर पूरी तरह खुले हैं, फॉर्मल कपड़ों जूते, बैग और घड़ी जैसी एक्सेसरीज की बिक्री बढ़ गई है। कुछ महीनों से फॉर्मल कपड़ों, कॉस्मेटिक्स, ज्वेलरी और जूतों की बिक्री में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 'रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल जुलाई में फॉर्मल कपड़ों और फुटवियर की बिक्री बीते साल जुलाई की तुलना में 48% बढ़ गई। मुख्य रूप से अपैरल और कॉस्मेटिक्स में डील करने वाले मिंत्रा और मीशो जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्म की बिक्री भी बीते साल की तुलना में पांच गुना तक बढ़ गई है। मोतीलाल ओसवाल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फॉर्मल वियर की बिक्री बढ़ने से आदित्य बिड़ला रिटेल ने वित्त वर्ष 2021-22 में 55% ग्रोथ देखी। चालू वित्त वर्ष में भी कंपनी की आय 48% बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा रेमंड, बाटा इंडिया जैसे फॉर्मल वियर ब्रांड्स की बिक्री कोविड-पूर्व लेवल पार कर गई है।

# ईडी ने अभिषेक बनर्जी को भेजा समन

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी को कोयला स्मगलिंग से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। जांच एजेंसी के



एक अधिकारी ने इस बात की जानकरी दी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपने कोलकाता दफ्तर में शुक्रवार की सुबह पहुंचने को कहा है। ईडी अधिकारी ने बताया है कि एजेंसी ने इसी मामले में अभिषेक बनर्जी की साली मेनका गंभीर को भी पांच सितंबर को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। गंभीर को प्रवर्तन निदेशालय की नई दिल्ली स्थित कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। मीडिया से बातचीत में ईडी अधिकारी ने कहा है कि हमने अभिषेक बनर्जी को दो सितंबर को सुबह 11 बजे अपने कार्यालय में अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए तलब किया है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली से हमारे अधिकारी कोयला चोरी घोटाले के सिलसिले में उनसे पूछताछ करने आएंगे। ईडी अधिकारी ने कहा कि तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी को यह नोटिस रविवार को भेजा गया। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस ने ईडी की इस कार्रवाई को राजनीतिक बदला बताया है। तृणमूल कांग्रेस की ओर से कहा गया है कि, 'दरअसल उन्हें अभिषेक से डर लगता है।' सूत्रों के मुताबिक अभिषेक से पूछताछ के लिए दिल्ली से ईडी के अधिकारी कोलकाता आएंगे। गौरतलब है कि कल ही ममता बनर्जी ने आशंका जताई थी कि कोयला तस्करी मामले में केंद्रीय एजेंसी अभिषेक को तलब कर सकती है। बता दें कि ईडी भी बंगाल में कोयला के अवैध खनन व तस्करी के मामलों की जांच कर रही है। इस मामले में ईडी इससे पहले भी अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी रुजिरा बनर्जी से भी पूछताछ कर चुकी है।

कुछ माह पहले ईडी ने रुजिरा बनर्जी से साढ़े पांच घंटे पूछताछ की थी। उनके दो बैंक खातों के बारे में पूछताछ की गई थी। इसके अलावा अन्य आरोपितों के मोबाइल फोन से स्क्रीनशाट दिखाकर भी उनसे पूछताछ की गई थी। उनसे पूछा गया था कि क्या वह उन्हें जानती हैं? अधिकारियों ने रुजिरा का बयान भी रिकार्ड किया था। ईडी ने दावा किया है कि कोयला तस्करी में अब तक 1,300 करोड़ रुपये के आर्थिक लेन-देन का पता चला है।

# कर्मचारियों के एक साथ कई कंपनियों में जॉब करने से विवाद

## विप्रो धोखाधड़ी बता रही तो टेक महिंद्रा नीति लाने को तैयार

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। आर्थिक मंदी के बावजूद जून में तीन टॉप आईटी कंपनी विप्रो, इंफोसिस और टीसीएस ने 50 हजार से ज्यादा कर्मचारी भर्ती किए। भर्ती के इस बूम से आईटी कर्मचारियों में उत्साह बढ़ा है, लेकिन आईटी कंपनियों के सामने मूनलाइटिंग जैसी कई परेशानियां खड़ी हो गई हैं। आईटी कंपनियों की इस बारे में अलग-अलग राय भी बन चुकी हैं। आईए जानते हैं... ऑफिस का काम




पूरा होने के बाद बचे हुए समय में कर्मचारी दूसरी जॉब कर रहे हैं। यह एक साथ कई कंपनियों में काम करने का ट्रेंड ही मूनलाइटिंग कहलाता है। आईटी कंपनियों में दो तरह की विचारधारा बनी हुई है। कुछ मूनलाइटिंग को सही मान रहे है तो कुछ को आपत्ति है। विप्रो के चेयरमैन ऋषद प्रेमजी ने मूनलाइटिंग पर आपत्ति जताते हुए इसे धोखाधड़ी करार दिया है। उनका यह बयान फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी की मूनलाइटिंग पॉलिसी की अनाउंसमेंट के बाद आया। इंफोसिस के पूर्व निदेशक मोहनदास पई प्रेमजी के रुख से अहसमत हैं। पई ने कहा कि कंपनी व कर्मचारी के बीच होने का करारनामा यह बाध्यता देता है कि कर्मचारी तय समय तक कंपनी को अपना वक्त देगा, जिसके बदले में उसे वेतन मिलेगा। काम के घंटे खत्म होने पर कर्मचारी अपने दूसरे काम करने के लिए स्वतंत्र है। टीसीएस के सीईओ एन गणपति सुब्रमण्यम ने कहा कि अल्पकालिक लाभ कमाने के निर्णय से इंडस्ट्री में लंबा नहीं चला जा सकता। टेक महिंद्रा के एमडी सीपी गुरनानी का कहना है कि वे इस बारे में हम पॉलिसी बनाएंगे। मूनलाइटिंग के लिए भारत में कोई कानून नहीं हैं। अमेरिका व ब्रिटेन में टैक्स नीति के कारण में सुविधा दी गई हैं।

# डूबते को तिनके का सहारा: आईएमएफ से फंड मिलते ही मजबूत हुआ पाकिस्तानी रुपया, सुधरेंगे हालात

इस्लामाबाद, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान एक गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। ऊपर से यहां आई बाढ़ ने पड़ोसी मुल्क की परेशानी को और बढ़ा दिया है। यहां मंहगाई का आलम यह है कि पाकिस्तान के सबसे संपन्न प्रांत पंजाब में बीते रविवार को टमाटर के दाम 500 रुपये प्रति किलोग्राम और प्याज के दाम 400 रुपये में पहुंच गए थे। इस बीच नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने 1.17 अरब अमेरिकी डॉलर (9300 करोड़ से अधिक) की मंजूरी दे दी है। यह पाकिस्तान के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। ऐसे में गिरती मुद्रा, खाली होते विदेशी मुद्रा भंडार और बढ़ती महंगाई के बीच आईएमएफ की इस मदद से पाकिस्तान के हालात कितने सुधरेंगे। आइए जानते



हैं...पाकिस्तान में पिछले दिनों हुए सियासी घटनाक्रम के बीच आर्थिक हालात तेजी से खराब हुए हैं। आर्थिक संकट के बीच ईंधन का आयात प्रभावित हुआ है। इसका सीधा असर बाजार में महंगाई पर भी देखने को मिल रहा है। ऊपर से यहां आई बाढ़ के कारण महंगाई भी तेजी से बढ़ी है। बीती 28 जुलाई को पाकिस्तानी रुपया 239.94 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया था। कल यानी 29 अगस्त को ही डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपये को 8.02 का नुकसान हुआ। पाकिस्तान के ऊपर आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक, चीन और अन्य देशों से मिला कर्ज उसकी कुल जीडीपी का 70 फीसदी तक पहुंच चुका है। यह जानकारी खुद स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के कार्यकारी गवर्नर मुर्तजा सैयद ने जुलाई में दी थी। पाकिस्तान के ऊपर इस समय कुल 43 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये का कर्ज है। इसमें से 18 लाख करोड़ रुपये का कर्ज पिछले तीन साल के दौरान लिया गया है। लगातार घट रहे विदेशी मुद्रा भंडार और गोल्ड रिजर्व के कारण पाकिस्तान के लिए इस कर्ज की किस्तें चुकाना भी बहुत बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के बीच जुलाई, 2019 में छह अरब डॉलर का समझौता हुआ था। हालांकि, जनवरी 2020 के बाद यह समझौता अटक गया। इसके बाद कुछ समय के लिए इसे बहाल किया गया, लेकिन बाद में फिर से वैसे ही हालात हो गए। अब इसी समझौते के तहत आईएमएफ ने नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को 7वीं और 8वीं किस्त के रूप में 1.17 अरब अमेरिकी डॉलर (9300 करोड़ से अधिक) के फंड को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा ईएफएफ कार्यक्रम के तहत कुल राशि सात अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है और इसका विस्तार जून, 2023 तक कर दिया है।अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से मिली मंजूरी के बाद ही यहां के शेयर बाजार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। मंगलवार को पाकिस्तानी रुपया डॉलर के मुकाबले 2.92 रुपये मजबूत हुआ है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के लिए यह अच्छे संकेत हैं। उसे यह फंड मिलना बहुत जरूरी था।

# 2031 तक 3 गुना बढ़ जाएगा भारत में बिजली उत्पादन, 43 परमाणु संयंत्रों से पैदा होगी भरपूर ऊर्जा

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। देश में साल 1969 से शुरू हुआ परमाणु बिजली उत्पादन का सफर पूरी गति के साथ विभिन्न राज्यों में स्थापित 22 परमाणु बिजली घरों तक पहुंच चुका है। साल 2031 तक 43 परमाणु ऊर्जा संयत्र देश में 22,480 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करने में सक्षम होंगे। इससे देश में बिजली उत्पादन तीन गुना बढ़ जाएगा। फिलहाल, देश में 6780 मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है। भारत का पहला परमाणु बिजली घर फरवरी 1969 में महाराष्ट्र के तारापुर में दो इकाइयों से शुरू हुआ था। जो मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर है। भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत कार्यरत न्यूक्लियर पॉवर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (एनपीसीएल) ने तारापुर परमाणु ऊर्जा संयत्र



(टीएपीएस) की शुरूआत के बाद पिछले छह दशक में स्वच्छ और सुरक्षित बिजली का उत्पादन कर देश को अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने में अहम योगदान दिया है। एनपीसीआईएल के उपमहाप्रबंधक (मीडिया) अमृतेश श्रीवास्तव बताते हैं कि फिलहाल, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात में दो-दो यानी कुल छह परमाणु रिएक्टर निर्माणाधीन है।

इन परमाणु बिजली घरों का निर्माणकार्य पूरा होने पर बिजली उत्पादन की क्षमता 22,480 मेगावॉट हो जाएगी।

**टीएपीएस की दो इकाइयों ने बनाया रिकॉर्ड**

तारापुर में 210 मेगावॉट की पहली दो ब्वाइलिंग वॉटर रिएक्टर (बीडब्लूआर) इकाई को इसे देश के सबसे पुराने और सबसे शक्तिशाली परमाणु उर्जा संयंत्रों में से एक माना जाता है। तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र (टीएपीएस) के साइट निदेशक संजय मुलकलवार का कहना हैं कि इन दोनो इकाईयों ने रिकॉर्ड कायम किया है। ये प्लांट 50 साल पूरे होने पर अभी प्रोजेक्ट मोड में है।

लेकिन इसमें सुधार कर अगले 12 साल तक बिजली उत्पादन के लिए तैयार किया जा सकता है। जबकि बीडब्लूआर से बिजली उत्पादन की क्षमता 40 साल ही है। इस संयंत्र में कुल 4 इकाइयां हैं जहां प्रतिदिन 1400 मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

**देश की पहली महिला नाभिकीय कंट्रोल इंजीनियर हैं अलीगढ़ की मुदिता सिंह**

तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र (टीएपीएस) में 20 साल से कार्यरत उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की मुदिता सिंह देश की पहली महिला नाभिकीय कंट्रोल इंजीनियर हैं। जिन्होंने टीएपीएस में 3 और 4 रिएक्टर प्लांट का कमीशनिंग किया है। फिलहाल, वह नए नाभिकीय अभियंताओं को प्रशिक्षित कर रही हैं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की छात्रा रही मुदिता सिंह न्यूक्लियर ट्रेनिंग सेंटर में नए इंजीनियरों को प्रशिक्षण देती है जहां भविष्य ऊर्जा जरूरतों के लिए नए नाभिकीय अभियंता तैयार हो रहे है। उनके पति रितेश सिंह उत्तर प्रदेश के देवरिया से हैं जो टीएपीएस में ही सीनियर टेक्नीकल इंजीनियर हैं।





# ओबीसी वोट साधने गहलोत के गढ़ में आएंगे अमित शाह

जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। बीजेपी ने अगले साल विधानसभा चुनाव और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में ओबीसी वोटर्स को साधने के लिए एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह जिले जोधपुर से होगी।

जोधपुर में 8 से 10 सितम्बर तक बीजेपी ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक होगी। 10 सितम्बर को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस मीटिंग को संबोधित भी करेंगे।

ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक जोधपुर में करने की सबसे बड़ी वजह है कि राजस्थान में 50 से ज्यादा सीटों पर ओबीसी विधायक चुनकर आते हैं। वहीं, सिर्फ जोधपुर संभाग में 15 ओबीसी विधायक हैं, जिनमें 11 कांग्रेस और 4 भाजपा के हैं। ऐसे में इस बड़े वोट बैंक को साधने में बीजेपी जुट गई है।

### जोधपुर को OBC सम्मेलन के लिए क्यों चुना?



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गृह जिला जोधपुर है। गहलोत OBC कैटेगरी से आते हैं।

केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और मारवाड़ के बीजेपी सांसद, विधायक भी चाहते हैं कि अमित शाह और जेपी नड्डा की जोधपुर में सभाएं हों।

जोधपुर में 10 में से 7 सीटों पर कांग्रेस विधायक हैं। बीजेपी के केवल 2 विधायक हैं।

पूरे जोधपुर सम्भाग की 33 में से 16 सीटों पर कांग्रेस और 14 पर बीजेपी है। 15 विधायक OBC हैं, जिनमें 11 कांग्रेस और 4 भाजपा के हैं।

**47 मंडलों पर 1-1 घंटे का दौरा**

बीजेपी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संसदीय बोर्ड सदस्य के.लक्ष्मण की अध्यक्षता में मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति होगी। देशभर के राज्यों से बीजेपी ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यसमिति में शामिल होने राजस्थान आएंगे। सभी को जोधपुर के 47 मंडलों पर 1-1 घंटे के लिए दौरा करने भेजा जाएगा।

जहां मंडल स्तर के बीजेपी ओबीसी कार्यकर्ताओं को वो चुनाव संबंधी ओबीसी मुद्दों को लेकर टिप्स देंगे। साथ ही उनकी स्थानीय समस्याओं की जानकारी जुटाएंगे। ग्राउंड लेवल की रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपी जाएगी। उसके आधार पर चुनावी रणनीति तैयार होगी।

**20 हजार बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे शाह**

10 सितम्बर को ही जोधपुर संभाग के जिलों के 20 हजार बूथ अध्यक्ष और बूथ कमेटियों के पदाधिकारियों का सम्मेलन होगा। जिसे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी ओबीसी मोर्चा और बूथ सम्मेलन सम्मेलन को संबोधित कर सकते हैं।

राजस्थान बीजेपी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा 6 जिलों- जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर,पाली, जालोर, सिरोही से बीजेपी सांसद, विधायक, मोर्चा पदाधिकारी और बूथ अध्यक्ष इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्मल कुमावत, मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना समेत कई पदाधिकारी इसमें शामिल होंगे।

जोधपुर में 10 में से 7 विधायक कांग्रेस पार्टी के हैं। सरदारपुरा से खुद सीएम अशोक गहलोत (ओबीसी) चुनकर आते हैं। बिलाड़ा से हीराराम, जोधपुर से मनीषा पंवार (ओबीसी), लोहावट से किसनाराम विश्नोई (ओबीसी), लूणी से महेन्द्र बिश्नोई (ओबीसी), ओसियां से दिव्या मदेरणा (ओबीसी), शेरगढ़ से मीना कंवर कांग्रेस विधायक हैं।

भोपालगढ़ से विधायक पुखराज आरएलटीपी के विधायक हैं। बीजेपी के जोधपुर में केवल 2 विधायक हैं, इनमें फलौदी से पब्बाराम (ओबीसी) और सूरसागर से सूर्यकांता व्यास शामिल हैं।

बाड़मेर के 7 में से 6 विधायक कांग्रेस के हैं। इनमें बाड़मेर से मेवाराम जैन, बायतू से हरीश चौधरी (ओबीसी), चौहटन से पदमाराम, गुड़ामालानी से हेमाराम चौधरी (ओबीसी), पचपदरा से मदन प्रजापत (ओबीसी), शिव से अमीन खां (ओबीसी) शामिल हैं। जबकि, सिवाना से बीजेपी के विधायक हमीर सिंह भायल हैं।

जैसलमेर में 2 ही विधानसभा क्षेत्र हैं। दोनों सीटें कांग्रेस के कब्जे में हैं। जैसलमेर से विधायक रूपाराम, पोकरण से विधायक शाले मोहम्मद (ओबीसी) दोनों कांग्रेस के हैं।

जालोर की 5 में से 4 सीटें बीजेपी के पास हैं। आहौर से छगनसिंह, भीनामल से पूराराम चौधरी (ओबीसी), जालोर से जोगेश्वर गर्ग, रानीवाड़ा से नारायण सिंह देवल बीजेपी विधायक हैं। सांचौर से सुखराम विश्नोई (ओबीसी) कांग्रेस विधायक हैं।



पाली की 6 में से 5 सीटें बीजेपी के पास हैं। पाली से ज्ञानचंद पारख, बाली से पुष्पेन्द्र सिंह, जैतारण से अविनाश गहलोत (ओबीसी), सोजत से शोभा चौहान, सुमेरपुर से जोराराम कुमावत (ओबीसी) बीजेपी विधायक हैं। मारवाड़ जंक्शन से खुशवीर सिंह जोजावर निर्दलीय हैं।

सिरोही की 3 में से 2 सीटें बीजेपी के पास हैं। पिण्डवाड़ा-आबू से समाराम गरासिया, रेवदर से जगसीराम बीजेपी विधायक हैं। जबकि, सिरोही से संयम लोढ़ा निर्दलीय विधायक हैं।

**12 राज्यों में विधानसभा चुनाव, 151 लोकसभा सीटें, ओबीसी पर BJP का फोकस**

देश में 2024 के लोकसभा आम चुनाव से पहले राजस्थान समेत 12 राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे। इसी साल के अंत में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव होंगे।

जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव करवाए जाते हैं, तो कुल 3 राज्यों में 2022 में चुनाव होंगे। 2023 में 9 राज्यों - राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं।

इन 12 राज्यों में लोकसभा की कुल 151 सीटें हैं।

## महीने भर में तीन गुना बढ़ी कोरोना से मौतें

### राजस्थान में अगस्त में 14 हजार से ज्यादा केस मिले; जयपुर बना हॉटस्पॉट



जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में कोरोना के केस एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगे है। अगस्त में अब तक के आंकड़े देखें तो राज्य में 14 हजार से ज्यादा संक्रमित मिले हैं। 45 लोगों की मौत हो चुकी है। जुलाई की तुलना में अगस्त में पॉजिटिव केस 140 फीसदी ज्यादा हैं। मौतों के मामलों में 3 गुना बढ़ोतरी आई है।

मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट राजस्थान की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश में 218 नए केस आए और एक कोरोना मरीज की मौत हुई। इसी के साथ प्रदेश में एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 3019 पर पहुंच गई है। महामारी अभी खत्म नहीं हुई है और लोग लापरवाही पर उतर आए हैं। ऐसे में आगे बढ़ने से पहले इस खबर पर नीचे दिए गए पोल में हिस्सा लेकर आप अपनी राय जरूर दीजिए।

हालांकि पिछले एक सप्ताह में इन केसों में थोड़ी सी कमी देखने को मिली है और साप्ताहिक औसत पॉजिटिवटी रेट 3.5 फीसदी से गिरकर 2.27 फीसदी तक आ गई, लेकिन अब भी जयपुर समेत अन्य शहरों में केस सामने आ रहे हैं। हेल्थ विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना केस बढ़ने के पीछे कारण बारिश के मौसम में होने वाली नमी है।

इसके अलावा दूसरा बड़ा कारण लोगों का मास्क पहनने की आदत छोड़ना है। लोग अब हॉस्पिटल या अन्य दूसरी जगह जहां कोरोना फैलने के सबसे ज्यादा चांस होते है, वहां भी मास्क लगाकर नहीं आ रहे। जानलेवा लापरवाही बरत रहे हैं।

**जुलाई की तुलना में अगस्त के आंकड़े चौंकाने वाले**

राजस्थान में इस महीने की तुलना पिछले से की जाए तो चौंकाने वाले केस सामने आए हैं। राज्य में 29 दिन के अंदर कुल 14,011 नए संक्रमित केस मिले, जबकि 45 मरीजों की मौत हो गई। जुलाई के महीने में 31 दिन के अंदर 5,837 केस मिले थे, जबकि 15 मरीजों की मौत हुई थी। फरवरी के बाद अब अगस्त ऐसा महीना है जब प्रदेश में कोरोना केसों की संख्या 10 हजार से ऊपर गई है।

## मंडियों की खाली जमीन बेचना चाहती है सरकारें: टिकैत

### कहा- किसान आंदोलन के बाद भी स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं

हनुमानगढ़, 30 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता राकेश टिकैत का कहना है कि कृषि कानूनों के खिलाफ करीब 13 महीने चले किसान आंदोलन के बाद भी किसानों को बड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। अगर दिल्ली का आंदोलन नहीं होता तो अब तक यह मंडियां बिकने की लाइन में चली जाती। इतने बड़े आंदोलन के बाद भी हालातों में ज्यादा सुधार नहीं हुआ है। सरकारों की नीयत ठीक नहीं है। मंगलवार को हनुमानगढ़ जंक्शन की धानमंडी में हुई किसान महापंचायत को संबोधित करने पहुंचे टिकैत ने मीडियाकर्मियों से यह बात कही।

टिकैत ने कहा कि हर क्षेत्र में बिहार के मजदूर काफी तादाद में हैं। बिहार में कृषि कानून 17 साल पहले लागू हो गया था। वहां तब मंडियां खत्म हो गई थीं। वहां से मजदूरों के साथ किसान भी पलायन कर रहे हैं। वह दूसरे क्षेत्र में जाकर मजदूर बन रहा है। यही



हालात पूरे देश में होने वाले हैं। सरकार मंडियों की खाली जगह को बेचना चाहती है। सरकार धोखे में रखकर कह रही है कि मंडी के बाहर फसल की खरीद अच्छी होती है। मंडी से बाहर खरीद पर सरकार सहूलियत दे रही है, लेकिन मंडी में नहीं दे रही। मध्यप्रदेश में भी यही हाल हैं।

**मंडी सेक्टर को तोड़ना चाहती हैं सरकारें**

आठ-आठ दिन तक किसान मंडी में फसल लेकर खड़ा रहता है, लेकिन तुलाई नहीं होती है। अगर वह मंडी से बाहर बेचता है तो हाथोंहाथ फसल की खरीद हो जाती है। इसका मकसद सिर्फ यही है कि सरकारें मंडी सेक्टर को तोड़ना चाहती हैं। फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद का बड़ा सवाल है। फसल को उसका उचित भाव नहीं मिल पा रहा। इसलिए किसानों-मजदूरों और व्यापारियों को जागरूक होकर आंदोलन में आना पड़ेगा। उसके लिए संयुक्त किसान मोर्चा ने जनजागरण अभियान चलाया है। मोर्चा के नेता पूरे देश में जा रहे हैं। एमएसपी गारंटी कानून की मांग की जा रही है। टिकैत ने कहा कि राजस्थान में सिंचाई पानी की समस्या है। पानी व्यर्थ जा रहा है। जब जरूरत होती है तब फसलों को पानी नहीं मिलता। अब डैम में भरपूर पानी है, लेकिन नहरों में पानी नहीं मिल रहा है। बिजली भी पांच-छह घंटे मिल रही है।

**मोर्चा ने शुरू किया जनजागरण अभियान**

भारतीय किसान यूनियन के महासचिव चौधरी युद्धवीर ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से जनजागरण अभियान शुरू किया गया है।

## राजस्थान में 2 इंच से ज्यादा बारिश

### कोटा, भरतपुर में हल्की बारिश का अलर्ट

### 6 शहरों में पारा 36 डिग्री के ऊपर



जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में तेज बारिश का दौर भले ही रुक गया है, लेकिन रिमझिम बारिश अभी भी कई हिस्सों को भिगो रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान गंगानगर, हनुमानगढ़ जिले के कई हिस्सों में बारिश हुई। ये बारिश कल जब हुई, जब इन जिलों में दिन का पारा 37 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर चला गया। देर शाम यहां मौसम में अचानक बदलाव के बाद लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले 4-5 दिन मौसम की स्थिति ऐसे ही बनी रहेगी। विभाग का कहना है कि अभी प्रदेश में किसी भी हिस्से में तेज या भारी बारिश होने के कोई उम्मीद नहीं है।

जयपुर मौसम केन्द्र जलसंसाधन विभाग से मिली रिपोर्ट के मुताबिक कल सबसे ज्यादा बरसात श्रीगंगानगर के केसरीसिंहपुर में 2 इंच ( 69मिमी) दर्ज हुई। यहां अच्छी बरसात के बाद सड़कों पर पानी भरा नजर आया।

इसी तरह करणपुर में 14मिमी, मिर्जेवाला में 17 और हिंदूमलकोट में 11मिमी बरसात हुई। इधर हनुमानगढ़ के नोहर एरिया में भी बीती रात तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई। वहीं, दिन में संगरिया एरिया में भी पानी बरसा। सिरोही, उदयपुर के गोगुंदा, झाड़ोल और अजमेर के विजयनगर में भी हल्की बारिश हुई।

राज्य में बारिश का दौर धीमा पड़ने और मौसम शुष्क रहने से तापमान भी बढ़ने लगा है। कल 6 शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। गंगानगर, हनुमानगढ़, करौली, चूरू, पिलानी, बीकानेर में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।

## 'मोदी के कहने पर रुका था रूस-यूक्रेन युद्ध'

### राजनाथ बोले- 22 हजार भारतीय छात्रों को निकाला गया था, ऐसा कभी न हुआ है न होगा

उदयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- भारत अब कमजोर नहीं रहा है। भारत अब दुनिया का ताकतवर देश बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर रूस-यूक्रेन का युद्ध कुछ घंटे के लिए रोक दिया गया था। हमने 22 हजार से ज्यादा भारतीय स्टूडेंट्स को बाहर निकाला था। पीएम ने इसके लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की थी। ऐसा कभी न हुआ है न होगा। रक्षामंत्री मंगलवार को उदयपुर में पन्नाधाय पार्क और मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा- भारत ने आज तक किसी भी देश पर न आक्रमण किया है, न किसी जगह पर कब्जा किया है। देश की ओर आंख उठाकर किसी ने बुरी नजरों से देखने की कोशिश की तो उसका मुंह-तोड़ जवाब दिया। इस सरकार पर यकीन रखना कि देश का स्वाभिमान हम कभी झुकने नहीं देंगे। हम सिर्फ भारत में रहने वाले लोगों की चिंता नहीं करते हैं। हम दूसरे देशों में भी जो भारत के लोग हैं उनकी भी चिंता करते हैं।

राजनाथ ने सेना को लेकर कहा- पहले जवानों के हाथों में जो बंदूक, मिसाइल हुआ करती थी वो दूसरे देशों के मुकाबले हल्की थी। अब हम बंदूक, राइफल, गोले, बारूद कुछ समय बाद दुनिया के देशों से नहीं खरीदेंगे। अब देश में ही बनेंगे। हम




13000 करोड़ का हथियार बेचते हैं। 8 साल पहले यह आंकड़ा सिर्फ 900 करोड़ था। साल 2047 आते-आते यह 2.75 लाख करोड़ का होगा।

उन्होंने कहा- अमृतकाल 2047 में खत्म हो रहा है। अब 25 साल का समय लगेगा। 2047 आते-आते भारत विश्वगुरु बनेगा। राजनाथ सिंह ने लोगों से कहा कि पन्नाधाय का जो खून था वहीं खून आपके शरीर में है। बस याद करने की जरूरत है। याद कर लेंगे तो कोई माई का लाल आंख उठाकर नहीं देखेगा।

राजस्थान की तारीफ करते हुए कहा कि राजस्थान हिंदुस्तान नहीं दुनिया की ऐसी धरती है जहां वीरांगनाओं की हड्डी से धूल बनी है। शौर्य और पराक्रम की इतनी गाथाएं हैं, जिनकी कमी नहीं है। राजनाथ ने इस दौरान पन्नाधाय और हाड़ी रानी के बलिदान को याद किया।

पन्नाधाय को याद करते हुए कहा- मैं समाज में कुमाता कहलाई जाऊंगी, इसकी भी चिंता पन्नाधाय ने नहीं की। क्योंकि उनके सामने एक ही लक्ष्य था कि मेवाड़ साम्राज्य सुरक्षित रहना चाहिए। कुमाता होने के कलंक को बर्दाश्त करने की हिम्मत की। राजनाथ ने विश्नोई समाज की महिलाओं को भी याद किया।

## राजेन्द्र राठौड़ बोले- एडवोकेट सुसाइड गहलोत सरकार पर कलंक

### कहा- पुलिस मारपीट से परेशान होकर मरा वकील आरएलपी ने धरने में 3 विधायक भेजे

जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीगंगानगर में घड़साना में बार संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह झोरड़ की आत्महत्या के मामले ने सियासी तूल पकड़ लिया है। आज घड़साना के बाजार पूरी तरह बंद रखे गए हैं। बीजेपी के उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा है कि सीकर में वकील हंसराज मावलिया के आत्मदाह की स्याही अभी सूखी ही नहीं थी, कि अब श्रीगंगानगर जिले के घड़साना बार संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट विजय सिंह झोरड़ ने पुलिस प्रताड़ना और मारपीट से मानसिक रूप से परेशान होकर आत्महत्या कर



ली है। यह घटना सरकार के माथे पर कलंक है और वकीलों में गहरा आक्रोश है।

राठौड़ ने कहा- कस्बे में नशे के खिलाफ अभियान चलाने वाले वकील के साथ पुलिसकर्मियों ने 18 अप्रैल को पहले भी बेरहमी से बेवजह मारपीट की थी। जिससे उन्हें मानसिक धक्का पहुंचा और उन्होंने आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रताड़ना के कारण ही वकील को मजबूरन आत्महत्या जैसा कदम उठाना पड़ा। घड़साना और सीकर दोनों वकील आत्महत्याओं के केस की न्यायिक जांच होनी चाहिए। वकील समाज का सबसे प्रतिष्ठित, जागरुक और चिन्तनशील वर्ग का व्यक्ति होता है। वही भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान में पुलिस से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करेगा, तो आम आदमी का क्या होगा। मेरी मांग है कि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिले और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा है कि राजस्थान की कई चुनौतियों में से एक युवाओं के बीच नशे की लत और इसका कारोबार है। यह पंजाब से लेकर राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र तक एक कॉरिडोर के रूप में फैल गया। इसी के खिलाफ जन जागरण और संघर्ष के कारण घड़साना के वकील विजय झोरड़ को आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया है। भाजपा श्रीगंगानगर इकाई और स्थानीय विधायक पीड़ित वकील के परिवार को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन यह घटना राज्य की कानून व्यवस्था की पोल खोलती है कि किस तरह से राजस्थान अपराधियों और नशा माफियाओं की गिरफ्त में है और गहलोत सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

## डीजीपी के नाम से आईपीएस अफसरों से मांगे पैसे

### 25 से अधिक अफसरों के पास आया वॉट्सऐप मैसेज, गिफ्ट-कैश के लिए लिखा

जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के डीजीपी एम.एल. लाठर के नाम से सोमवार रात 25 से ज्यादा आईपीएस अफसरों के वॉट्सऐप मैसेज आता है। मैसेज कर गिफ्ट और कैश की डिमांड की जाती है। एक बार तो अफसर चौंक जाते हैं। फिर पता चलता है कि ठगों की ओर से ये मैसेज किए गए हैं। खास बात यह कि 2018 बैच के आईपीएस ऑफिसर के पास ही यह मैसेज गए हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने पूर्व में हुई घटनाओं को देखते हुए इन मोबाइल नंबरों की लोकेशन निकाली तो पता चला कि यह नंबर कीपैड वाले फोन में चल रहे थे। साथ ही जिन लोगों को पास से यह मोबाइल पकड़े गए। वह लोग सामान्य लोगों की श्रेणी में थे। कुछ लोग ऑटो ड्राइवर तो कुछ लोग रेडी चलाकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। इन लोगों को भी पता नहीं था कि इनके मोबाइल का इस्तेमाल साइबर ठग कैसे कर रहे हैं। एक माह पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम से भी इसी प्रकार के मैसेज सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के पास भेजे गए थे।

## दलित स्टूडेंट की मौत पर जालोर में जुटी करणी सेना

### हजारों लोगों ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव, निष्पक्ष जांच की मांग

जालोर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। जालोर के सुराणा गांव में छात्र इंद्र मेघवाल की मौत का मामला अभी तक शांत नहीं हुआ है। जालोर में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने मंगलवार को धरना-प्रदर्शन किया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के नेतृत्व में हजारों लोगों ने कलेक्ट्रेट कूच किया। हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर लोग कलेक्ट्रेट के घेराव करने पहुंच गए। उधर प्रशासन की ओर से प्रदर्शन स्थल से लेकर कलेक्ट्रेट तक रास्ते में जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।

इससे पहले सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम यहां ताली बजाने या 2-4 घंटे बैठने के लिए नहीं आए हैं। उन्होंने 2 बार कलेक्टर और एसपी प्रदर्शन स्थल के मंच पर आकर ज्ञापन देने का अल्टीमेटम दिया और नहीं आने पर हजारों लोगों के साथ कलेक्ट्रेट कूच करने की चेतावनी दी। लेकिन कोई भी अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं आया। इस पर अब सभी लोग कलेक्ट्रेट कूच कर गए।

## जयपुर में सुपरवाइजर ने महिला से किया रेप

### शादी का वादा कर लिव-इन-रिलेशन में रखा, प्रेग्नेंट होने पर करवाया ऑबोशन



जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में शादी का झांसा देकर एक महिला से रेप का मामला सामने आया है। पिछले तीन सालों तक आरोपी सुपरवाइजर उसे लिव-इन-रिलेशनशिप पर रखकर दुष्कर्म करता रहा। प्रेग्नेंट होने पर उसका अबॉर्शन तक करवा दिया। शादी का दबाव बनाने पर गाली-गलौज कर उसे छोड़कर चला गया। बगरू थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि बगरू निवासी 36 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मार्च 2019 में उसका पति से तलाक हो गया।

# शिवरामपल्ली में भव्यता से मना रामदेव महाराज का जन्मोत्सव



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री रामदेव भक्त संगम, हैदराबाद के तत्वावधान में शिवरामपल्ली स्थित श्री रामदेवरा में श्री रामदेव महाराज का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख भजन गायक सुशील गोपाल बजाज द्वारा प्रस्तुत बाबा के भजनों ने भक्तों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

शिवरामपल्ली स्थित श्री रामदेवरा में श्रीरामदेवजी महाराज के जन्मोत्सव पर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजा गया। जगमगाती लाइटों से मंदिर को काफी आकर्षक बनाया गया। सुबह से भक्तों की भीड़ बाबा के दर्शन के लिए उपड़ी। कार्यक्रम का उद्घाटन उद्योगपति मनीष भरतिया ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सामाजिक एवं न्याय अधिकारिकता राज्य मंत्री रामदास आठवले, विशेष अतिथि समाजसेवी अमृत कुमार जैन-मीनाक्षी जैन, सम्मानित अतिथि रामनिवास-शकुंतला भूतड़ा, राजकुमार-बबिता कातरेखा, रामबल्लम-नानीबाई भाटी, मनीष-कविता भाटी, कृपाराम-बुक्कीबाई कच्छवाहा, गोपाल-मंजू बल्दवा, मदनलाल-होरादेवी कुमावत, हीरालाल-लेहरी देवी चौधरी, रतनलाल-मंजुला नाहटा, गौतम-सीमा सेहलोत, कपिलदेव पांडेय, प्रकाश लालवानी, शैतान सिंह चौहान, दलपतसिंह राजपूत, गोरखसिंह का सम्मान श्री रामदेव भक्त संगम के सदस्यों द्वारा किया गया। प्रमुख भजन गायक सुशील गोपाल बजाज ने अपने चिरपरिचित अंदाज में बाबा के भजन प्रस्तु कर भक्तों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में दिलशाद, उपेन्द्र शर्मा, कन्हैयालाल गुज्जर, नवीन शर्मा, सहयोगी संस्था श्री अखिल भारतीय बाबा रामदेव भक्त संगम रामदेवरा, दरबार पूजन पं. ओमप्रकाश शर्मा ने किया। कार्यक्रम सहयोगी मोतीलाल अग्रवाल, राजेश भाई, अमित भाटी, विजय वीडियो, राहुल जैन, छप्पन भोग में अमित अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, सुनील परमार, राजे दादू ने सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम में परामर्शदाता रामनिवास मारू, प्रेम कुमार बियाणी, रामानुज सारड़ा, सदस्य नंदकिशोर बजाज, हरिनारायण अट्टल, अशोक कुमार भूतड़ा, ओमप्रकाश बंग, वेणुगोपाल बल्दवा, राजेन्द्र बोहरा, बंसीलाल खत्री, मूलचंद जैन, गौतम जैन, नितिन अग्रवाल, रामदेव लड्डा, ताराचंद सांखला, सुरेशचन्द सांखला, पंकज अग्रवाल, अरमचंद गोयल, महेश कुमार ताजपुरिया, तरुण अग्रवाल, श्रवण कुमार दाधिचि, गणेश भुतडा, संजय अग्रवाल, नितेश जैन, सोहन सुराणा, चेतन मारू, केशव कच्छवाह, विशेष सहयोगी निलेश शर्मा, सुमित राठी, अमित लाड्डा, पंकज मणियार, राजेन्द्र दरक, सीए कन्हैयालाल राठी, रूपनयन दरक, आनंद कुमार झंवर, श्रीकांत जोशी, कमल डोसा, जयप्रकाश अजय भाटी, राजेन्द्र देवडा आदि की महत्ती उपस्थिति रही।

# श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट द्वारा भादवा सुदी दूज पर की गई विशेष पूजा-अर्चना



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट, रामदेवरा दरबार शिवरामपल्ली, हैदरावाद के तत्वावधान में भादवा सुदी दूज के उपलक्ष्य में 29 अगस्त को ब्रह्म मूहुर्त पर बाबा का अभिषेक तथा श्रृंगार आरती की गई। इस अवसर पर विशेष आकर्षण बाबा की अवतार दिवस झाँकी, वैकुण्ठ दर्शन झांकी, कोलकाता के कारीगरों द्वारा किये गये अनुपम श्रृंगार, छप्पन भोग, लंगर प्रसाद, तिरुपति बालाजी दर्शन, दिव्य दरवार आदि रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र नगर के विधायक प्रकाश गौड, मुख्य यजमान समाजसेवी नरेन्द्र कुमार गोयल, विशेष अतिथि श्रीमती अर्चना जयप्रकाश, राजेश अग्रवाल, अमृत कुमार जैन, सत्यनारायण भांगडिया, समाजसेवी गोपाल बल्दवा, अशोक शेरमल बोहरा, बलदेवराम भाटी, दिनेश सिंह राजपुरोहित, नितिन शर्मा, चिकोटी प्रवीण कुमार, नेमीचंद ढाका, एक्सीक्यूटिय आफिसर इंडोमेन्ट डिपर्टमेन्ट के मोहन राव, मंदिर ट्रस्ट चेयरमैन श्यामसुन्दर गिलाडा, रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट-ट्रस्ट बोर्ड-रामदेवरा दरबार, शिवरामपल्ली के भंवरीलाल कोठारी, सुरेश ताजपुरिया, धरमचन्द भंससाली, एस. व्यंकटेश, जगदीशप्रसाद अग्रवाल, सुरेश महाराज, प्रधान संयोजक कमलकिशोर जाजू, विशेष सहयोगी रमेश कुमार बंग, लक्ष्मीनारायण राठी, मुरारी दाहिमा, गोविन्द राठी, विमल डालिया, दिनेश सिंगानोदिया, धर्माराम ढाका, निलेश शर्मा, रतनलाल शर्मा, मानप्रकाश शर्मा, हेमाराम रॉयल, विट्ठल अट्ठल, निर्मल कोठारी, श्यामसुन्दर परातागी, चन्द्रशेखर गड्डी राजकुमार अग्रवाल, राजकुमार लड्डा, कमलेश बाफणा सिद्धार्थ गिलडा सतीश सरायवाला, सुरेशकुमार माली, महेश बजाज, हेमंत सारडा, विशाल बजाज, जय भरतिया, मंदिर पुजारीगण पं. बनवारी, पं. राकेश, पं. निरंजन, पं. कौशलेन्दर, पं. अनिल, पं. जनार्दनजी, जगन्नाथ, चिंरजीलाल शर्मा, अरविन्द शर्मा, पंकज शर्मा आथद की महत्ती उपस्थिति रही।

## बीजेपी राज में ऐसा होगा सीएम, जो रोज सचिवालय जाएगा : किशन रेड्डी

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज कहा कि राज्य के लोगों के पास एक ऐसा मुख्यमंत्री होगा, जो भाजपा के शासन में हर दिन राज्य सचिवालय जाता है। उन्होंने कहा कि लोगों ने अगले विधानसभा चुनाव के बाद सीएम केसीआर को उनके फार्म हाउस तक सीमित रखने का मन बना लिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी तेलंगाना की भ्रष्ट राजनीति और फार्म हाउस आधारित शासन को खत्म करने के लिए सत्ता में आएगी। राष्ट्रीय बीसी आयोग के सदस्य टी. आचार्य के साथ अमंगल नगर पालिका के विटापल्ली क्षेत्र में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए किशन रेड्डी ने लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के बाद आदिवासियों को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का वादा किया। यह कहते हुए कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को बहुत अधिक धनराशि स्वीकृत की है, उन्होंने कहा कि वे 1,720 करोड़ रुपये खर्च करके तुक्कुगुडा से डिंडी तक चार लेन की सड़क बनाने का प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं।

## पर्युषण महापर्व का सातवां दिन ध्यान दिवस के रूप में आयोजित



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी सुशिष्या साध्वी श्री त्रिशला कुमारी जी के पावन सानिध्य में पर्युषण महापर्व का सातवां दिन ध्यान दिवस के रूप में आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ लाडनू, कालू ,लूणकरणसर, हनुमानगढ़, किशनगढ़ आदि क्षेत्रों के भाई बहनों के मंगलाचरण से हुआ। साध्वी सम्प्रति प्रभा जी ने धर्मों के अंतर्गत तक धर्म पर अपने विचार व्यक्त किए। साध्वी श्री कल्पयशा जी ने लाडनू के गौरवशाली इतिहास के पृष्ठों को उजागर करते हुए सभी भाई -बहनों को प्रेरणा प्रेरणा दी कि हमारे भीतर संघ और संघपति के प्रति श्रद्धा बढ़ती रहे। साध्वी श्री जी ने बताया कि भगवान की आत्मा देव लोक का आयुष्य संपन्न कर इस भरत क्षेत्र में ऋषभदत्त नाम का ब्राह्मण और उसकी पत्नी देवानंद कुक्षी में अवतरित होते हैं। सभा में तपस्वी भाई बहनों का अभिनंदन किया गया। सभा, सिकंदराबाद के अध्यक्ष बाबूलाल जी बैद नेअपने विचार व्यक्त किए। साध्वी रश्मि प्रभा जी ने गीतिका के माध्यम से सब का उत्साह वर्धन किया।

## गरीबों को नि:शुल्क चिकित्सा सेवा देने आगे आया आरमूर रोटरी क्लब

### एमएए के सहयोग से गरीबों को मिलेगी ईएनटी सेवा



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में आने वाले लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा मुहैया करने के तहत रोटरी क्लब ऑफ आर्मूर (रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3150) के तत्वावधान में एक मोबाइल ईएनटी और हियरिंग स्क्रीनिंग वैन शुरू की गई है। यह "एमएए" ईएनटी द्वारा समर्थित है। यह मोबाइल ईएनटी और हियरिंग स्क्रीनिंग वैन गरीब और ग्रामीण लोगों के लिए बहुत उपयोगी है।

इस वैन में एक ईएनटी डॉक्टर, तकनीकी टीम और ऑडियोलॉजिस्ट उपलब्ध रहेंगे। वे रोगियों के लिए आवश्यक परीक्षण करते हैं। इस मोबाइल वैन की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्क्रीनिंग की जाएगी। इससे बच्चों में सुनने की समस्या की पहचान की जा सकती है। उन्हें सही समय पर सही इलाज मिल सके। मोबाइल ईएनटी और हियरिंग स्क्रीनिंग वैन का उद्घाटन पीडीजी अनिरुद्ध रॉय चौधरी (रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर, इलेक्ट) द्वारा किया गया। सुनीता कुमार ("एमएए" ईएनटी सीएमडी), डीजी राजा शेखर रेड्डी, डीजीई शंकर रेड्डी, डीजीएन सरथ चौधरी, पीडीजी रवि वडलमणि, पीडीजी रवि डोत्रे, पीडीजी संग्राम पाटिल, डीआरएफसी, पीडीजी रमेश वांगला, पीडीजी हनमंत रेड्डी, आरटीएन साई कुमार इसमें आरटीएन उदय पिलानी व अन्य ने भाग लिया।

## पावरग्रिड ने उस्मानिया जनरल अस्पताल को आवश्यक मशीनरी के लिए सहायता की



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, दक्षिणी क्षेत्र-I ने श्री चेतन बंसीलालकांकरिया, स्वतंत्र निदेशक(पावरग्रिड) की गरिमामयी उपस्थिति में अपनी सीएसआर पहल के तहत 3.90 करोड़ की अनुमानित लागत के आपातकालीन और आवश्यक उपकरण/मशीनरी (22 आइटम) की खरीद के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल, हैदराबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। राजेश श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक,पावरग्रिड दक्षिणी क्षेत्र-I एवं पीके हरिनारायणन, महाप्रबंधक (मा.सं.) की उपस्थिति में पावरग्रिड की ओर से जीवी राव, व. महाप्रबंधक(मा.सं.) एवं उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल से बी. नागेंद्र, अधीक्षक ने उपरोक्त समारोह में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। चेतन बंसीलाल कांकरिया स्वतंत्र निदेशक ने अपने सम्बोधन में कहा कि "पावरग्रिड हमेशा बड़ी संख्या में समाज के जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित करने के लिए सीएसआर कार्य करता रहा हैं । हम तेलंगाना के लोगों की सेवा में इन आवश्यक उपकरणों की खरीद के लिएउस्मानिया जनरल हॉस्पिटल (ओजीएच) के साथ जुड़कर खुश हैं। रोगी की जरूरतों की चिंता करना डॉक्टरों का मुख्य बिन्दु रहा हैं, जिसमें इस पहल के द्वारा हमारा संगठन डॉक्टरों की प्रमुख समस्याओं के निदान हेतु नवीनतम उपकरणों (जो न केवल बीमारियों की पहचान करने में लगने वाले समय को कम करता है बल्कि गरीब रोगियों के इलाज के खर्च को भी बचाता है) का प्रबंध करके मदद कर रहा है। इस पहल के तहत उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल (ओजीएच) द्वारा कुल 22 प्रकार के आपातकालीन और आवश्यक उपकरण/मशीनरी खरीदे जाएंगे जिससे न केवल आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता में सुधार होगा बल्कि उस्मानिया अस्पताल के शिक्षण संकाय को भी मदद मिलेगी।



**रावत राजपूत मित्र मंडल, हैदराबाद-सिकंदराबाद के तत्वावधान में बाबा श्री रामदेवजी का भादवा बीज महोत्सव संध्या से प्रारंभ होकर बीज पर समापन हुआ। इस अवसर पर भजन, छप्पन भोग, कलश यात्रा तथा लंगर प्रसादी का भक्तों ने आनंद लिया।**

## द्वितीय वर्ष के इंटर सप्लीमेंट्री परिणाम घोषित

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने मंगलवार को इंटरमीडिएट पूरक परीक्षाओं 2022 सामान्य वर्ग के परिणाम जारी किए। द्वितीय वर्ष की इंटरमीडिएट सार्वजनिक उन्नत परीक्षा में बैठने वाले 1,02,236 छात्रों में से कुल 47.74 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए हैं। स्टेट बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट शिक्षा सचिव सैयद ओमर जलील ने यहां बताया कि परिणाम **वेबसाइट** https://tsbie.cgg.gov.in/ पर उपलब्ध करा दिए गए हैं।



**सीरवी समाज कोरेमुला द्वारा श्री आई माताजी मन्दिर (बडेर) कोरेमुला में भादवा सुदी बीज के उपलक्ष्य में आयोजित श्री आई माताजी के 607वें अवतरण दिवस एवं आठवें वार्षिकोत्सव में भाग लेते हुए अध्यक्ष कालुराम काग, सचिव डायाराम लचेटा, उपाध्यक्ष वगताराम पंवार, राजाराम पंवार, सह सचिव राजाराम गहलोत, कोषाध्यक्ष पोकरराम पंवार, खेल मंत्री ओमप्रकाश, ओगडराम सैणचा, बाबुलाल परिहार, तेजाराम काग, प्रकाश खडाला, पूनाराम हाम्बड पूनाराम पंवार, खीमाराम, सुरेशचंद काग, ताराराम, देवाराम, खीवाराम, चेलाराम, सवराराम, अर्जुन सिंह, छोगाराम, भीकाम पंवार, रताराम सोलंकी, जयरूपराम। अवसर पर अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में सामाजिक एकता पर जोर दिया। सचिव ने पिछले वर्ष समाज द्वारा किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष ने आय-व्यय का ब्यौरा आम सभा के सम्मुख रखा।**



**श्री रामदेव जी के अवतार दिवस पर श्री इन्द्रधनुष नर्सिंग होम के समीप रामदेव सेवा संघ द्वारा अन्नदानम का आयोजन किया गया। इसमें भाग लेते हुए डॉ. किशोर सिंह चव्हाण, एनआर लक्ष्मण राव, आदर्श, सूर्य शुक्ला, विजय और अन्य।**

## अग्रवाल समाज लकड़ी का पुल शाखा द्वारा सावन की सैर का आयोजन



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज लकड़ी का पुल शाखा द्वारा सावन की सैर का आयोजन ट्रांसग्रीन फील्ड्स रिसॉर्ट्स, मोइनाबाद में किया गया। सर्वप्रथम महाराजा श्री अग्रसेनजी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। चेयरमैन विजय कुमार अग्रवाल, शाखा पदाधिकारी जयकुमार अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अर्जुनलाल अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य रमेश कुमार अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल एवं शाखा के सदस्य कमलचंद अग्रवाल, मुकेशचंद मोदी, मुकेश अग्रवाल और उनके पारिवारिक सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।



**मोजमजाही मार्केट में गोशामहल के विधायक टी. राजा सिंह के समर्थन में तेलंगाना भरोसा मंच के अध्यक्ष राकेश जायसवाल के नेतृत्व में शातिपूर्वक प्रदर्शन किया गया। इसमें रामकृष्णा, मोहन सिंह, काजल, रेणुका, कल्पना, राजू यादव, रघु आदि ने भाग लिया।**

# यूएस ओपन में उलटफेर

## स्टेफानोस सितिसपास और सिमोना हालेप पहले राउंड में बाहर; सेरेना विलियम्स और मेदवेदेव दूसरे दौर में



स्टेफानोस सितिसपास को कोलोम्बियन क्वालीफायर डेनियल इलाही गैलन ने मात दी





नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। 23 बार की ग्रैंड स्लैम विजेता सेरेना विलियम्स ने यूएस ओपन में जीत की शुरुआत की है। वहीं मेंस सिंगल्स में स्टेफानोस सितसिपास और विमेंस सिंगल्स में सिमोना हालेप उलटफेर के शिकार हो गए हैं। उन्हें पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा है।

**विलियम्स कर चुकी हैं रिटायरमेंट की घोषणा**

विलियम्स ने डंका कोविनिक को 6-3, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की है। उनका यह आखिरी ग्रैंड स्लैम हो सकता है। वे पहले ही रिटायरमेंट की घोषणा कर चुकी हैं। वहीं कोविनिक को हराने से पहले उन्होंने इस साल केवल एक ही मैच में जीत हासिल की थी। उनकी रैंक 609 पर खिसक गई थी।

**स्टेफानोस सितसिपास और सिमोना हालेप पहले राउंड में ही बाहर**

मेंस सिंगल्स में टूर्नामेंट के चौथी सीड स्टेफानोस को उलटफेर का शिकार होना पड़ा। उन्हें कोलोम्बियन क्वालिफायर डेनियल इलाही गैलन 6-0, 6-1, 3-6, 7-5 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। उधर, विमेंस सिंगल्स में टूर्नामेंट की सातवीं सीड सिमोना हालेप भी उलटफेर की शिकार हो गईं। उन्हें डारिया स्निगुर से 2-6, 6-0, 4-6 से करारी हार का सामना करना पड़ा। विमेंस सिंगल्स के दूसरे मैचों में मारिया सककारी ने तातजाना मारिया को 6-4, 3-6, 6-0 से, कोको गौफ ने लेओलिया जीनजीन को 6-2, 6-3 से और ओन्स जबूर ने मैडिसन ब्रेंगल को 7-5, 6-2 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

**मेदवेदेव ने स्टीफन कोजलोव को हराया**

वहीं मेंस सिंगल्स में डिफेंडिंग चैंपियन डेनियल मेदवेदेव दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। उन्होंने पहले राउंड में अमेरिकी स्टीफन कोजलोव को सीधे सेंटो में 6-2, 6-4, 6-0 से हराया। मेदवेदेव ने जीत के बाद कहा कि कोजलोव के खिलाफ जूनियर स्तर पर खेल चुके हैं। उन्हें हराने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा था।

# चीन ने ओलिंपिक में की मैच फिक्सिंग

## ब्रॉन्ज मेडलिस्ट शटलर का खुलासा- सिडनी में हमवतन गोल्ड मेडिलिस्ट से हारने का आदेश मिला था




नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। 2000 ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट बैडमिंटन खिलाड़ी ये झाओयिंग ने खुलासा किया है कि सिडनी ओलिंपिक के विमेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में उन्हें हमवतन गोंग झीचाओ से हारने का आदेश दिया था। उन्होंने वजह बताते हुए कहा कि फाइनल में डेनमार्क की खिलाड़ी कैमिला मार्टिन के पहुंचने पर उनके हारने की संभावना ज्यादा थी। चूंकि देश को ज्यादा से ज्यादा गोल्ड मेडल मिले, इसलिए मुझे सेमीफाइनल में हारने के लिए कहा गया था। कैमिला को दूसरे सेमीफाइनल में चीन की ही दाई युन से भिड़ना था।

**मुख्य कोच ने हारने का सुनाया था फरमान**

एक टीवी चैनल के अनुसार उस समय चीनी बैडमिंटन टीम के मुख्य कोच ली योंगबो और विमेंस सिंगल्स के मुख्य कोच तांग जुएहुआ ने सेमीफाइनल से एक रात पहले झाओयिंग से कहा कि उन्हें जानबूझकर हारना है। झाओयिंग ने टीवी चैनल से कहा कि मुख्य कोच के आदेश के बाद मैं काफी असहाय महसूस कर रही थीं। जीवन में ऐसा कम ही मौका मिलता है, जब आप एक मुकाम तक पहुंच पाते हैं। ऐसे में आपको हारने के लिए कहा जाए, तो यह दुखद होता है। उस समय मैं अकेली पड़ गईं। मैं कुछ नहीं कर सकी।

**हार के बदले गोल्ड मेडलिस्ट के बराबर इनाम का किया गया था ऑफर**

पूर्व वर्ल्ड नंबर वन खिलाड़ी ने झाओयिंग ने आरोप लगाया कि सेमीफाइनल में हम वतन खिलाड़ी से हारने के लिए उन्हें गोल्ड मेडलिस्ट को दिए जाने वाले इनाम राशि 112,500 चीनी युआन यानी करीब 13 लाख (यूरो 13,900/यूएसडी 16,300) का बोनस ऑफर दोनों कोच की ओर से दिया गया। वहीं दोनों कोच ने उनसे यह भी कहा था कि मैच को तीसरे राउंड तक नहीं ले जाना है और गोंग को थकने नहीं देना है।

झाओयिंग सेमीफाइनल में गोंग से 11-8, 11-8 से हार गई थी। बाद में फाइनल में गोंग ने मार्टिन को 13-10, 11-3 से जीत के साथ अपना एकमात्र ओलिंपिक खिताब हासिल किया।

**ओलिंपिक में गोल्ड कोचों के लिए भी महत्वपूर्ण**

चीन के लिए ओलिंपिक का काफी महत्व है। खास तौर चीनी खेल संघों के कोचों और प्रबंधन के लिए इसका महत्व ज्यादा ही रहता है। अगर खिलाड़ी ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने में सफल नहीं होते हैं तो कोचों को हटा दिया जाता है।

**झाओयिंग ने हमवतन दाई को हराकर जीता था ब्रॉन्ज मेडल**

झाओयिंग ने सेमीफाइनल हारने के बाद ब्रॉन्ज मेडलिस्ट के हुए मैच में हमवतन दाई को 8-11, 11-2, 11-6 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## बार्सिलोना ने वालाडोलिड को 4-0 से हराया, लेवेंडोवस्की ने किए दो गोल



मैड्रिड, 30 अगस्त (एजेंसियां)। स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवेंडोवस्की के दो गोलों की मदद से बार्सिलोना ने स्पेनिश लीग ला लिगा में वालाडोलिड को 4-0 से हराया। बायरन म्यूनिख से बार्सिलोना में आए पोलैंड के स्ट्राइकर का इस सीजन में यह चौथा गोल रहा। उन्होंने रियल सोसिइडाड के खिलाफ 4-1 की जीत में भी दो गोल किए थे। लेवेंडोवस्की ने 24 और 64वें मिनट में गोल किए जबकि अन्य गोल गोंजलेज (43वां मिनट) और सर्गेई रॉबर्टो (90+2) ने किए।

चौंतीस साल के लेवेंडोवस्की का दूसरा गोल दर्शनीय था जब रक्षक खिलाड़ी को छकाते हुए उन्होंने एड़ी की मदद से गोल किया। लेवेंडोवस्की ने बार्सिलोना में आने के बाद इस सीजन में दूसरी बार एक मैच में दो गोल किए हैं। बार्सिलोना के डिफेंडर जूल्स ने लेवेंडोवस्की के शानदार प्रदर्शन पर कहा कि हमें पता है कि हमने लेवेंडोवस्की के रूप में किस खिलाड़ी को क्लब में शामिल किया है। वह शीर्ष स्तर के स्ट्राइकर हैं और अपने गोलों से उन्होंने यह दिखाया है।

**बेंजेमा ने दिलाई रियल मैड्रिड को जीत**

रियल मैड्रिड ने करीम बेंजेमा के दो गोलों की मदद से एस्पनयोल को 3-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की है। बेंजेमा ने 88वें मिनट और इंजरी टाइम में गोल किए। जबकि वि नि सि य स जूनियर ने 12वें मिनट में बढ़त दिलाई थी जिस पर एस्पनयोल के जोसेलू ने 43वें मिनट में बराबरी दिला दी थी। बेंजेमा के लीग में तीन गोल हो गए हैं।


## जापान ओपन : प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचे प्रणय, सात मिनट में रिटायर हुए वर्ल्ड नंबर-12 हॉन्गकॉन्ग के एंगुस

टोक्यो, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए हैं। दरअसल, मैच के दौरान पहले राउंड में हॉन्गकॉन्ग के वर्ल्ड नंबर-12 एंगुस एंगका लॉन्ग ने नाम वापस ले लिया। वह चोटिल होने की वजह से रिटायर्ड हर्ट हुए। इस वजह से भारत के प्रणय को वॉकओवर मिल गया। प्रणय इस टूर्नामेंट में गैरवरीय खिलाड़ी के रूप में उतरे हैं।

जिस वक्त एंगुस रिटायर्ड हर्ट हुए, उस वक्त प्रणय पहले गेम में 11-10 से आगे चल रहे थे। सात मिनट के बाद एंगुस मैच आगे जारी रखने में असमर्थ दिखे। अब दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय दूसरे राउंड में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू से भिड़ेंगे। प्रणय हाल ही में टोक्यो में हुए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनसिप में शानदार फॉर्म में दिखे थे। उन्होंने दो बार के वर्ल्ड चैंपियन केंतो मोमोता को हरा दिया था।

इसके बाद अगले ही राउंड में प्रणय ने भारत के कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट लक्ष्य सेन को भी हराया था।

# हॉन्ग कॉन्ग से जीतते ही रोहित शर्मा तोड़ देंगे विराट कोहली के सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया जब बुधवार को हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके समक्ष चुनौती एशिया कप के सुपर-4 में अपनी जगह बनाने की होगी. हालांकि इस मैच को जीतना हिटमैन के लिए ज्यादा मुश्किल भी नजर नहीं आता है क्योंकि भारत जैसी मजबूत टीम के सामने हॉन्ग कॉन्ग की कोई बिसात नहीं है. हालांकि इस मैच में रोहित भारतीय टी20 क्रिकेट के इतिहास में एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित कर देंगे. वो खेल के सबसे छोटे प्रारूप में विराट कोहली को पीछे छोड़ देंगे.'

**विराट भी छूट जाएंगे पीछे**

रोहित शर्मा को पूर्ण रूप से भारतीय टी20 टीम की कमान मिले अभी एक साल का वक्त भी पूरा नहीं हुआ है. इतने कम समय में शर्मा जी इस फॉर्मेट में सर्वाधिक जीत के मामले में विराट कोहली की बराबरी कर चुके हैं. शर्मा जी ने 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत की कमान संभाली है. इनमें से 30 मैचों में वो जीत दर्ज कर चुके हैं. उधर, विराट कोहली ने 50 मैचों में टीम का नेतृत्व कर भारत को 30 जीत दिलाई थी. जीत के प्रतिशत के मामले में हिटमैन का रिकॉर्ड बेहद शानदार है. हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ अगर भारत जीत दर्ज करता है तो रोहित पूर्व कप्तान को पीछे छोड़ देंगे.

**महेंद्र सिंह धोनी अभी भी हैं नंबर-1**

टी20 फॉर्मेट में टीम को जिताने के मामले में अभी भी पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की बादशाहत कायम है. माही के नेतृत्व में भारत 72 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है, जिसमें से 41 मैचों में जीत मिली. जिस तेजी से रोहित शर्मा भारत को एक के बाद एक जीत दिला रहे हैं उसे देखते हुए लगता है कि अगले छह महीने में वो इस मामले में धोनी के रिकॉर्ड को भी तोड़ देंगे।

## ऑस्ट्रेलियाई को झटका, भारत दौरे से पहले मिशेल मार्श के टखने में चोट, टीम से बाहर



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी में जुटी डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को तगड़ा झटका लगा है. उसके स्टार ऑलराउंडर मिशेल मार्श के टखने में चोट लगी है. इसके कारण वह जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं. हालांकि उनकी यह चोट फिलहाल मामूली बताई जा रही है और उनके टी20 वर्ल्ड कप से पहले फिट होने की उम्मीद है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की मेडिकल टीम ने भरोसा जताया कि वह टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत दौरे तक फिट हो जाएंगे.

ईएसपीएनक्रिकइंफो' की रिपोर्ट के अनुसार मार्श की जगह पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को टीम में लिया गया है, जो अभी इंग्लैंड में लंदन स्पिरिट की तरफ से द हंड्रेड टूर्नामेंट में खेल रहे हैं. रिपोर्ट के अनुसार, 'मार्श की चोट को टखने की मामूली चोट बताया गया है और टी20 वर्ल्ड कप के मद्देनजर यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है.'

मार्श ने जिंबाब्वे के खिलाफ पहले वनडे में पहले बदलाव के रूप ने गेंदबाजी की थी और उन्होंने छह ओवर में 22 रन देकर 1 विकेट लिया था. इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए में वह केवल दो रन बना पाए थे.

ऑस्ट्रेलिया को अभी जिंबाब्वे के खिलाफ 31 अगस्त और 3 सितंबर को दो वनडे मैच खेलने हैं. इसके बाद उसकी टीम तीन वनडे मैच के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी. ये मैच छह से 11 सितंबर के बीच खेले जाएंगे. ऑस्ट्रेलिया 20 से 25 सितंबर के बीच होने वाले तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए भारत का दौरा करेगा. मार्श के इन मैचों के लिए उपलब्ध रहने की संभावना है।

## स्टीव स्मिथ को बीबीएल में नहीं मिला डेविड वॉर्नर जितना पैसा, सिडनी सिक्सर्स से नाराज



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ बिग बिश टी20 लीग में अपने ही देश के खिलाड़ियों की अनदेखी से नाराज हैं. इस लीग ने विदेशी खिलाड़ियों को तो कई मिलियन डॉलर के अनुबंध दिए हैं, जबकि अपने ही देश के कई खिलाड़ियों को इससे बाहर रखा है. इस पर स्मिथ ने कहा कि आपको सबसे पहले अपने स्थानीय खिलाड़ियों का ख्याल रखना चाहिए. ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान को दिसंबर-जनवरी में बिग बैश के आगामी सीजन के लिए सिडनी सिक्सर्स ने अपनी टीम में चुना है, लेकिन सिक्सर्स ने स्मिथ के साथ जो सौदा किया है वह उससे नाराज हैं.

हाल ही में, बीबीएल ने विदेशी खिलाड़ियों का मसौदा तैयार किया, जिसमें कई क्रिकेटरों को कई मिलियन डॉलर के अनुबंध मिले. क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने भी ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के लिए घरेलू टी20 लीग में शीर्ष विदेशी खिलाड़ियों के बराबर लाखों डॉलर का अनुबंध दिया है. लेकिन ऐसा ऑफर ऑस्ट्रेलिया के केवल कुछ चुनिंदा घरेलू खिलाड़ियों को मिल रहा है, जबकि कई अन्य स्टार खिलाड़ी इससे अछूते रह गए हैं.

बुधवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले दूसरे वनडे से पहले स्मिथ ने कहा, 'दुनिया भर के टूर्नामेंटों के संदर्भ में, आपको सबसे महत्वपूर्ण रूप से अपने स्थानीय खिलाड़ियों की देखभाल करनी होती है.'

स्मिथ ने आगे कहा, 'कुछ खिलाड़ियों को जो बड़े सौदे दिए जा रहे हैं, उससे कुछ स्थानीय खिलाड़ी टूर्नामेंट में खेलने को लेकर थोड़े निराश हैं. इसलिए मुझे लगता है कि स्थानीय खिलाड़ियों को खुश रखने के लिए कोई तरीका खोजने चाहिए.'

वॉर्नर ने बीबीएल-12 के लिए सिडनी थंडर के साथ 340,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का एक आकर्षक सौदा हासिल किया है, जो सैम बिलिंग्स और डेविड विली जैसे 'प्लेटिनम' विदेशी खिलाड़ियों के बराबर है. लेकिन स्मिथ जैसे दिग्गजों को ऐसा प्रस्ताव नहीं मिला है.

स्मिथ ने यह भी संकेत दिया कि वह इस साल अक्टूबर-नवंबर में घर पर होने वाले वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं, हालांकि पिछले साल यूएई में उन्होंने शानदार प्रदर्शन नहीं किया था, जहां कंगारुओं ने अपनी पहली विश्व टी20 ट्रॉफी जीती थी।

## हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ मैच से पहले विराट कोहली ने जमकर बहाया पसीना



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान धीमी लेकिन असरदार पारी खेली. विराट भले ही मैदान पर रन बनाने में जूझते नजर आए हों लेकिन उन परिस्थितियों में बल्लेबाजों का टिककर रन बनाना बेहद जरूरी था. अब उनके सामने अगली बड़ी चुनौती 31 अगस्त को हॉन्ग कॉन्ग की है. मैच से एक दिन पहले भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली जिम में जमकर पसीना बहाते नजर आए. इंग्लैंड दौरे पर खेलने के बाद विराट कोहली करीब डेढ़ महीने के ब्रेक से वापसी कर रहे हैं. भारत के पूर्व कप्तान ने मंगलवार को अपने वर्कआउट सेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की।

## बुमराह की चोट पर आया अहम अपडेट

नई दिल्ली , 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी पुरानी बैक इंजरी के चलते एशिया कप का हिस्सा नहीं बन पाई. लंबे समय तक बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब की प्रक्रिया से गुजरने के बाद जस्सी अब मुंबई लौट आए हैं. बीसीसीआई सूत्रों का कहना है कि उनकी रिकवरी की प्रक्रिया काफी अच्छी चल रही है. वो आगामी साउथ अफ्रीका या ऑस्ट्रेलिया सीरीज से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं. इंसाइड स्पोर्ट्स वेबसाइट ने बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से लिखा, "जसप्रीत बुमराह ने रिकवरी को



लेकर अच्छी प्रोग्रेस दिखाई है. हम फिजियो नितिन पटेल के साथ निरंतर टच में भी हैं. वो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में नहीं भी होते तब भी वो उनकी फिटनेस पर पूरी जानकारी लेते रहते हैं. हमें उम्मीद है कि वो ऑस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका दौरे से टीम में वापसी कर लेंगे."

अधिकारी ने कहा, "हां यह एक चिंता का विषय है. वो रिहैब की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं. उन्हें सर्वश्रेष्ठ मेडिकल एडवाइज दी जाएगी. उनकी पुरानी इंजरी बड़ी समस्या है. विश्व कप को शुरू होने में अब केवल दो महीने का ही वक्त बचा है. उन्हें यह चोट काफी बुरे वक्त पर लगी है. हम इस कंडीशन को बहुत अच्छे से नजर बनाए हुए हैं. वो सर्वेश्रेष्ठ गेंदबाज हैं. लिहाजा उन्हें ध्यान से मैनेज किया जाना चाहिए।"

## भारत ने प्लानिंग-स्ट्रैटजी में पाक को हराया



दुबई, , 30 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया ने एक हाई वोल्टेज मुकाबले में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर एशिया कप में अपने अभियान की बेहतरीन शुरुआत की। कागज पर मुकाबला काफी करीबी दिखा। आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर फैसला हो तो मैच को संघर्षपूर्ण ही कहेंगे। जिन्होंने स्टेडियम में या टीवी पर यह मैच देखा है वे भी इसे नेलबाइटिंग फिनिश ही कहेंगे।

वैसे यह पाकिस्तान की अच्छी किस्मत है कि पिछला मैच रोमांचक मुकाबले के तौर पर याद किया जाएगा। सच्चाई यह है कि पाकिस्तान का क्रिकेट सिस्टम भारतीय सिस्टम से बुरी तरह मात खा गया है। भारत ने क्रिकेट की प्लानिंग और स्ट्रैटजी के मामले में पाकिस्तान को करारी पटखनी दे दी है।

यूएई को पाकिस्तान क्रिकेट टीम का दूसरा घर कहा जाता है। जब आतंकवाद के कारण पाकिस्तान में मैच होने बंद हो गए तब यूएई ही उसके घरेलू इंटरनेशनल मुकाबलों को होस्ट करता था। ऐसे में यही माना जा रहा है कि पाकिस्तानी खेमे के पास कंडीशन की बेहतर समझ होगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। भारत ने यह फिगर आउट किया कि यहां तेज गेंदबाज मैच विनर साबित हो सकते हैं। इसलिए चार पेसर्स प्लेइंग-11 में शामिल किए गए। दिग्गज गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को बाहर बैठना पड़ा। दूसरी ओर पाकिस्तान ट्रिक मिस कर गया। वह तीन तेज गेंदबाजों के साथ ही उतरा। दोनों टीमों के फास्ट बॉलर्स ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन पाकिस्तान के पास हथियार की कमी दिखी। उनके पास एक तेज गेंदबाज कम था। पाकिस्तान की बैटिंग लाइनअप में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के तौर पर दुनिया के नंबर-1 और नंबर-3 बल्लेबाज मौजूद थे। फर्स्ट डाउन बैटिंग करने वाले फखर जमान अपने दिन किसी भी बॉलिंग अटैक को तहस-नहस करने की क्षमता रखते हैं।

# तीन साल के बच्चे की हत्या के आरोप में मां समेत दो गिरफ्तार

## मां के प्रेमी ने मासूम को दी दर्दनाक मौत, महिला हत्या का राज छुपाती रही

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तीन साल के मासूम बच्चे की हत्या के आरोप में मुशीराबाद पुलिस ने मां और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। हैरत की बात तो यह है कि बच्चे की मां को यह पता था कि उसका प्रेमी बच्चे को मौत के घाट उतारने वाला है, जबकि इस मामले में मां पुलिस से बरगलाती रही। पुलिस ने इस मामले में महिला नागा लक्ष्मी और उसके प्रेमी एम. रवि को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का दावा है कि आरोपी रवि ने बच्चें को मारने से पहले उसके साथ दुष्कर्म भी किया था। इस घटना का कारण बच्चें का विवाहेत्तर संबंध में बाधा बनना बताया जा रहा है। सिटी पुलिस मध्य क्षेत्र के डीसीपी राजेश चंद्रा ने मीडिया को बताया कि कि बीती 8 जुलाई को शिशु के पिता ने मुशीराबाद थाने में एक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर पुलिस को जांच के दौरान चौकाने वाले तथ्य मिले। जबकि पहले बालक की मौत कुर्सी पर से गिरने के कारण घायल होने के कारण बताई गई थी। निजामाबाद जिले के




डिचपल्ली मंडल के धर्मराम गांव की नागलक्ष्मी (24) की छह साल पहले इसी जिले के पोन्नागंती शिवकुमार (27) से शादी हुई थी। दोनों का वपन (5) के अलावा एक तीन साल का और बेटा था।

दंपति मुशीराबाद के मोहन नगर में किराए के मकान में रहता है। शिवकुमार प्राइवेट नौकरी करते हैं जबकि नागलक्ष्मी एक गृहिणी हैं। लेकिन नागलक्ष्मी शादी से पहले निजामाबाद जिले के माधवनगर निवासी रवि (33) नाम के शख्स के संपर्क में थी।

वह दूर का रिश्तेदार भी है। रवि की दो पत्नियां हैं, लेकिन दोनों रवि को छोड़ दिया। वह नशे का आदी था। रवि मुशीराबाद के पारशीगुट्टा नगर कॉलोनी में अकेला रह रहा था। नागलक्ष्मी अपने पति शिवकुमार को रवि को अपना रिश्तेदार बताती थी। शिवकुमार का मानना था कि उनकी पत्नी सच कह रही है। नागलक्ष्मी का बड़ा बेटा इसी इलाके के एक निजी स्कूल में पढ़ता था, वहीं उसके तीन साल के छोटे बेटे का दाखिला आंगनबाडी स्कूल में हुआ था। बालक को सुबह दस बजे आंगनबाडी विद्यालय ले जाना और दोपहर दो बजे उसे वापस लाना नागलक्ष्मी का रोज का काम था। पति के घर न होने पर दोपहर में महिला अपने प्रेमी रवि के साथ अकेले समय बिताती थी। दोपहर में तीन साल का बेटा अकेले में समय बिताने में उनके लिए समस्या बन गया। इसलिए दोनों ने योजना बनाकर बेटे को मारने का फैसला कर लिया। इसी के तहत बीती आठ जुलाई की सुबह नागलक्ष्मी योजना के तहत अपने पति को नई नौकरी के बहाने हाईटेक सिटी ले गई। बाद में, उसके पति ने रवि को फोन किया और कहा कि वह अपने बेटे को आंगनवाड़ी से घर ले आए। इसके बाद रवि आंगनबाडी में गया और तीन साल के बच्चे को घर ले आया और योजना के मुताबिक घर में ही उसे जमकर प्रताड़ित किया। बालक के मलद्वार में लकड़ी डालकर लीवर व आंतरिक अंगों को नुकसान पहुँचाकर उसका यौन उत्पीड़न किया। आधे घंटे तक प्रताड़ित करने के बाद, रवि ने नागलक्ष्मी व शिवकुमार को फोन किया और बताया कि बाबू कुर्सी से गिर गया है। शिवकुमार ने रवि से बालक को तुरंत गांधी अस्पताल में भर्ती कराने के लिए कहा। देर शाम बालक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गंभीर चोटों का होना बताया गया। पुलिस ने दोनों को जांच के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# परिवार नियोजन ऑपरेशन के बाद चार लोगों की मौत पर डीएच स्तब्ध

## इब्राहिमपट्टनम सरकारी अस्पताल में सर्जरी करने पर प्रतिबंध लगा : डॉ. श्रीनिवास

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक (डीएच) डॉ. श्रीनिवास राव ने इब्राहिमपट्टनम सिविल अस्पताल में परिवार नियोजन ऑपरेशन के बाद चार लोगों की मौत के सनसनीखेज मुद्दे पर आज प्रतिक्रिया व्यक्त की। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, डॉ. श्रीनिवास राव ने कहा कि परिवार नियोजन सर्जरी 25 अगस्त को अस्पताल में की गई, जहां अनुभवी डॉक्टरों द्वारा कुल 34 सर्जरी की गई। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की सर्जरी हुई है उन्हें कुछ घंटों के लिए अस्पताल में निगरानी में रहना होगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने नवीनतम परिष्कृत तकनीक के साथ सर्जरी की। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने उन सभी महिलाओं के लिए एक पूर्ण संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया, जिनकी सर्जरी हुई थी और उन्हें अपने घरों में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि उन्हें 26 अगस्त और 27 अगस्त को महिलाओं से गैस्ट्रिक समस्याओं के बारे में शिकायतें मिलीं और कहा कि




महिलाओं को सरकारी अस्पताल ले जाया गया और उनकी समस्या का इलाज किया गया। डीएच ने कहा कि कुछ महिलाओं को इलाज के लिए निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। उन्होंने कहा कि 34 लोगों में से चार की दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से मौत हो गई और उनकी मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य के गठन के बाद इस तरह की पहली मौतें हुई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका विभाग लगातार स्थिति की समीक्षा कर रहा है और उन्होंने कहा कि उनकी मौत के कारणों का पता लगाने के लिए उन्होंने चार लोगों के शवों का पोस्टमार्टम किया। उन्होंने कहा कि वे रविवार से शेष 30 व्यक्तियों की जांच कर रहे हैं और उन्होंने कहा कि उन्होंने उनके स्वास्थ्य की स्थिति पर नजर रखने के लिए विशेष टीमों को उनके घरों में भी भेजा है। उन्होंने कहा कि 30 व्यक्तियों में से सात को हैदराबाद के एक अस्पताल में ले जाया गया और दो अन्य व्यक्तियों को पुंजागुट्टा के निम्स ले जाया गया। उन्होंने कहा कि भर्ती सभी मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति अब स्थिर है। डॉ श्रीनिवास राव ने कहा कि परिवार नियोजन सर्जरी उनके विभाग की नियमित गतिविधि थी और कहा कि सर्जरी न केवल तेलंगाना में, बल्कि पूरे देश में हो रही है। देश में 70 साल पहले परिवार नियोजन कार्यक्रम शुरू होने का उल्लेख करते हुए, डीएच ने कहा कि उन्होंने इस साल अप्रैल से पिछले महीने जुलाई तक सार्वजनिक क्षेत्र में 16,147 और निजी क्षेत्र में 16,077 ट्यूबेक्टोमी किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मौतों की घटनाओं की जांच के लिए एक समिति का गठन किया था और उन्हें जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि वे पारदर्शी तरीके से जांच करेंगे और एक सप्ताह में राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इब्राहिमपट्टनम सरकारी अस्पताल में किसी भी तरह की सर्जरी करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी के लाइसेंस को भी पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए अस्थायी रूप से रद्द कर दिया है। श्रीनिवास राव ने कहा कि राज्य सरकार भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठा रही है। पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। इस बीच, राज्य सरकार ने चार पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वे पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के लिए डबल बेडरूम का घर भी बनाएंगे और उनके बच्चों की शिक्षा के लिए समर्थन देंगे। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि देश को आजादी मिलने के बाद से परिवार नियोजन सर्जरी केवल महिलाओं तक ही सीमित थी और उन्होंने कहा कि पुरुषों के लिए परिवार नियोजन सर्जरी में उन्हें करने के लिए कई अलग-अलग प्रक्रियाएं होती हैं। डॉ श्रीनिवास राव ने लोगों से महिलाओं को प्रजनन के साधन के रूप में नहीं देखने का आग्रह किया और कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वे बच्चों और बड़ों सहित अपने परिवार के सदस्यों की भलाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पुरुषों के बजाय केवल महिलाएं ही परिवार नियोजन सर्जरी कराने के लिए आगे आ रही हैं। उन्होंने पुरुषों से भी आगे आने और सर्जरी कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सर्जरी के बारे में पुरुषों में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है और कहा कि राज्य सरकार आने वाले दिनों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कदम उठाएगी।

# समाज को शांतिपूर्ण रखने में प्रत्येक पुलिसकर्मी की समान जिम्मेदारी : भागवत

## सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 73 पुलिसकर्मियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र सौंपे गए

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा के सीपी महेश भागवत ने नेरेडमेट के एक फंक्शनल हॉल में आयोजित पुरस्कार मेला में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कार प्रदान किया। सीपी ने स्वागत, प्रशासन, जांच, स्टेशन हाउस अधिकारी, डीआई-डीएसआई, सम्मन, ब्लू कोल्ट्स, पेट्रोल कार, जैसे कार्यात्मक कार्यक्षेत्रों में उनकी सराहनीय सेवाओं और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 73 पुलिस कर्मियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र सौंपे हैं। सीपी ने राचकोंडा के पुलिस कर्मियों को अपनी महान जिम्मेदारियों का पालन करने और नागरिकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था समाज को शांतिपूर्ण रखने में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाती है।

समाज को अपराध मुक्त रखने में प्रत्येक पुलिस कर्मियों की समान जिम्मेदारी है। सीपी ने उल्लेख किया कि समाज में नागरिकों के सभी वर्गों को दी जाने वाली सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए सभी कार्यात्मक कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का पालन करने की आवश्यकता है।

सीपी ने सभी को याद दिलाया कि अपराध की संभावना को कम करने के लिए तत्काल प्रतिक्रिया और पीड़ितों तक कम समय में जहां पुलिस सहायता की जरूरत है, दो महत्वपूर्ण चीजें हैं। सीपी ने कर्मचारियों को प्रतिक्रिया समय में भी कमी करने का निर्देश दिया और सभी कार्यात्मक ऊर्ध्वाधर अधिकारियों को सभी नागरिकों विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और अन्य कमजोर वर्गों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया। सीपी ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मियों की सराहना की, उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने और अधिक पुरस्कार प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया। अतिरिक्त सीपी जी सुधीर बाबू, डीसीपी क्राइम यादगिरी, डीसीपी मलकाजगिरी रक्षिता के मूर्ति, डीसीपी भोंनगीर नारायण रेड्डी , डीसीपी ट्रैफिक श्रीनिवास, अतिरिक्त डीसीपी एडमिन नर्मदा, डीसीपी क्राइम श्रीनिवास, एसीपी साइबर क्राइम हरिनाथ, एसीपी एलबी नगर श्रीधर रेड्डी, एसीपी सीसीआरबी जगदीश चंदर और राचकोंडा के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सीएम व राज्यपाल ने गणेश चतुर्थी पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव तथा राज्यपाल तामिलसाई सुंदरराजन ने गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सीएम केसीआर ने कहा कि हिंदू समुदाय के लोग भगवान गणेश को सभी शास्त्रों के अधिपति, बुद्धि और ज्ञान के देवता, विघ्नों को दूर करने वाले विघ्नेश्वर के रूप में भक्ति के साथ पूजा करते हैं। सीएम ने कहा कि विनायक चतुर्थी पर्व हमें ज्ञान, लक्ष्य प्राप्ति, नैतिक मूल्य और प्रकृति संरक्षण जैसे गुण सिखाता है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से गणपति नवरात्रि को शान्ति और ख़ुशी साथ मनाने की कामना की। सीएम ने कहा कि कई विघ्नों के बावजूद राज्य सरकार सभी लोगों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए विकास और कल्याण कार्यक्रमों को अमल कर रही है। सीएम केसीआर ने प्रार्थना की कि देश के सभी लोग भगवान एकदंत के आशीर्वाद से बिना विघ्नों के ख़ुशी और शांति की साथ जियें।

## सरकार ने विनायक चतुर्थी उत्सव के लिए सभी व्यवस्थाएं कीं : तलसानी

**मंत्री ने जीएचएमसी अधिकारियों के साथ गणेश उत्सव की व्यवस्थाओं की समीक्षा की**



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पशुपालन और छायांकन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने आज बुद्ध भवन में जीएचएमसी के अधिकारियों के साथ बैठक की और भगवान विनायक के उत्सव के आयोजन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की। बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, श्रीनिवास यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने विनायक चतुर्थी उत्सव के लिए सभी व्यवस्थाएं की हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने लोगों से भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियों से पूजा करने और पर्यावरण के संरक्षण में मदद करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि अकेले राजधानी शहर में गणेश की लगभग छह लाख मिट्टी की मूर्तियों को लोगों को मुफ्त में वितरित किया जा रहा है। मंत्री ने लोगों से शांत और शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस बंदोबस्त की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने गणेश पंडालों के आयोजकों से भी अपील की कि वे अधिकारियों को सहयोग दें और त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में मदद करें।




ELECTION NOTICE

It is hereby informed to all the members of the Maratha Gold & Silver Refiners Multi State Co-operative Ltd., ( Regd. No. L-11015/88/2012-L&M), Secunderabad, Hyderabad District that elections to the Managing Committee is to be held on 16-09-2022 from 08.00 AM to 03.00 PM at H.No.3-2-262, Geetha Bhavan, Naganna Devdi, Near Anjali Theatre, Secunderabad. Nominations will be received on 07-09-2022 from 09.00 AM to 04.00 PM. Scrutiny on 08-09-2022, 11.00 AM onwards. Withdrawal of nominations on 09-09-2022 upto 03.00 PM at the seat of the society. Counting of votes on 16-09-2022 from 3.30 PM onwards.
Date 30.08.2022
Hyderabad

Sd./- T. Venkat Reddy
Election Officer, Ph. 9912801834
for Sd./-
Election Officer
The Maratha Gold & Silver Refiners
Multi-State Co-op. Credit Society Ltd.
Hyderabad

## गले में झूला फंसने से वर्षीय बच्ची की मौत

राजन्ना-सिरकिल्ला, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गंभीररावपेट मंडल में मंगलवार को गलती से झूले के गले में फंस जाने से एक वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार, लड़की के माता-पिता ने उसे सुलाने के लिए रस्सियों से झूला लगाया। जब माता-पिता दूसरे काम में व्यस्त थे, तब वह झूले के पास खेल रही थी। गलती से झूला उसके गले में बंध गया और दम घुटने से उसकी मौत हो गई। लड़की को बिना किसी हलचल के पाकर, माता-पिता ने तुरंत उसे येलारेड्डीपेट मंडल के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## एसबीआई कैशियर ने नकली सोना गिरवी रखकर बैंक को 60 लाख ठगे

रामापुरम, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अन्नामय्या जिले में भारतीय स्टेट बैंक की रामपुरम शाखा के एक कैशियर ने नकली सोना गिरवी रखकर और अपने परिवार के सदस्यों के खातों से पैसे निकालकर कथित तौर पर 60 लाख रुपये से अधिक की ठगी की है। रामापुरम, शेष आंध्र प्रदेश राज्य के अति दक्षिण-पूर्वी भाग में स्थित नवगठित अन्नाम्मय्या जिले में एक मंडल मुख्यालय है। यहां एसबीआई शाखा में कैशियर के रूप में काम करने वाले रविकुमार ने बैंक से पैसे ठगने की साजिश रची और अपने सहयोगियों के सहयोग से अपने परिवार के सदस्यों और कुछ अन्य लोगों के नाम पर 60 लाख रुपये तक के ऋण लेने के लिए नकली सोने के गहने गिरवी रखे। बैंक अधिकारियों ने 15 दिन पहले इसका पता लगाया और रविकुमार को निलंबित कर दिया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# तेलंगाना पुलिस साइबर अपराधों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध : डीजीपी



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस महानिदेशक एम. महेंद्र रेड्डी ने मंगलवार को यहां कहा कि तेलंगाना पुलिस साइबर स्पेस के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों की मदद से राज्य में साइबर अपराध के मामलों को रोकने, दर्ज करने और उनका पता लगाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार साइबर अपराधों और मानव तस्करी में तेलंगाना शीर्ष पर रहने वाली मीडिया रिपोर्टों के जवाब में, उन्होंने कहा कि मीडिया में दिखाई देने वाली रिपोर्ट अपराध की घटना के बारे में सही तस्वीर नहीं दर्शाती है। राज्य में दर्ज साइबर अपराधों और मानव तस्करी विरोधी मामलों की उच्च संख्या को तेलंगाना पुलिस द्वारा ऐसे अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने और अपराध के पीड़ितों को न्याय प्रदान करने के लिए उठाए गए सक्रिय उपायों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। रेड्डी के मुताबिक, इस डिजिटल युग में पूरे देश में साइबर अपराध हो रहे हैं। अधिकांश साइबर अपराधी झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल से देश भर में पीड़ितों को निशाना बनाकर काम कर रहे हैं।

केंद्र सरकार ने विभिन्न पुलिस एजेंसियों और हितधारकों के बीच साइबर अपराध की रोकथाम और पता लगाने के प्रयासों के समन्वय के लिए गृह मंत्रालय (एमएचए) में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना की है। साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 और नेशनल क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) को केंद्र सरकार द्वारा साइबर अपराधों की आसान और त्वरित रिपोर्टिंग की सुविधा के लिए शुरू किया गया है। जून 2021 में, तेलंगाना ने एनसीआरपी और टोल फ्री हेल्पलाइन 1930 का संचालन किया। तब से तेलंगाना पुलिस के समय पर हस्तक्षेप के कारण, साइबर अपराध के कमीशन के बाद साइबर धोखाधड़ी करने वालों के पास 26.6 करोड़ रुपये की राशि को रोका गया है। एमएचए नियमित रूप से सभी राज्यों के साथ इस सुविधा के कामकाज की समीक्षा कर रहा है और ऑनलाइन शिकायतों को एफआईआर में बदलने के निर्देश दिए गए हैं ताकि पीड़ितों को पैसा बहाल किया जा सके और अपराधियों को न्याय दिलाया जा सके। तेलंगाना का 17.52 का प्राथमिकी रूपांतरण प्रतिशत देश में सबसे अच्छा है। प्राथमिकी दर्ज करने से भी अपराधियों की गिरफ्तारी हो सकती है और चोरी हुए धन की वसूली हो सकती है और इस प्रकार पीड़ितों को न्याय मिल सकता है। तथ्य यह है कि तेलंगाना पुलिस पूरे देश में याचिकाओं को एफआईआर में बदलने में पहले स्थान पर है, हालांकि कई अन्य राज्यों में साइबर अपराध ऑनलाइन याचिकाओं की संख्या बहुत अधिक है, जो अपराध को नियंत्रित करने की प्रतिबद्धता की गवाही देती है। सभी राज्यों ने मिलकर देश भर में इस पोर्टल का उपयोग करते हुए 116 करोड़ रुपये को साइबर जालसाजों के पास जाने से रोका है। इसमें से 26.6 करोड़ रुपये अकेले तेलंगाना पुलिस ने रोका है, जो कुल राशि का 23 प्रतिशत है, जो देश में सबसे अधिक है।

तेलंगाना पुलिस ऋण ऐप जालसाजों, केबीसी लॉटरी धोखाधड़ी, आधार सक्षम भुगतान धोखाधड़ी आदि के राष्ट्रव्यापी साइबर अपराध नेटवर्क की पहचान करने और उनका भंडाफोड़ करने में सबसे आगे है। हमने देश भर में पंजीकृत और एमएचए के साथ साझा किए गए 34,000 मामलों से संबंधित लिंक भी खोजे और रिपोर्ट किए हैं।










Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.